आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज
एलडीए में लापरवाही पर एक्शनः बाबू सस्पेंड, उप सचिव को नोटिस...
उत्तर प्रदेश पेजः 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 19 मई, 2025 | पेजः 12 | मूल्यः ₹3.00/- | लखनऊ | वर्षः 16, अंकः 214 | www.janexpresslive.com/epaper



पानी-खून एक साथ नहीं बहेगाः शाह 12

# हैदराबाद-चारमीनार के पास बिल्डिंग में आग, 17 की मौत

## इनमें 8 बच्चे, 10 जख्मी, 15 को बचाया, शॉर्ट सर्किट से दुर्घटना की आशंका

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है। फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6.16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।






### पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया

घटना पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। पीएमओ ने एक्स पर लिखा, हैदराबाद में आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उन्हें संवेदनाएं। घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

### ज्यादातर लोगों की मौत हो गईः प्रभाकर

तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने बताया कि आग सुबह करीब 6 बजे लगी और 6.16 बजे तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई थी। टीम ने सभी को बचाने की कोशिश की, लेकिन आग बहुत तेजी से फैल चुकी थी। उन्होंने बताया कि इमारत में रहने वाले ज्यादातर लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से बात की है और सरकार की ओर से हरसंभव मदद देने का भरोसा दिया है।

### करीब 20 लोगों को अस्पताल ले जाया गया

घटनास्थल पर मौजूद एआईएमआईएम के एक विधायक ने मीडिया को बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार करीब 20 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। सीएमओ की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि घायलों को तुरंत अस्पतालों में भेजने और उचित चिकित्सा सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### महाराष्ट्र के सोलापुर में भी फैक्ट्री में आग लगी

वहीं, महाराष्ट्र के सोलापुर में एमआईडीसी इलाके की एक फैक्ट्री में आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंचीं और आग बुझाई गई। अभी तक जान का नुकसान होने की जानकारी नहीं है।

### चश्मदीद बोला, सभी मृतक एक ही परिवार के

चश्मदीद जाहिद ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि मुख्य दरवाजे से अंदर नहीं जा सके, शटर और दीवार तोड़कर पहली मंजिल पहुंचे, लेकिन सब जल चुका था। फायर ब्रिगेड ने अच्छा काम किया, पर आग तेज थी। सभी मृतक एक ही परिवार के थे, पीछे से कोई रास्ता नहीं था।

### स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म से बुझाई आग

आग बुझाने में आधुनिक फायर रोबोट और ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया गया है। ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म एक बड़ी फायर ब्रिगेड पर लगा होता है। इसमें एक लंबा हाइड्रॉलिक आर्म होता है, जो ऊपर-नीचे और घूम सकता है। इस आर्म के ऊपर एक प्लेटफॉर्म (टोकरी) होती है, जिसमें फायरमैन खड़े होकर ऊंची इमारतों तक पहुंच सकते हैं।

# नीलांश वाटर पार्क ने गोमती नदी पर किया अवैध कब्जा

## तिरंगा महाराज का बड़ा खुलासा, प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल

- गोमती की पुकार, सत्ता के गलियारों तक कब पहुंचेगी?

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



प्रकृति की अमूल्य देन, मां गोमती आज कराह रही है। लखनऊ के गर्भ में बहती यह पवित्र नदी आज मानव लोभ और सत्ता की चुप्पी की भेंट चढ़ती जा रही है। तिरंगा महाराज जी ने रविवार को जो सच उजागर किया, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है।

### गोमती नदी में अवैध दीवार- वीडियो से हुआ बड़ा खुलासा

सोशल एक्टिविस्ट तिरंगा महाराज जी ने एक वीडियो जारी कर दिखाया कि गोमती नदी के भीतर बाकायदा एक लंबी और चौड़ी दीवार बना दी गई है और यह सब नीलांश वाटर पार्क के नाम पर किया गया है। क्या यह दीवार सिर्फ ईंट और पत्थर की है, या इसके पीछे तंत्र और ताज का गठजोड़ भी छुपा है?

### भू-माफियाओं की सरकार को खुली चुनौती

तिरंगा महाराज का आरोप है कि नीलांश वाटर पार्क न सिर्फ गोमती की पवित्र भूमि पर काबिज है, बल्कि खुलेआम पर्यावरणीय नियमों और अदालतों के आदेशों की धज्जियाँ उड़ा रहा है। यह सब एक खुली चुनौती है योगी सरकार और लखनऊ प्रशासन के लिए।

### अधिकारियों पर मुख्यमंत्री को गुमराह करने का आरोप

उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जानबूझकर गुमराह कर रहे हैं। गोमती नदी की पीड़ा को अब तक यदि मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचाया गया, तो क्या यह एक सुनियोजित चुप्पी है?

### सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन की खुली अवहेलना

सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी नदी से 200 मीटर के दायरे में निर्माण कार्य नहीं हो सकता। फिर यह दीवार कैसे और किसके आदेश पर खड़ी कर दी गई?

### जनहित याचिका पर भी नहीं हुई कार्रवाई

तिरंगा महाराज द्वारा दायर की गई जनहित याचिका (मामला संख्या 10/2024) पर उच्च न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिया था कि सर्वे कर कब्जा मुक्त कराया जाए। लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्यों?

### प्रशासन मौन, माफिया बेलगाम

नीलांश वाटर पार्क के मालिक आज भी नदी की गोद में व्यवसाय चला रहे हैं। क्या यह वही लखनऊ है, जो कल तक स्वच्छ भारत और स्मार्ट सिटी का सपना देख रहा था?

### डीएम को सौंपी गई जानकारी अब फैसला प्रशासन के हाथ

तिरंगा महाराज ने लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी को पूरी जानकारी दे दी है। अब सवाल उठता है क्या प्रशासन मां गोमती के आंसुओं को पोंछेगा, या फिर आंखें मूंदे बैठे रहेगा? मां गोमती आज भी बह रही है लेकिन उसकी धारा में अब श्रद्धा नहीं, पीड़ा बह रही है। क्या योगी सरकार उठाएगी सख्त कदम, या जल-जंगल-जमीन का यह बलिदान यूँ ही चलता रहेगा?

# मायावती ने आकाश में फिर से भरी ताकत

## यूपी की सियासत में भी दिखेगा दखल, बिहार चुनाव में होगा आकलन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी में आकाश आनंद की रविवार को दमदार वापसी हो गई। बसपा सुप्रीमो मायावती ने नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया बैठक में आकाश को चीफ नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने की घोषणा की। खास बात है कि इस बार आकाश को अधिक जिम्मेदारी दी गई है। वह देश भर में पार्टी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे। उनका यूपी की सियासत में भी दखल बढ़ेगा। इस दौरान मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने की घोषणा भी की। आकाश आनंद की ताकत का अंदाजा इस चुनाव में भी देखने को मिलेगा। हालांकि बसपा सुप्रीमो ने आकाश को हिदायत दी कि वह पार्टी व मूवमेंट के हित में सावधानी बरतते हुए काम करें। उन्होंने यूपी और उत्तराखंड सरकार पर जनविरोधी रवैया व मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास से ज्यादा विध्वंस से कानून के राज का अभाव हो रहा है। बिजली, पानी, सड़क, सफाई व न्याय पाने की व्यवस्था बदहाल है। बसपा ही लोगों की उम्मीदों की एकमात्र किरण है। उन्होंने कहा कि सरकार जातिवादी व सांप्रदायिक तत्वों पर भी लगाम कसे, जो अपनी विषैली भाषा व हरकतों से माहौल बिगाड़ने में लगे हैं। इसके अलावा महात्मा बुद्ध और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनादर करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए।



### परमाणु ब्लैकमेलिंग नहीं सहना सही कदम

बसपा सुप्रीमो ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए केंद्र सरकार की परिपक्वता और सेना की सराहना करते हुए कहा कि सरकार आतंकी-निरोधक उपाय भी करे, ताकि सिंदूर बचाने का दायित्व निभाया जा सके। पाकिस्तान की परमाणु ब्लैकमेलिंग नहीं सहना उचित कदम है। कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका या अन्य किसी तीसरे पक्ष की दखल स्वीकार नहीं करने की नीति पर अमल करते रहना जरूरी है। सेना ने पाकिस्तान को उसकी भाषा में सबक सिखाया है। अब सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आतंकी घटनाएं किसी भी कीमत पर नहीं होने दे। साथ ही, विदेश सचिव और सेना की महिला अफसर के बारे में अशोभनीय टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री पर सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने सपा के वरिष्ठ नेता द्वारा भी सेना को जाति में बांटने के प्रयास को दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय करार देते हुए कहा कि सेना के पराक्रम को लेकर उल्लास की आड़ में राजनीति नहीं करनी चाहिए।

### बहुजन वालंटियर फोर्स फिर करें एक्टिव

बसपा सुप्रीमो ने पार्टी के कार्यक्रमों में व्यवस्था व अनुशासन आदि के लिए भी अपनी पार्टी के वर्दीधारी बहुजन वालंटियर फोर्स (बीवीएफ) को पहले की तरह ही संगठित करने और इस्तेमाल करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि महापुरुषों के अनादर और दलित उत्पीड़न के मामलों में पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दें और सरकार से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने के प्रयास जारी रखें।

# सेक्सवर्धक दवाओं का जखीरा बरामदः मसाज की आड़ में गंदा धंधा

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

यूपी के बरेली स्थित कर्मचारी नगर तिराहे के पास एक घर में काफी समय से ग्लैक्सी स्पा नाम के मसाज पार्लर की आड़ में सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा था। एसएसपी को मिली सूचना के बाद सीओ तृतीय ने इज्जतनगर पुलिस के साथ छापा मारा तो छह महिलाओं व दो पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया। इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर 13530 रुपये व अश्लील सामग्री बरामद की गई है।

**सभी पर मुकदमा दर्जः** एसएसपी अनुराग आर्य ने सूचना मिलने पर शनिवार रात सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। इज्जतनगर पुलिस ने मिनी बाईपास स्थित घर में छापा मारा। पुलिस ने घर में देह व्यापार कर रहे दो युवकों व छह महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

**शौक पूरे करने के लिए करती हैं ये कामः** सीओ ने पूछताछ की तो महिलाओं ने बताया कि वह अपने शौक पूरे करने के लिए यह गलत काम करती हैं। मसाज के नाम पर ग्राहक को बुलाते हैं फिर एक हजार रुपये से लेकर दो हजार रुपये तक वसूलते हैं।

# नंदलाल बगिया में 82 अवैध रो हाउसिंग का खुलासाः लविप्रा प्रवर्तन जोन-5 की कार्यशैली पर उठे सवाल, जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राजधानी के अयोध्या मार्ग स्थित गणेशपुर-रहमानपुर क्षेत्र में नंदलाल बगिया नामक कॉलोनी में लखनऊ विकास प्राधिकरण (लविप्रा) की प्रवर्तन शाखा की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यहां बिना किसी स्वीकृत मानचित्र या लेआउट के 82 अवैध रो हाउसिंग यूनिट्स का निर्माण किया गया है, जिनमें से अब तक केवल 14 भवनों पर औपचारिक सीलिंग की कार्यवाही की गई है, जबकि 68 निर्माणों को अब भी संरक्षण मिला हुआ है। यह मामला तब और गरमाया जब पत्रकार सुरक्षा महासमिति के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री अनुभाग-2 सहित प्रमुख सचिव, आवास विभाग को इस संबंध में लिखित शिकायत भेजी। उन्होंने लविप्रा के प्रवर्तन जोन-5 के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### जनता के हितों पर सीधा प्रभाव

शिकायत में चेतावनी दी गई है कि यदि ये निर्माण कार्य इसी तरह चलते रहे और बाद में इन्हें अवैध घोषित कर ध्वस्त किया गया, तो सबसे अधिक नुकसान उन निर्दोष नागरिकों को होगा, जो अपनी जीवनभर की पूंजी इन आवासों में निवेश कर चुके होंगे।

### प्रशासनिक मिलीभगत या निष्क्रियता?

प्रवर्तन जोन-5 की निष्क्रियता को लेकर यह आशंका भी जताई गई है कि कहीं यह सब सुनियोजित ÷संरक्षण और कमाई÷ की योजना का हिस्सा तो नहीं, जिसमें संबंधित अधिकारी और निर्माणकर्ता एक दूसरे के सहयोगी बने हुए हैं।

### जनहित में मांग

पत्र में प्रमुख सचिव से अपील की गई है कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय व कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही बचे हुए 68 अवैध निर्माणों पर तत्काल ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाए।



### प्रमुख आरोप व तथ्य

- **बिना स्वीकृति के निर्माणः** सभी 82 रो हाउस किसी भी अधिकृत नक्शे या लेआउट के अनुमोदन के बिना खड़े किए गए हैं।
- **विहित प्राधिकारी का आदेश भी निष्प्रभावीः** वाद संख्या 115/2024 में पारित आदेश के बावजूद केवल 14 यूनिट्स पर ही सीमित कार्रवाई हुई, बाकी निर्माणों को अघोषित संरक्षण मिला है।
- **जोनल अधिकारी पर लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोपः** शिकायतकर्ता के अनुसार अधिकारी न तो फोन उठाते हैं, न ही शासन के निर्देशों का पालन करते हैं।
- **राजस्व वसूली नहीं, संरक्षण की प्रवृत्तिः** अवैध निर्माणकर्ता अपील का सहारा लेकर समय खरीद रहे हैं और अधिकारी उन्हें मौन समर्थन दे रहे हैं।
- **फर्जी पत्रकारों का संरक्षणः** कुछ कथित पत्रकारों की शह पर यह निर्माण कार्य जारी है, जिससे वास्तविक कार्रवाई टल रही है।

### प्रमुख जांच योग्य बिंदु

1. क्या इन रो हाउसिंग का कोई वैध लेआउट लविप्रा से स्वीकृत है?
2. सीलिंग व ध्वस्तीकरण में देरी के लिए कौन जिम्मेदार हैं?
3. क्या विहित प्राधिकारी को नियमित रिपोर्ट भेजी गई?
4. उच्चाधिकारियों को अवैध निर्माण की जानकारी दी गई थी या नहीं?

# केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आदि कैलाश के किए दर्शन

## *चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित गुंजी गांव में सीमाओं के रक्षक जवानों से मिले केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा

**जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड**

- आपकी निष्ठा से देश सुरक्षित महसूस करता हैः जेपी नड्डा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री
- गुंजी में पारंपरिक अंदाज़ में हुआ स्वागत, जवानों के साथ बिताया समय
- केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा करेंगे आदि कैलाश के दर्शन,गुंजी गांव में होगा रात्रि विश्राम
- दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचने पर मुख्यमंत्री धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का किया स्वागत

**गुंजी/पिथौरागढ़।** चीन सीमा से सटे गुंजी गांव पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भारतीय सेना, आईटीबीपी और एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। उन्होंने जवानों की बहादुरी और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा, ÷आप जैसे वीरों के कारण ही देशवासी स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और आपकी निष्ठा के लिए देश आपका ऋणी है। केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा के दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचने पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने भी स्वागत किया। पूर्वाह्न 11:45 बजे गुंजी पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने रंग संस्कृति की पगड़ी पहनाकर नड्डा का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। इसके बाद वे आर्मी गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने सीमाओं की सुरक्षा में तैनात जवानों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली, उपकरणों और चुनौतियों की जानकारी ली। उन्होंने मिष्ठान्न साझा कर जवानों का उत्साहवर्धन भी किया।





### वाइब्रेंट विलेज योजना की प्रगति का लिया जायजा

इसके बाद जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी द्वारा वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत पिथौरागढ़ जनपद में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि सभी विकासखंडों में कार्य तेजी से हो रहे हैं। एक खास पहल के तहत आईटीबीपी और स्थानीय पशुपालकों के सहयोग से उच्च गुणवत्ता वाली पोल्ट्री की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### प्रमुख उपस्थिति

इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित सेना, आईटीबीपी, एसएसबी के वरिष्ठ अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरकार हर स्थिति में जवानों के साथ-जेपी नड्डा

जेपी नड्डा ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार हर परिस्थिति में सैनिकों के साथ खड़ी है और उन्हें आवश्यक संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

# 'गौशाला नहीं, श्मशान है कुटरा की गौशाला, कब जागेगा प्रशासन ?'

जन एक्सप्रेस। कालपी/जालौन

**गौमाता** की जय-जयकार करने वाला तंत्र आज अपने असली चेहरे के साथ बेनकाब हो चुका है। जनपद जालौन के महेवा ब्लॉक अंतर्गत कुटरा गौशाला इस वक्त चर्चा में है, लेकिन सेवा-संरक्षण की वजह से नहीं, बल्कि दरिंदगी, लापरवाही और अमानवीयता की वजह से। शिकायतकर्ता आदित्य द्विवेदी के अनुसार, कुटरा गौशाला एक जीवित नरक बन चुकी है। जहाँ ताले जड़े होते हैं, गायें भूख-प्यास से दम तोड़ती हैं, और मृत गायों को सम्मान नहीं, बल्कि खेतों में फेंककर गलने-सड़ने के लिए छोड़ दिया जाता है। हड्डियों की फसल-खेतों में पसरी हुई लाशों की कहानी। आदित्य जब खुद मौके पर पहुँचे तो जो देखा, वो रूह कंपा देने वाला था-गौशाला के पीछे एक खेत ऐसा लगा मानो वहाँ अनाज नहीं, हड्डियों की फसल उगी हो। 40 से 50 मृत गायों के कंकाल जगह-जगह बिखरे थे। कोई व्यवस्था नहीं, कोई संवेदना नहीं। स्थानीय लोगों ने नाम न बताने की शर्त पर जो कहा, वो और भी शर्मनाक है। **यहाँ जीवित गायों से लेकर मरे हुए जानवरों तक, किसी की भी इज्जत नहीं है। सिर्फ पैसा खाया जा रहा है, सेवा तो सिर्फ दिखावा है।**



भूख से तड़पती गायें, खेतों में बिखरी हड्डियों की फसल

### तनखाह घर बैठे, प्रधान से सवाल मत पूछो!

**कालपी।** गायों की देखभाल के लिए कर्मचारी नियुक्त हैं, लेकिन वे कभी गौशाला में दिखते नहीं। घर बैठे तनख्वाह उड़ाई जा रही है। और अगर कोई इस लापरवाही पर सवाल उठाए, तो ग्राम प्रधान सम्मान की आड़ में मुंह बंद करा देते हैं। शिकायतकर्ता के पास पूरे मामले के फोटो, वीडियो और पुख्ता साक्ष्य हैं, जो उन्होंने उच्चाधिकारियों को सौंपे भी हैं। अब देखना ये है कि प्रशासन इस सड़ांध को खत्म करने का हौसला दिखाता है या इसे भी राजनीतिक चुप्पी की चादर में लपेट दिया जाएगा। गौमाता भूख से तड़प-तड़प कर मर रही है, और जिम्मेदार कुर्सियों पर आराम से बैठे हैं। अब सवाल जनता का है-क्या यही है योगी सरकार की गो-सेवा? क्या यही है 'गौशाला' का सच?

# प्रदेश अध्यक्ष ने किया आकांक्षा स्टोर का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



महिलाओं व उनके जीवन को सशक्त करने के उद्देश्य से रविवार को उत्तर प्रदेश आकांक्षा समिति की अध्यक्ष रश्मि सिंह, सचिव प्रतिभा सिंह, उपाध्यक्ष प्रीति चैधरी, संयुक्त सचिव उषा सिंह, सचिव युवा शाखा साध्वी सिंह, संभागीय प्रमुख पूजा सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ तनुषा टीआर व उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू ने धर्मनगरी के परिक्रमा मार्ग में आकांक्षा स्टोर का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस स्टोर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं का विक्रय किया जाएगा। जिससे महिलाओं को लाभ मिले तथा वह सशक्त हो सकें।

कार्यक्रम में आकांक्षा समिति की प्रदेश अध्यक्ष रश्मि सिंह ने कहा कि आकांक्षा स्टोर में महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं की बिक्री की जाएगी। इससे स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन समूह से जुड़ी महिलाओं को फायदा होगा। कहा कि महिलाओं को उनके हाथ से बनी वस्तुओं का सही मूल्य नहीं मिलता है। ऐसे में आकांक्षा स्टोर उनके कारोबार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ तनुषा टीआर ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्थापित लघु उद्योग, कुटीर उद्योग के माध्यम से काम कर रही महिलाओं को आकांक्षा समिति की आईएएस ऑफिसर की धर्मपत्नियों द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है। कहा कि आकांक्षा समिति के सहयोग लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने सामान को लेकर आगे आए तथा आकांक्षा स्टोर पर बेंचे। कहा कि समिति का उद्देश्य है कि महिलाओं द्वारा निर्मित सामान की ज्यादा से ज्यादा बिक्री हो, जिससे लाभ मिल सके। इस मौके पर जिला दिव्यांग अधिकारी प्रियंका यादव, जिला मत्स्य अधिकारी भानु चंद्रा, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिलाखण्डों में प्रागैतिहासिक युगीन शैल चित्रों के प्रमाण: संग्राम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जनपद के मानिकपुर तहसील का दक्षिणी इलाका प्रागैतिहासिक शैल चित्रों की दृष्टि से बहुत समृद्धशाली है। मानिकपुर के कल्याण गढ़ से लगभग आठ किमी दूर अमवा ग्राम सभा में धारकुंडी आश्रम के पास जंगल में जुगनी हाई का पथरी दाई स्थल है, जहां थोड़ी-थोड़ी दूर में स्थित पांच शिलाखंडों में प्रागैतिहासिक युगीन शैल चित्रों के प्रमाण मिलते हैं।

इतिहासकार डॉ संग्राम सिंह ने प्रत्यक्ष अवलोकन के आधार पर बताया कि यहां के प्रागैतिहासिक शैल चित्र हेमेटाइट प्रकार के हैं जो गेरुआ रंग के हैं। अधिकांश खुले शिलाखंड के नीचे हैं और ऊपर से छतरीनुमा सुरक्षित बड़ी चट्टान है। धूप और पानी से सुरक्षित सघन जंगली इलाके में होने के कारण लोग नहीं पहुंच पाते हैं। इन चित्रों में ज्यादातर जंगली पशुओं का अंकन दृष्टिगोचर होता है। एक बडी शिला में एक साथ लगभग आधा सैकड़ा जंगली पशुओं तथा मानव चित्रों के साथ उनके क्रियाकलापों का निरुपण दर्शित है। वस्तुतः यहां के प्रागैतिहासिक शैल चित्रों का वर्णविषय तत्कालीन मानवीय गतिविधियों का निरुपण है। विंध्य क्षेत्र में सर्वप्रथम प्रागैतिहासिक शैल चित्रों की खोज का श्रेय आर्चीवाल्ड और जान ककवर्ण को दिया जाता है। प्रोफेसर डी एच गार्डन ने प्रीहिस्टोरिक बैकग्राउंड ऑफ इंडियन कल्चर पुस्तक में प्रागैतिहासिक युगीन शैल चित्रों के विषय में विवरण प्रस्तुत किया है। ककवर्ण ने अपने शोध का सचित्र वैज्ञानिक विवरण एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल के जर्नल में सन 1883 में प्रकाशित किया था। जिसमें वर्णित अमवा से मिले प्रागैतिहासिक शैलचित्र आज भी सुरक्षित है। इस अनुसंधान दल में इतिहासकार डॉ संग्राम सिंह सहित एकेएस विश्वविद्यालय के बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बीडी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय कालूपुर पाही डॉ यशवंत सिंह सहित धारकुंडी वन क्षेत्र के कर्मचारी शामिल है।

# शादी समारोह की हर्ष फायरिंग में चार घायल, तीन रेफर



जन एक्सप्रेस। उरई

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के नियामतपुर में दृष्टा गेस्ट हाउस में शादी समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में चार लोग घायल हो गए।जिनमें तीन की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।बताया गया कि सिकरी रहमानपुर निवासी महेंद्र पाल सिंह चौहान की पुत्री की शादी थी। जिसका कार्यक्रम शनिवार रात को नियामतपुर स्थित दृष्टा गेस्ट हाउस में चल रहा था।बताया गया कि देर रात करीब एक बजे लगन समारोह के दौरान रिश्तेदार डैनी ने अपनी बंदूक से फायरिंग कर दी। दोनाली बंदूक से निकली गोली ने चार लोगों को घायल कर दिया। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया और पुलिस को बगैर सूचना दिए रिश्तेदार घायलों को जिला अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सों ने उपचार करने से मना कर दिया, इसके बाद सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही थाना अध्यक्ष राजीव कुमार वैश्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। इधर गोली लगने से घायल हुए चार लोगों में तीन की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। घायलों के परिवार वालों ने घटना की नाम जब तहरीर पुलिस को दी। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डैनी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# पत्नी ही निकली पति की हत्यारिन गला दबाकर सुलाया मौत की नींद

जन एक्सप्रेस। उरई

एट थाना क्षेत्र के ग्राम गिरथान में संदिग्ध हालत में मिले युवक के शव के मामले से पुलिस ने पर्दा उठा दिया। जिसमें पत्नी ही निकली पति की हत्यारिन जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। एट थाना क्षेत्र के ग्राम गिरथान में बीती 13 मई की रात को मोंटी पाल पुत्र मंगल सिंह की संदिग्ध हालत में मौत हुई थी। जिसका शव घर के पीछे बाड़े में पडा मिला था। मृतक के सिर और चेहरे व गले में चोट के निशान होने के कारण परिजन अनहोनी की आशंका जाता रहे थे।वहीं मृतक के पिता मंगल सिंह ने 15 मई को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उन्होंने अपनी बहू के ऊपर हत्या करने का आरोप लगाया था। वही पुलिस ने भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी। बल्कि पुलिस ने तहरीर पर पत्नी शिवानी को हिरासत में लिया और कड़ी पूछताछ की। कड़ाई से की गई पूछताछ में पत्नी शिवानी ने बताया कि उसका पति मोटी रात को नशे में आया था और हम दोनों में कहासुनी हो गई थी। जिस पर मैंने पति का गला दबा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया की 1 साल से हमारे सचिन से संबंध है। वहीं थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जब मृतक के गले में चोट के निशान मिलने पर जांच की गई, तो गला दबाकर हत्या की बात सामने आई थी। पूछताछ के बाद पत्नी शिवानी ने हत्या को कबूल किया।

### भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री को राजकीय शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में जिला इकाई ने भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह को नियम विरुद्ध खंड शिक्षा अधिकारियों के कोटा के पदोन्नति के सम्बन्ध में रोष जताते हुए ज्ञापन दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने संगठन मंत्री को शिक्षकों की पीड़ा शासन स्तर तक पहुँचाने तथा समुचित कार्यवाही की मांग की । इस पर संगठन मंत्री से कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक आनन्द शुक्ल, राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामकेश, प्रांतीय संयुक्त मंत्री अनिल कुमार, डॉ सनत कुमार द्विवेदी, प्रदीप नारायण शुक्ल, जिला मंत्री प्रमोद पाल, कुमार, लवकुश सिंह, पुरुषोत्तम प्रजापति, रमेश वर्मा, अजय कुमार त्रिपाठी, अलख निरंजन सिंह, विनोद कुमार, नरेन्द्र कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

### चोरी की घटना का खुलासा कर सामान सहित चोर को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक चोर को चोरी के एक कूलर व तीन सिलिंग फैन के साथ गिरफ्तार किया। कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीते गुरुवार को राममिलन सिंह निवासी चन्द्रगहना कोतवाली कर्वी ने कोतवाली में सूचना दी कि अज्ञात चोर ने न्यायालय परिसर में उनके चैम्बर से कूलर व सिविल जज एफटीसी के चैम्बर के सामने लगे तीन पंखे व एक फ्रीजर कम्प्रेसर चोरी कर लिया है। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# अपराध नियंत्रण के मामले में बसपा सरकार का कार्यकाल था सबसे अच्छा: शिवबाबू

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय स्तर की बैठक से लौटने के बाद बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सत्ताधारी लोगों और सरकारी मशीनरी के जनविरोधी रवैये के कारण लोग परेशान हैं। ऐसे में जनता को उम्मीद की किरण के रूप में केवल बीएसपी ही नजर आ रही है। बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा मुखिया मायावती ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध चलाए ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना की सराहना की है। साथ ही आतंक के विरुद्ध ठोस व प्रभावी उपाय करने की मांग की है। जिससे देश के लोगों को महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी से मुक्ति दिलाकर विकसित भारत की जन आकांक्षाओं की लक्ष्य प्राप्ति की ओर देश का ध्यान केन्द्रित हो सके। उन्होंने कहा कि तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जैसे महापुरूषों का अनादर समाज में द्वेष व वैमनस्य फैलाएगा। ऐसी घटनाओं को राज्य सरकारों को सख्ती से रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि खासतौर से उत्तर प्रदेश में काननू के राज के अभाव के कारण अपराध बढ़ रहे है। इसके अलावा आम जनता बिजली, पानी, सड़क, सफाई, अस्पताल व स्कूल की बदहाली से परेशान है। अब जनता मान रही है कि उत्तर प्रदेश की सत्ता बसपा मुखिया मायावती के हाथों में आने के बाद ही पूरे प्रदेश का समुचित विकास होगा और कानून व्यवस्था का राज होगा। ऐसे में बसपा कार्यकर्ता तन, मन, धन के साथ पार्टी को मजबूत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बसपा मुखिया मायावती के नेतृत्व में सफलता हासिल करेंगे।

# आयोग के सदस्य ने गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशो को खिलाया गुड़

जन एक्सप्रेस। कालपी



गौवंशों की सेवाओं की हकीकत परखने के लिये एसडीएम सुशील कुमार सिंह के साथ उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के सदस्य जनसेवक राजेश सिंह नूरपुर ने कालपी के नगरीय क्षेत्र की गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। साथ ही जिम्मेदारों को उचित व्यवस्था बनाए रखने के लिये निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गौवंशो को गुड़ खिलकर सेवा की।

पालिका के राजस्व निरीक्षक राम भुवन, एसडीएम सुशील कुमार सिंह गौभक्तों के साथ गौसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह नूरपुर के द्वारा नगर पालिका द्वारा संचालित आलमपुर गौ आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने गर्मी में गौवंशो से बचाव के उपायो को देखा तथा पानी की टंकी,भूसा, चारा की हकीकत परखी। गौशाला में 223 गोवंश वर्तमान समय मौजूद है। जिनके संरक्षण के लिए पालिका के द्वारा पांच कर्मचारियों की तैनाती की गई है। आयोग के सदस्य ने मौके पर मौजूद राजस्व निरीक्षक/प्रभारी राम भुवन सिंह को निर्देश दिया के गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गौवंशी के लिए छाया के पुख्ता इंतजाम निरंतर रखें जाये। साथ ही हरे चारे की व्यवस्था की जाए तथा गौवंशो को शुद्ध पानी की व्यवस्था होनी आवश्यक है। इस दौरान राजेश तिवारी तरीबुलदा, हर्षित खन्ना आदि गौभक्तों की मौजूदगी रही।

# भुजा की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है भुज बल्ली शक्ति विकासक योग क्रिया: योगाचार्य

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला मुख्यालय के कुबेर गंज कर्वी निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने भुजबल्ली शक्ति विकासक क्रिया का अभ्यास कराते हुए बताया कि इस योग से छाती, भुजाओं और कंधों की मांसपेशियों जैसे बायसेप्स (बांह को मोड़ने वाली), ट्राइसेप्स (बांह को सीधा करने वाली), फोरआर्म (हाथ का निचला हिस्सा जो घूमाने, उठाने, पकड़ने में मदद करने वाली) मांसपेशियां, पेक्टोरलिस (छाती), डेल्टॉइड (हाथ को शरीर के धड़ से जोड़ने वाली, भुजाओं को अलग-अलग दिशा में घूमाने वाली), रॉमबॉइड (कंधों के स्थिरीकरण के लिए) आदि को सक्रिय और मजबूत बनाता है।



बताया कि इस योग के नियमित अभ्यास से शरीर की ऊपरी बनावट पुष्ट, मजबूत, सुडौल और सुंदर बनती है। इस योग में हाथों की निरंतर गति के कारण कंधों के जोड़ लचीले और चिकनाई युक्त रहते हैं और शरीर की जड़ता को दूर करके ऊर्जा में सुधार आता है, साथ ही मन तथा शरीर में उत्साह की वृद्धि करता है। यह व्यायाम बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बहुत ही उपयोगी है क्योंकि बच्चों के जोड़ और मांसपेशियों को सक्रिय करता है और बढ़ती उम्र में शरीर के जोड़ों, हड्डियों और मांसपेशियों में सक्रियता, लचीलापन, मजबूती, ताजगी और उत्साह बनाए रखता है। भुजबल्ली घुमाव (फोरआर्म रोटेशन) से और इससे जुड़े अन्य व्यायाम भुजाओं, छाती और कंधों के तनाव ग्रस्त मांसपेशियों को ढीला, गर्म और लचीला करके तीव्र या स्थूल आसनों या व्यायाम के लिए तैयार करता है।बताया कि इस योग को करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं, ध्यान कंधों और भुजाओं पर रखते हुए इसे दो भागों में करते हैं। प्रथम भाग में बाएं हाथ को कोहनी से बिना मोड़े सांस भरते हुए बाजू से होते हुए ऊपर सीधा इतना उठाते हैं कि भुजा कान से सट जाए व कर पृष्ठ सिर की तरफ रहे और सांस छोड़ते हुए वापस लाते हैं, इस क्रिया को 10 बार दोहराते हैं। यही क्रिया दाएं हाथ के द्वारा करते हैं। दूसरे भाग में दोनों हाथों को एक साथ सांस भरते हुए कोहनी से बिना मोड़ें ऊपर इतना उठाते हैं कि दोनों भुजाएं कानों को स्पर्श करने लगें व दोनों कर पृष्ठ आमने-सामने सिर की ओर रहें और सांस छोड़ते हुए उसी तरह दोनों हाथों को नीचे लाते हैं। इस क्रिया को निरंतर 10 बार दोहराते हैं। अंत में शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हुए भुजाओं और कंधों में हुए परिवर्तनों का अनुभव करते हैं। सावधानी के तौर पर कंधों या हाथ में चोट की दशा में इसे संभल कर धीरे-धीरे करना चाहिए।

### खाने के पैसे मांगने पर हमलावरों ने रेस्टोरेंट में की तोड़फोड़, वेटरों को पीटा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन बाईपास पर स्थित देशी रसोई रेस्टोरेंट पर खाने के पैसे मांगने पर दबंगों ने तोड़फोड़ करते हुए बेटरो के साथ मारपीट कर दी ।इतना ही नहीं बल्कि संचालक को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। शहर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी हेमेंद्र शर्मा का जालौन बाईपास पर देशी रसोई के नाम से रेस्टोरेंट है ।जहां शनिवार शाम को कुछ लड़के खाना खाने आए और खाना खाने के बाद बिल का पेमेंट किए जा रहे थे। जिन्हें स्टाफ ने उनको बिल अदा करने को कह दिया। बस फिर क्या था यह बात उन लड़कों को इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने के साथ स्टाफ से मारपीट कर दी। घटना से रेस्टोरेंट में हड़कंप मच गया और आरोपी युवक रेस्टोरेंट संचालक को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले ।फिलहाल संचालक ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है ।तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# अखिल भारतीय कोली-कोरी समाज के नवनियुक्त सचिव का हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



अखिल भारतीय कोली-कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष भगवानदास शंखवार ने जिला मुख्यालय कर्वी के निवासी चन्द्रभान सिंह कोटार्य को उत्तर प्रदेश इकाई का सचिव नियुक्त किया है। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए समर्पण भावना के साथ काम करने को कहा है।

यह पहली बार यह हुआ है कि जब जनपद के किसी व्यक्ति को प्रदेश की कार्यकारणी में शामिल किया गया हो। संगठन से जिम्मेदारी मिलने के बाद जनपद आगमन पर उत्तर प्रदेश इकाई सचिव चन्द्रभान कोटार्य का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। साथ ही बनवारीपुर मोड में कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें नवनियुक्त प्रदेश इकाई सचिव ने सब को साथ को लेकर आगे चलने की रणनीति तैयार की। इस मौके पर निर्भय कोटार्य, शिक्षक मानवेंद्रनाथ, शिक्षक रामसिया, डॉ सुदाम प्रसाद, चुन्नीलाल, संजय कोटार्य, अरविंद कुमार, स्नेहलता, अध्यापिका गीता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सम्मेलन में छह जोड़ों ने परिचय के बाद लिया विवाह का निर्णय

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




दृष्टिबाधित जनो के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत सामाजिक संस्था दृष्टि में रविवार को अखिल भारतीय दिव्यांग जन विवाह के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें परिचय के बाद छह जोड़ों ने विवाह का निर्णय लिया।

कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने कहा कि 30 वर्षों से कार्यरत यह संस्था दृष्टिबाधित दिव्यांगों के व्यक्तित्व विकास के लिए सभी पहलुओं पर कार्य कर रही है। बताया कि परिचय सम्मेलन कार्यक्रम के तहत दृष्टिबाधित दिव्यांगों के पारिवारिक जीवन को बसाने के लिए परिचय करवाकर उनका विवाह भी करवाया जाता है। बताया कि संस्था के स्थापना काल से अब तक 200 दृष्टिबाधित दिव्यांग जोड़ों का सफल विवाह कराया जा चुका है। वर्तमान समय में वह जोड़े अपने बाल बच्चों सहित सुखद जीवन व्यतीत कर रहे है। बताया कि परिचय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखण्ड, छत्तीसगढ, राजस्थान, हरियाणा व पश्चिम बंगाल से 85 लडके एवं 30 लडकियां शामिल हुईं। जिनमें कई सरकारी नौकरी वाले भी थें। इस परिचय सम्मेलन में छह जोड़ो ने विवाह का निर्णय लिया। साथ ही अन्य ने विचार के लिए समय लिया। परिचय सम्मेलन में आये सभी प्रतिभागियों के लिए संस्था द्वारा ठहरने सहित भोजन आदि की निःशुल्क व्यवस्था की गई।

इस मौके पर संस्था के सदस्य जवाहर लाल पटेल, कोषाध्यक्ष पीडी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रधानाचार्या वर्षा गुप्ता, समाजसेवी सुषमा सिंह, सिद्धार्थ गुप्ता, अनूप गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद, सुधांशु शुक्ला, अजय मिश्रा, अरूण कुमार, बसंत लाल, रमा शुक्ला, अंजूसा जायसवाल, पंकज दुबे आदि मौजूद रहे।




### नगर निगम के खिलाफ़ लामबंद हुई जनता...

नगर निगम द्वारा किए गए चार गुना हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में अब आम जनता खुलकर सामने आ गई है। नगरायुक्त और निगम प्रशासन शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व बढ़ाने के नीति को जनता के ऊपर भार बढ़ाकर पूरे करने की कवायद में लग गया है... पढ़ें पेज 12 पर...

# एलडीए में लापरवाही पर एक्शन: बाबू सस्पेंड, उप सचिव को नोटिस, एक को प्रतिकूल प्रविष्टि

- दबंग बिल्डरों के आगे बौना साबित हो रहा एलडीए, जोन-7 बना मनमानी का अड्डा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में लापरवाही और आदेशों की अवहेलना पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है।

कनिष्ठ लिपिक अशोक कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह को कारण बताओ नोटिस और पूर्व कनिष्ठ लिपिक हरिनाम रावत को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

### न शिकायत का संज्ञान, न आयोग में उपस्थिति

मामला जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-2 में लंबित विनीत खंड की संपत्ति से जुड़ा था, जिसकी शिकायत मो. नसीम ने की थी। एलडीए ने अधिवक्ता श्रुति साहू को आयोग में पैरवी के लिए नामित किया, लेकिन न तो बाबुओं ने जानकारी दी, और न ही सुनवाई में कोई हाजिर हुआ। परिणामस्वरूप आयोग ने प्राधिकरण की कार्यशैली पर सवाल उठाए, और अब प्रशासन ने इस लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया है।

### सीएम के आदेशों को नजर अंदाज़ कर रहा एलडीए?

जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अवैध निर्माण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर दे रहे हैं, वहीं एलडीए जोन-7 में खुलेआम आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। थाना चौक क्षेत्र के अंतर्गत चौपटिया चौराहे पर अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भूखंडों के धंसने से जान-माल का खतरा बना रहता है, लेकिन एलडीए के अवर अभियंता मूकदर्शक बने हुए हैं।

### क्या दबंग बिल्डरों के सामने बेबस है एलडीए?

सूत्रों की मानें तो जोन-7 में रसूखदार बिल्डरों की पकड़ इतनी मजबूत है कि एलडीए अधिकारी कार्रवाई से कतराते हैं। अब सवाल उठता है कि क्या इस 'बड़े खेल' में कुछ अंदरूनी मिलीभगत भी है?

### सवाल ये है... जवाब कौन देगा?

- क्या एलडीए सिर्फ नोटिस भेजकर खाना पूर्ति करेगा?
- क्या मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद अवैध निर्माण पर कोई सख्त कदम उठाया जाएगा?

### क्या जोन-7 के जिम्मेदार अधिकारियों की जांच होगी?

जनता अब जवाब मांग रही है और चाहती है कार्रवाई कागज़ी खानापूर्ति। अब देखना होगा, एलडीए इन दबंग बिल्डरों पर कार्रवाई करता है या सिर्फ नोटिस भेज कर इतिश्री कर लेता है।

### अवर अभियंताओं की भूमिका पर उठे सवाल

क्या एलडीए जोन-7 में तैनात अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति के लिए तैनात हैं? क्या उनके सामने दबंग बिल्डर इतने ताकतवर हो गए हैं कि प्रशासनिक अमला भी कार्रवाई से बचता है?


## जनता दल (से.) के प्रदेश कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



जनता दल सेक्युलर(उ.प्र.) के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जनता दल ( सेक्युलर ) के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह ने संगठन के नेताओं में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का देश के विकास एवं प्रगति में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे स्वस्थ एवं दीर्घायु हों और अपने अनुभवों से राष्ट्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देते रहें। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव हवलदार पांडेय ने पूर्व पीएम देवगौड़ा को राष्ट्रीय एकता की दीवार बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दक्षिण भारत में क्षेत्रीयता को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय एकता को खंडित करने की साजिश हो रही है तब देवगौड़ा जी के संघर्षों के विरासत राष्ट्रीय एकता का मार्ग प्रशस्त कर रही है। इंजीनियर संघ के अध्यक्ष योगेंद्र उपाध्याय ने बेंगलुरु को भारत की सिलिकॉन वैली का गौरव दिलाने में पूर्व पीएम देवगौड़ा की भूमिका और उनके विजन की सराहना की। इस मौके पर पार्टी के राधेश्याम पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष, वीरेंद्र पटेल प्रदेश सचिव, दीपक पाण्डेय प्रदेश महामंत्री, बीके चौधरी मीडिया प्रभारी यूपी/बिहार, हवलदार पाण्डेय प्रदेश महासचिव, राजेश सिंह प्रदेश महामंत्री, वेदप्रकाश शास्त्री प्रवक्ता, युवा जनता दल एस प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक जनता दल बसीम अहमद, विमलेश कुमार, महिला जनता दल एस शान्ति प्रजापति, श्रीमती उजमा, कार्यालय प्रभारी राम प्रसाद निषाद, डीयर खान, दीपक गुरनानी, रियाज्जुदीन, गया प्रसाद कफनधारी, जयप्रकाश पाण्डेय वरिष्ठ पत्रकार, ब्रज भूषण सिंह, पतिराज पूर्व प्रधान, नामवर सिंह, इंजीनियर संघ के अध्यक्ष योगेंद्र नाथ उपाध्याय, अवधेश सिंह बक्सर तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आयुष मंत्री से मिले राज्य सूचना आयुक्त



- भेंट की अपनी पुस्तक शुक्रनीति में राजनीति

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु,से मुलाकात की। इस अवसर पर सूचना आयुक्त ने अपनी पुस्तक शुक्रनीति में राजनीति उनको भेंट की। इस पुस्तक में भारतीय ज्ञान परम्परा के व्यापक आयाम को रेखांकित किया गया है। हमारे मनीषियों ने राज्य और राजनीति से संबंधित विषयों को भी धार्मिक आधार पर निरूपित किया था। इसका कारण यह था कि समाज में आदर्श व्यवस्था को स्थापित करना चाहते थे। इसलिए पाश्चात्य सभ्यता और सभ्यता के पक्षकारों को इसमें राजनीतिक चिंतन का अभाव दिखाई देता है। भोगवादी संस्कृति के अनुयाई भारतीय चिंतन की व्यापकता को समझ भी नहीं सकते। राज्य व्यवस्था अमर्यादित दोहन के लिए नहीं है। इसी प्रकार राजनीति केवल भौतिक उपलब्धियों के लिए नहीं है। हमारे यह मानव के समग्र विकास को महत्व दिया गया। इस विकास को नीति और न्याय संगत बनाने पर भारतीय मनीषियों ने बल दिया। शुक्रनीति इसी का प्रमाण है। इसमें श्रेष्ठ राजनीतिक चिंतन है। राज्य व्यवस्था का सुदृढ़ विचार है। शुक्रीनीति में राजनीति और राजव्यवस्था को धर्म पर आधारित किया गया। इसमें उपासना पद्धति को महत्व नहीं दिया गया। शुक्राचार्य शासन और जनता को धर्म की ओर लें जाना श्रेयस्कर मानते है।नीति का निहितार्थ ही प्रज्ञा को धर्म की ओर ले जाना है।

## डीएनए की राजनीति में उलझे नेता, जनता पूछ रही है, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य कहां हैं?

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की सियासत इन दिनों डीएनए की जाँच में उलझी हुई है। समाजवादी पार्टी और उसके बागी नेता के बीच शोशल मिडिया पर आरोप-प्रत्यारोप की ऐसी जंग छिड़ी है जिसमें शब्दों की मर्यादा तो टूटी ही है, जनहित के मुद्दे भी कहीं गुम हो गए हैं। पूर्वांचल के पूर्व समाजवादी नेता पूर्व विधायक ओमप्रकाश दूबे बाबा ने अपने फेसबुक पेज पर समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला करते हुए कहा, समाजवादियों के डीएनए में गुंडागर्दी है। इसके जवाब में पलटवार भी कम तीखा नहीं थाः तुम्हारा डीएनए तो जीबी रोड और सोनागाछी से मेल खाता है। इस बयानबाज़ी की भाषा ने भारतीय राजनीति को एक बार फिर नीतियों से गटर स्तर की गालियों की ओर धकेल दिया है।

### जनता ने पूछा – मुद्दों पर कब होगी बात?

देश की जनता अब नेताओं से बयान नहीं, समाधान चाहती है। बेरोज़गारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था जैसे असल मुद्दे हाशिए पर चले गए हैं। बयानवीरों की इस भीड़ में जनसेवक कहीं खो गए हैं। अगर नेताओं को वाकई डीएनए की इतनी चिंता है, तो जनता का सीधा सुझाव हैः ब्लड टेस्ट कराइए। शायद पता चल जाए किसके खून में सेवा का जज़्बा है और किसके खून में सिर्फ सत्ता की हवस। जनता ने मन बना लिया हैः अब नारे नहीं, नतीजे चाहिए। न जीबी रोड, न अराजकता। जनता को चाहिए स्कूल, अस्पताल, सड़क, रोजगार और सुरक्षा। जनता अब सब देख रही हैः गलतियों पर माफ़ी नहीं, सुधार और परिणाम चाहती है। अब वक्त है कि नेता खुद को सुधारे, नहीं तो जनता बदलाव करना जानती है।

## जलशक्ति मंत्री ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज फूलादेवी चन्द्रधर मिश्र ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, चन्दौका, भीटी, अम्बेडकर नगर में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। यह अवसर जिले के लिए गौरवपूर्ण रहा जब प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री ने छात्रों की उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सराहा और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आज उत्तर प्रदेश में युवा शक्ति को कौशल, रोजगार और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं।समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

## श्री मंगल बाबा जी का 40वां विशाल मेला, भक्ति और परंपरा का संगम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के जेहटा गांव में 19 से 26 मई तक श्री मंगल बाबा जी का 40वां विशाल मेला श्रद्धा, परंपरा और समाजिक समरसता के साथ मनाया जाएगा। आयोजन में श्रीमद् भागवत कथा, संत समागम, राम चर्चा, विष्णु महायज्ञ और भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा।

### संत प्रवचन

हरदोई से पंकज जी महाराज, लखनऊ से विनोदानन्द व्यास व आशीवानन्द जी, इटौंजा से शुभी शास्त्री, टाइखेड़ा से लाडो शास्त्री जी अपने अमृतमय वचनों से श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देंगे।

### नेतृत्व और सहयोग

महंत नीलकमलदास व शिवमंगलदास जी के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं की टीम आयोजन की सफलता में जुटी है। सांसद कौशल किशोर समेत कई जनप्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग भी प्राप्त हो रहा है।

### मुख्य कार्यक्रम

- **कलश यात्रा:** 19 मई, सायं 4-6 बजे
- **महायज्ञ:** 20 मई, सायं 7-10 बजे
- **मेला महोत्सव:** 25-26 मई
- **पूर्णाहुति व भंडारा:** 26 मई

### स्थल: मंगल बाबा मंदिर, जेहटा, माल रोड, लखनऊ

यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली आस्था और संस्कृति की जीवंत परंपरा का प्रतीक है।

## 'कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने रविवार को झांसी में कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों से संवाद किया। कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी तथा मंडल चुनाव प्रवासियों की बैठक को सम्बोधित किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मंडल अध्यक्ष संगठनात्मक गतिविधियों की धुरी है। निष्ठावान कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बना है। क्षेत्रीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल तथा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने भी बैठक को सम्बोधित किया।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने मंडल अध्यक्षों से संवाद करते हुए कहा कि मंडल अध्यक्षों को संगठनात्मक कार्यों की दृष्टि से आदर्श मंडल का गठन करना है। मंडल कार्यसमिति में 61 सदस्य रहेगें। जिसमें 15 पदाधिकारी होंगे बाकी मंडल कार्यसमिति सदस्य बनाए जाएगें। सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी मंडल कार्यसमिति में अनुसूचित जाति वर्ग, पिछड़ा वर्ग, महिलाओं सहित सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रत्येक शक्तिकेन्द्र से भी मंडल कार्यसमिति में नेतृत्व निर्धारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक कार्यों की नियमित समीक्षा तथा नियमित मासिक बैठकें भी मंडल अध्यक्षों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष संगठनात्मक कार्यों तथा अपने प्रवास की डायरी मेंटेन करने का स्वभाव विकसित करें। आदर्श मंडल कार्यसमिति से मजबूत शक्तिकेन्द्र की संरचना तैयार होगी जो मजबूत बूथ की संरचना का निर्माण करेगी और मजबूत बूथ से ही भाजपा की विजय सुनिश्चित होगी। संगठनात्मक गतिविधियों के साथ ही चुनावी गतिविधियों का केन्द्र भी मंडल है। कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारियों, मंडल प्रवासियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रभावी मंडल कार्यसमिति गठन के साथ ही संगठन के अभियानों एवं कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करना है।

## लखनऊ में घातक स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों का धमाका, ओपन स्टेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप में झटके 5 पदक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 मई तक आयोजित 5वीं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ओपन स्टेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप में घातक स्पोर्ट्स अकादमी इंडिया के खिलाड़ियों ने मैदान में जबरदस्त दबदबा कायम करते हुए कुल 5 पदक हासिल किए। अकादमी के जुझारू खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक पर कब्जा जमाकर प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाया। स्वर्ण पदक विजेता अवनि दत्त ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विपक्षियों को पस्त कर दिया। सानवी सिंह और अविरल दत्त ने कड़ा मुकाबला करते हुए रजत पदक हासिल किए। अपूर्व सिंह और अविजीत सिंह ने उत्कृष्ट फॉर्म दिखाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए। कोच नितेश यादव ने बताया कि यह जीत खिलाड़ियों की अथक मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। अकादमी के अध्यक्ष इंजीनियर अवनीश कनौजिया समेत समस्त पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। घातक स्पोर्ट्स अकादमी की यह उपलब्धि राजधानी लखनऊ में खेल प्रतिभाओं की नई लहर को जन्म देने वाली है।

## प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देगी रोपवे कनेक्टिविटी: जयवीर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पर्यटन विभाग ने राज्य के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों चित्रकूट स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम और महोबा के गोरख गिरी पर्वत पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास की तैयारी की है। प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत दोनों स्थलों पर विश्व स्तरीय रोप-वे प्रणाली स्थापित की जाएगी, जो अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी। सुरक्षा, कार्यक्षमता और स्थायित्व को ध्यान में रखकर योजना पर कार्य किया जाएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार के इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य धार्मिक स्थलों तक श्रद्धालुओं की पहुंच आसान बनाना है। चित्रकूट-प्रयागराज राजमार्ग स्थित ग्राम बगरेही स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में रोप-वे निर्माण की योजना तैयार की गई है। लगभग 8,920 वर्ग मीटर भूमि इस परियोजना के लिए चिन्हित की गई है। धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि से जुड़ा है। श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था का केंद्र है। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग-35 के माध्यम से पहाड़ियों के आधार तक पहुंचा जा सकता है। सिद्ध बाबा मंदिर के लिए प्रस्तावित रोपवे बुंदेलखंड क्षेत्र में महोबा जनपद के गांव रहेलिया स्थित गोरख गिरी पर्वत पर बनेगा। यह स्थल गुरु गोरक्षनाथ से जुड़ा है। उक्त मंदिर महोबा शहर से लगभग 02 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। श्रद्धालुओं की मंदिर तक आसानी से पहुंच प्रदान करने के लिए रोप-वे का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए कुल 9,750 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। ये दोनों रोप-वे सबसे उपयुक्त रूट पर डिजाइन किए जाएंगे, जिसमें भौगोलिक परिस्थितियों, मौसम और भूकंपीय स्थितियों, यात्रा पैटर्न और साल भर होने वाले मौसमी बदलावों को ध्यान में रखा जाएगा। इन रोप-वे प्रणालियों को हर मौसम में संचालित करने योग्य और अत्यधिक विश्वसनीय बनाया जाएगा, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, श्रेष्ठ गुणवत्ता और उच्च सुरक्षा मानकों को अपनाया जाएगा। चित्रकूट और महोबा धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल हैं। इन रोप-वे परियोजनाओं के माध्यम से हम श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बना रहें, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक अनुभूति को भी और अधिक गहरा कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य आधुनिक ढांचे को विरासत से जोड़ना है, ताकि श्रद्धालु इन पवित्र स्थलों तक पूरे वर्ष सुरक्षित रूप से पहुंच सकें। विभाग का प्रयास इन स्थलों को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना है।

## ऊर्जा मंत्री ने किया राजभवन विद्युत उपकेंद्र सीजी सिटी का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को बेवजह विद्युत कटौती, लो वोल्टेज, ट्रिपिंग का सामना न करना पड़े, विद्युत आपूर्ति बढ़ती मांग के अनुरूप हरहाल में बहाल रहे तथा विद्युत् उपकरणों की सुरक्षा एवं उपभोक्ताओं को अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर न भटकना पड़े। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को दोपहर को विद्युत नगरीय वितरण खंड राजभवन, लखनऊ के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सीजी सिटी का औचक निरीक्षण किया।ऊर्जा मंत्री ने निरीक्षण के दौरान उपकेंद्र की लॉग बुक और लोड पैनल का जायजा लिया तथा उपकेंद्र के पावर ट्रांसफार्मर के लोड के बारे में जानकारी ली। इस उपकेंद्र की क्षमता 2 गुणा10 एमवीए है तथा यहां से 03 पब्लिक फीडर के माध्यम से याहियामऊ, छतनगर, स्वाती सिटी, एकतानगर, पृथ्वीपुरम आदि क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। उपकेंद्र का निरीक्षण करने के साथ उपस्थित अधिकारियों को गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु किए जाने वाले अनुरक्षण कार्यों के साथ इस ग्रीष्म ऋतु में अपनाए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों का भी जायजा लिया तथा उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर पर चल रहे रिपेयरिंग रिप्लेसमेंट के कार्य का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मिली खामियों को तत्काल दूर करने के लिए उपस्थित अधिकारियों के साथ चेयरमैन और प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल को निर्देशत किया।

## 1990 से पहले के सम्पूर्ण राजस्व अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन की तैयारी में योगी सरकार

- लेखपत्रों और राजस्व अभिलेखों को शाश्वत काल तक सुरक्षित रखने के लिए जल्द किया जाएगा संस्था का चयन
- यूपी में चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा पुराने अभिलेखों की स्कैनिंग और डिजिटलाइजेशन का कार्य
- अप्रैल 2025 तक 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है 2002 से लेकर 2017 तक के विलेखों का डिजिटलाइजेशन
- 1990 से 2001 तक के विलेखों के डिजिटलाइजेशन के लिए यूपीडेस्को की ओर से टेंडर प्रक्रियाधीन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने की तैयारी है। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग ने पुराने राजस्व अभिलेखों और लेखपत्रों को शाश्वत काल तक सुरक्षित रखने के लिए डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इसके तहत अब 1990 से पहले के सम्पूर्ण राजस्व अभिलेखों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की तैयारी चल रही है और जल्द ही इस कार्य के लिए संस्था का चयन किया जाएगा। विभाग चरणबद्ध तरीके से पुराने अभिलेखों की स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर रहा है। विभाग की ओर से मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की गई प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2025 तक 2002 से 2017 तक के विलेखों का डिजिटलाइजेशन 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है। वहीं, 1990 से 2001 तक के विलेखों के डिजिटलाइजेशन के लिए यूपीडीईएससीओ की ओर से टेंडर प्रक्रिया चल रही है। अब तीसरे चरण में 1990 से पहले के अभिलेखों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की योजना पर काम शुरू होने जा रहा है। इस डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया से राजस्व से जुड़े दस्तावेजों तक पहुंच आसान हो जाएगी। स्कैनिंग के बाद अभिलेखों की हार्डकॉपी को सेंट्रल रिकॉर्ड रूम में शिफ्ट किया जाएगा, जिससे उपनिबंधक कार्यालयों में पुरानी फाइलों के अंबार से राहत मिलेगी। इससे न केवल कार्यालयों में स्थान की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि अभिलेखों की दीर्घकालिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डिजिटल गवर्नेंस की यह पहल न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक बना रही है, बल्कि जनता को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। डिजिटल अभिलेखों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करना सुगम होगा और पुराने दस्तावेजों को खोजने में लगने वाला समय और संसाधन बचेगा। यह कदम उत्तर प्रदेश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## योगी सरकार की जीसीसी नीति में फॉर्च्यून 500 और एफडीआई पर विशेष फोकस

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार की ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स जीसीसी नीति 2024 उत्तर प्रदेश को वैश्विक कारोबारी मानचित्र पर एक नया मुकाम दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने जा रही है। नीति नोएडा, लखनऊ, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों को तकनीकी और डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में स्थापित करेगी, जिससे अगले पांच वर्षों में 2 लाख से अधिक उच्च-वेतन वाली नौकरियां सृजित होंगी। इस नीति के तहत फॉर्च्यून 500 कंपनियों और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश एफडीआई को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि जीसीसी नीति न केवल आर्थिक विकास को गति देगी बल्कि युवाओं को उच्च-कुशल रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी। योगी सरकार की इस नीति के माध्यम से यूपी को .1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी। नीति में लेवल-1 और एडवांस्ड जीसीसी के लिए स्पष्ट मानदंड निर्धारित किए गए हैं।

# ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच ने अखिलेश यादव का पुतला दहन कर किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | अमेठी




रविवार को जनपद में ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच ने अखिलेश यादव का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के डीएनए को लेकर की गई अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन कर विरोध जताया।और माँग की कि तत्काल न केवल बृजेश पाठक, बल्कि समस्त ब्राह्मण समाज से सार्वजनिक रूप से माफ़ी माँगें। ब्राह्मण समाज के आत्मसम्मान पर सीधा हमला अब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि माफ़ी नहीं माँगी जाती, तो आंदोलन को और तेज़ किया जाएगा।इस विरोध प्रदर्शन में ब्राह्मण स्वाभिमान एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी,भाजपा जिला अध्यक्ष अमेठी सुधांशु शुक्ला विशुव मिश्रा तथा संगठन के अन्य पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज और हिंदू समाज के नागरिक उपस्थित रहे। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि यह विरोध केवल निंदा नहीं,स्वाभिमान की चेतावनी है।ब्राह्मण समाज अब संगठित है।और अपने सम्मान की रक्षा के लिए पूर्णतःसजग और संकल्पित है।

### सपा की अभद्र टिप्पणी से नाराज भाजपा में आक्रोश

भारतीय जनता पार्टी के ज़िला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि सपा के मीडिया प्रकोष्ठ ने पाठक की मां को लेकर बहुत ही अमर्यादित और अशोभनीय पोस्ट की थी,जिसे लेकर भाजपा और पूरे ब्राह्मण समाज में जबरदस्त आक्रोश है। उन्होंने कहा कि आज इसी के खिलाफ शहर के राजर्षि तिराहे पर अखिलेश यादव का पुतला फूंका गया है।सपा के मीडिया प्रकोष्ठ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि फ़बात-बात पर सपा के डीएनए पर बयानबाजी करने वाले ब्रजेश पाठक अपना डीएनए अवश्य चेक करवाएं और उसकी रिपोर्ट सोशल मीडिया पर जरूर डालें जिससे उनका असली डीएनए तो पता चले।सपा की इस पोस्ट में आगे अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी की गई।हालांकि बाद में समाजवादी पार्टी ने पोस्ट हटा दी लेकिन इसको लेकर भाजपा में काफी आक्रोश है।

# मंडलायुक्त ने कम्पोजिट विद्यालय पाराकलां में एमडीएम शेड का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



मंडलायुक्त लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब ने वि0खं0 महाराजगंज स्थित कंपोजिट विद्यालय पाराकलाँ में मनरेगा द्वारा निर्मित एमडीएम शेड का उद्घाटन किया। इस शेड के बन जाने से विद्यालय के बच्चों को साफ सुथरा और व्यवस्थित मिड डे मील प्राप्त हो सकेगा, साथ ही विद्यालय की गुणवत्ता में सुधार होगा। प्राइमरी स्कूल में मिड डे मील किचन शेड का निर्माण होने से पर्याप्त भंडारण, तैयारी और खाना पकाने के क्षेत्र और एकीकृत वाश सुविधाओं के साथ मॉडल एमडीएम किचन शेड छात्रों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित कराएगा।

मंडलायुक्त लखनऊ ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पठन-पाठन सामग्री भी वितरित की। जिसमें पेंसिल बॉक्स, शिक्षा पर प्रेरक कहानी की पुस्तके, चार्ट आदि शामिल है। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लास की सुविधाओं की भी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव, डीसी मनरेगा रवि शंकर पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, ग्राम प्रधान गीता सहित विद्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।

# लेखपाल व कानूनगो समय से करायें समस्याओं का निस्तारण: मंडलायुक्त

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

मंडलायुक्त लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील महाराजगंज में लोगों की समस्याएं सुनी। उनके सामने सर्वाधिक राजस्व और विद्युत विभाग के साथ चकबंदी, पारिवारिक झगड़े, स्वास्थ्य, ग्राम पंचायत, पेंशन आदि से संबंधित शिकायतें आयीं। उन्होंने चकबंदी की शिकायत पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को निर्देश दिया कि मामले की जांच कमेटी बनाकर कराई जाए और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत महाराजगंज की शिकायत ग्रामीणो और पत्रकारों ने की। पत्रकारों ने मंडलायुक्त को बताया कि बिजली विभाग के अधिकारी फोन करने पर फोन रिसीव नहीं करते हैं। यदि किसी प्रकार की खबर लिखी जाती है तो उनके द्वारा द्वेषपूर्ण रवैया अपनाते हुए बिजली का कनेक्शन काटने की धमकी दी जाती है।पत्रकारों ने मंडलायुक्त को बताया कि बिजली विभाग के अधिकारी फोन करने पर फोन रिसीव नहीं करते हैं। यदि किसी प्रकार की खबर लिखी जाती है तो उनके द्वारा द्वेषपूर्ण रवैया अपनाते हुए बिजली का कनेक्शन काटने की धमकी दी जाती है। इस पर डॉ जैकब ने मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। बछरावां के जमीन विवाद के एक प्रकरण में खतौनी में नाम गलत चढ़ जाने उन्होंने जांच करते हुए सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी समाधान दिवस की समाप्ति पर अपने-अपने प्रकरणों की जांच करने क्षेत्र में जाएंगे और संभव हो तो आज ही मामले का निस्तारण करेंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि थाना दिवस के अवसर पर आने वाली शिकायतों को पहले से ही आपसी विचार विमर्श, सुलह समझौता और आवश्यक कार्यवाही करते हुए थाना दिवस में निस्तारित कराया जाए।

आज के आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 46, पुलिस के 13, विकास के 10 एवं अन्य 16 कुल 85 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा, एसडीएम महराजगंज सचिन यादव, तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बालिका के सशक्तिकरण से पूरा समाज सशक्त होता है: अनुपमा

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




एनटीपीसी कंपनी पिछले छह वर्षों से सामुदायिक विकास के तहत परियोजना के आसपास की ग्रामीण बालिकाओं के व्यक्तिव निर्माण में एक अनोखा और अत्यंत कल्याणकारी कार्यक्रम बालिका सशक्तिकरण अभियान चला रही है। ऊंचाहार परियोजना में इस वर्ष के बालिका सशक्तीकरण सत्र की शुरुआत हुई जिसका शुभारंभ ऊंचाहार परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव तथा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस शानदार समारोह में उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय के उत्तरा महिला क्लब की उपाध्यक्ष संगीता सिन्हा रे तथा अन्य पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा कि घर में बेटी जब जन्म लेती है तो हम कहते हैं कि लक्ष्मी आई है। ये बालिकाएं मेरे लिए लक्ष्मी की तरह हैं। इनके सशक्त होने से इनके परिवार के साथ साथ पूरा समाज सशक्त होगा। इस तरह के अनोखे अभियान से एनटीपीसी समाज की बुनियाद को सशक्त कर रही है। ऊंचाहार परियोजना के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बालिका सशक्तीकरण का यह गुरूतर कार्य पिछले छह वर्षों से एनटीपीसी के लगभग बयालीस विद्युत ग्रहों में हर साल चलाया जा रहा है और अब तक लगभग दस हजार से अधिक ग्रामीण बालिकाओं को इस अभियान के माध्यम से लाभान्वित किया जा चुका है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने भी एनटीपीसी के इस अभियान की सराहना करते हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा है । मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने प्रोग्राम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि इस कार्यशाला में एक सौ बीस बालिकाएं अगले एक महीने तक शिक्षा के साथ साथ व्यक्तित्व विकास के सभी गुर सीखेंगी। बच्चियों के रहने खाने की सुविधा के साथ साथ उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं खेलकूद इत्यादि की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर ग्रामीण बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया विशेष रूप से जल संरक्षण पर प्रस्तुति शानदार रही। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन उपमहाप्रबंधक डॉ दिशा अवस्थी ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं प्रचालन, आशुतोष विश्वास, प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष झुमिता विश्वास, रूमा सरकार, सभी विभागाध्यक्ष, डीसी, सीआई एसएफ, अजय त्रिपाठी, सी आई एस एफ के अन्य अधिकारी, यूनियन के अध्यक्ष एवं महासचिव , डी ए वी स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार मिश्रा, तथा एनटीपीसी के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में बालिकाओं के अभिभावकगण तथा परिवारजन उपस्थित रहे। सभी बालिकाओं के साथ अतिथियों ने मिलकर केक काटा और बालिकाओं का मुंह मीठा करा कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# भारी मात्रा में अवैध गांजा सहित मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जिले के थाना गौरीगंज और बाराबंकी एएनटीएफ की पुलिस की साझा टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 लाख रुपये का गांजा बरामद किया है।पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के थाना गौरीगंज व थाना एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बाराबंकी ने एक कुंतल 200 ग्राम अवैध गांजा अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये, 30,600 रुपये नकद,तस्करी में इस्तेमाल एक कार बरामद कर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र गौरीगंज के सम्राट फैक्टरी के लिंक रोड पर बलेनो कार में मादक पदार्थ गांजा लेकर खड़े एक तस्कर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।एसपी ने बताया कि पकड़े गए तस्कर की पहचान अमेठी के त्रिलोचन गिरि के रूप में हुई है।इसके बाद उसकी तलाशी में एक मोबाइल फोन, 30,600 रुपये नकद, एक आधार कार्ड बरामद हुआ है।आरोपी ने अपने घर में भी गांजा छिपाए जाने की बात कबूल की है।

बरामद गांजे के संबन्ध में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैं अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने का काम करता हूं।मैंने कुछ गांजा को अपने घर में जानवरों के बांधने की जगह पर जमीन में प्लास्टिक के ड्रम में गाड़ कर व कुछ गांजा को बोरियों में रखकर कण्डे व भूसे के नीचे छिपाकर रखा है।पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के बताये गये स्थल पूरे गोसाईं जंगलरामनगर थाना अमेठी पहुंचकर अभियुक्त त्रिलोचन गिरि के घर के बगल बने अहाते के अन्दर टीनशेड में जहां जानवर बांधे जाते हैं,के नीचे खोदकर देखा गया तो जमीन के नीचे नीले रंग के ड्रम में कुल चार पैकेट गांजा बरामद हुआ। स्थल के अगल बगल कण्डों व भूसे के नीचे से कुल तीन बोरी गांजा बरामद हुआ।पैकेट व बोरियों से बरामद गांजा का वजन करने पर कुल एक कुंतल 200 ग्राम पाया गया।पास खड़ी काले रंग की हुण्डई क्रेटा कार सं0 यूपी 36 एक्स 1268 के कागज मांगने पर दिखा न सका। पुनः पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मैं यह गांजा अमित कुमार जो कस्बा मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ का रहने वाला है,उससे सस्ते दाम पर खरीद कर यहां लाकर ऊंचे दाम पर बेंच देता हूं।उपरोक्त क्रेटा कार को भी मैं प्रायः गांजा तस्करी में प्रयोग करता हूं।गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा अन्तर्गत धारा 8/20/29/60 में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## शहर की 100 गरीब मेधावी छात्राओं को साइकिल की सौगात

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

रोटरी क्लब ने शहर की 100 गरीब मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरित की। साइकिल वितरण समारोह का आयोजन शहर के मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट में किया गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित दिवाकर ने बताया कि शहर के छह गर्ल्स स्कूलों को चयनित किया गया था। इन स्कूलों की 100 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। अमित दिवाकर ने बताया कि शहर के छह गर्ल्स कॉलेज को चिन्हित किया गया था। इसमें कनोसा गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज, सीताराम साहबदीन इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, सेंट मैरीज और मिशन कॉलेज की गरीब मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आईजी प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

# ग्राम सभा की बंजर भूमि पर भू-माफियाओं की नजर, प्रशासनिक कार्रवाई की मांग तेज़

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

थाना हरचंदपुर अंतर्गत ग्राम मझिगवां करन , तहसील सदर, जिला रायबरेली की घाट गाटा संख्या 1069 की ग्राम सभा की बंजर भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा करने की गंभीर कोशिश सामने आई है। यह जमीन लखनऊ-रायबरेली रेलवे लाइन और राष्ट्रीय राजमार्ग के बेहद निकट स्थित है, जिससे इसकी वाणिज्यिक महत्वता और अधिक बढ़ जाती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 14 मई 2025 को जेसीबी मशीन के माध्यम से इस भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश की गई। यह संदेह जताया जा रहा है कि स्थानीय भू-माफिया संगठनों द्वारा इस सरकारी जमीन पर कब्जा कर उसे निजी संपत्ति में तब्दील करने की साजिश की जा रही है।

विचारणीय बात यह है कि जिस स्थान पर यह अवैध गतिविधि हो रही है, वह गुलुपुर पुलिस चौकी से महज कुछ ही कदम की दूरी पर स्थित है। बावजूद इसके, कोई त्वरित पुलिस हस्तक्षेप नहीं हुआ, जिससे स्थानीय लोगों में प्रशासनिक उदासीनता को लेकर गहरी नाराज़गी है।

ग्रामवासियों ने प्रशासन और जिला अधिकारियों से मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा संबंधित भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही ग्राम सभा की इस भूमि की सीमांकन व बोर्ड लगाए जाने की मांग भी उठाई गई है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस संवेदनशील मुद्दे पर कितनी तत्परता और गंभीरता से कार्रवाई करता है। ग्रामीणों को न्याय मिलने की उम्मीद है, ताकि सरकारी भूमि की लूट को रोका जा सके और कानून का शासन स्थापित हो सके।

### मंडलायुक्त ने ग्राम पंचायत पोखरनी में स्थित अमृत सरोवर का किया अवलोकन

मंडलायुक्त, लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब ने ग्राम पंचायत पोखरनी में नवनिर्मित अमृतसर सरोवर का अवलोकन भी किया। उन्होंने यहां पर कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए निर्देश दिया कि मानसून आने से पहले ही सरोवर में जलभराव कर लिया जाए। उन्होंने अमृत सरोवर परिसर में जिलाधिकारी के साथ वृक्षारोपण भी किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों का उल्लेख, आग लगने के संभावित कारणों पर पैदा करता है संदेह

जन एक्सप्रेस | लालगंज रायबरेली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) में संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी पुरानी एंबुलेंस गाड़ी में भीषण आग लग गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन दल की टीम ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक एंबुलेंस जलकर राख हो चुकी थीं।यह घटना कई सवाल खड़े करती है। ÷संदिग्ध परिस्थितियों÷ का उल्लेख आग लगने के संभावित कारणों पर संदेह पैदा करता है। क्या यह महज एक दुर्घटना थी, या इसके पीछे कोई और वजह थी? यह जांच का विषय है।पुरानी एंबुलेंस भले ही सेवा में न हों, लेकिन वे सरकारी संपत्ति थीं और उनका इस तरह से जल जाना नुकसान दायक है। यह भी विचारणीय है कि ये पुरानी एंबुलेंस सीएससी परिसर में क्यों खड़ी थीं और क्या इन्हें हटाने या अन्य जगह सुरक्षित रखने की कोई योजना नहीं थी।अग्निशमन दल के पहुंचने और आग बुझाने के प्रयासों के बावजूद एंबुलेंस का पूरी तरह से जल जाना आग की तीव्रता को दर्शाता है।स्थानीय प्रशासन को इस घटना को गंभीरता से लेना चाहिए। आग लगने के सही कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच आवश्यक है। यदि किसी प्रकार की लापरवाही या शरारत पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचाव के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए, जिसमें पुरानी और अनुपयोगी वाहनों का सुरक्षित निपटान भी शामिल है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूद संसाधन सुरक्षित है फिर आग इतनी विकराल कैसे हो गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन दल की टीम ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक एंबुलेंस जलकर राख हो चुकी थीं।यह घटना कई सवाल खड़े करती है। ÷संदिग्ध परिस्थितियों÷ का उल्लेख आग लगने के संभावित कारणों पर संदेह पैदा करता है। क्या यह महज एक दुर्घटना थी, या इसके पीछे कोई और वजह थी?

# भाजपा सरकार में अधिकारी निरंकुश: श्याम सुन्दर भारती

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




समाजवादी पार्टी रायबरेली की विधानसभा क्षेत्र बछरावा के ब्लॉक शिवगढ़ के बूथ प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों की बैठक शिवगढ़ नहर कोठी में जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित बूथ प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में शिवगढ़ का सर्वांगीण विकास हुआ बिजली की समस्या के निराकरण हेतु बेडारू एवं ओसाह में पॉवर हाउस बनाने, तकनीकी शिक्षा हेतु ओसाह में पॉलिटेक्निक स्कूल का निर्माण कर संचालन, दर्जनों लोहिया एवं जनेश्वर मिश्र समग्र ग्राम बनाकर गाँवों का समग्र विकास एवं ग़रीबों को लोहिया आवास। इस क्षेत्र के हज़ारों छात्रों को लैपटॉप, कन्या विद्याधन दिया गया परन्तु दुर्भाग्य से बीजेपी की आठ वर्ष की सरकार में शिवगढ़ ब्लॉक के विकास कार्यों में सौतेला व्यवहार हो रहा है। उन्होंने कहा बूथ प्रभारी अपने संबंधित बूथों पर मतदाता सूचियों का अवलोकन करें मतदाता सूचियों में संशोधन के लिए सक्षम अधिकारियों से शिकायतें करें।

बूथों पर समाजवादी पार्टी पदाधिकारी आमजन से मिलकर समाजवादी पार्टी की सरकारों में शिवगढ़ ब्लॉक में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों की चर्चा एवं भाजपा सरकार में किसानों, मज़दूरों, युवाओं, छात्रों के साथ हो रहे अन्याय, उत्पीड़न एवं अत्याचार की घटनाओं की भी चर्चा लोगों में करें। आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी के बूथ के कार्यकर्ता का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक मतों से सपा को जिताना होगा।

क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती ने बूथ सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश के शोषितों वंचितों पीड़ितों को न्याय, अधिकार एवं सम्मान दिलाने हेतु अनवरत संघर्ष किया जा रहा है उनकी नीतियों से प्रेरित होकर पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों की एकजुटता बढ़ी है।

बूथों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्ण ज़िम्मेदारी एवं निष्ठापूर्वक सभी को एकजुट करना है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रशासनिक अधिकारी निरंकुश होकर समाजवादियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहें हैं। सम्मेलन को विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, ब्लॉक अध्यक्ष भानू प्रकाश पटेल, राममिलन गौतम, देवतादीन पासी, सन्तराम यादव, रज्जनलाल पटेल आदि ने बूथ पर मज़बूत संगठन पर सुझाव एवं विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी पंकज वर्मा, दिनेश कुमार, रामनरेश यादव, संतोष वर्मा, जसकरन यादव, ओमप्रकाश रावत, आशीष मिश्रा, श्रवण कुमार, बजरंगी, गीता पासी सहित सैकड़ों बूथ एवं सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे।

# सीएससी बाल विद्यालय में ग्रीष्मकालीन विदाई समारोह, बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर मनाया जश्न




जन एक्सप्रेस | सतांव, रायबरेली

गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र स्थित सी.एस.सी बाल विद्यालय जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में आज नन्हे बच्चों ने ग्रीष्म ऋतु की छुट्टियां बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई। विद्यालय के संरक्षक अशोक शुक्ला प्रबन्धक मोहित शुक्ला डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा सभी नन्हे बच्चों को अनेकों उपहार दिए गए। प्लेग्रुप, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश का भरपूर आनंद लिया।

एलकेजी, यूकेजी के बच्चों द्वारा कई नृत्य प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के डायरेक्टर रोहित शुक्ला द्वारा विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों को अनेकों उपहार दिए गए व ग्रीष्मकालीन खाने पीने की वस्तुओं का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने बड़े ही उत्साह से आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी शीतल श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश एक सुखद और आनंदमय समय होता है,जो बच्चों को पूर्णतःस्वतंत्र होते हुए खेलने कूदने व आराम करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश पर हमें कई जगहों पर भ्रमण करना चाहिए जिससे हम नई नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं व बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी हमेशा उच्चाइयों को छुए, बच्चों ने अनेकों कार्ड्स, वेलकम कार्ड्स उपहार स्वरूप दिए। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय की प्रधानाचार्या छवि बाजपेई ने सभी बच्चों को ग्रीष्मावकाश में अपने घरों में सुरक्षित और स्वस्थ रहने की सलाह दी।

शेष पेज 10 पर...



# हाइटेंशन लाइन गिरने से अफरा तफरी, चार दुकानें जलीं, दो घायल





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

यतीमखाना साइकिल मार्केट में रविवार सुबह तेज चिंगारी के साथ हाईटेंशन लाइन गिरने से अफरा तफरी मच गई। क्षेत्र के लोग दहशत में आ गए। तार सबसे पहले टूटकर पेड़ के ऊपर गिरा और फिर दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते पेड़ और चार दुकानों में आग लग गई। तार गिरते ही अचानक 20 दुकानों में करंट दौड़ गया। यहां के दो कर्मचारी करंट लगने से गिरकर घायल हो गए। अग्निशमन विभाग ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई।

सुबह साढ़े दस बजे अचानक यतीमखाना चौकी के बगल में हाईटेंशन लाइन टूटकर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चिंगारी सबसे पहले तलाक महल निवासी मो फुरकान की खिलौनों की दुकान में पहुंच गई, जिससे बंद शटर में आग धधकने लगी। देखते ही देखते लपटों ने बगल के अमीनगंज के नदीम अहमद की रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान को चपेट में ले लिया। यहां से आग गम्मू खां हाता निवासी फिरोज की अरबिया मोर्टस और साइकिल मार्केट निवासी सिराज के सागर मोर्टस में पहुंच गई। आग से चारों दुकानों का माल जलकर राख हो गया। कर्नलगंज और लाटूश रोड से अग्निशमन की चार गाड़ियो ने दो घंटे में आग बुझाई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि कि मार्केट में लगभग 30 दुकानें हैं, जिनमें से चार पांच छोड़कर सब खुल रही थीं। जहां तार टूटा वहां से 50 कदम की दूरी पर मेराज जहूर अहमद एंड संस मुर्गा शॉप है। यहां काम करने वाले मोतिहारी निवासी जाहिर आलम करंट लगने से जीने से नीचे गिर गए और उनका सिर फट गया। आनन-फानन स्पताल ले जाया गया, जहां सिर पर सात टांके लगे।

पटकापुर निवासी अकील काम कर रहे थे, शटर में चिपक कर दहशत में आ गए। पीठ में उनके निशान पड़ गया। एक कार का बोनट भी जल गया। क्षेत्रवासियों और दुकानदारों का आरोप था कि कई बार तार को बदलने के लिए कहा गया, लेकिन केस्को ने नहीं सुनी। पूर्व में तार टूटकर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के अनुसार दुकानदारों का नुकसान हुआ है, लेकिन किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# परियर के गांव में विद्युत आपूर्ति ठप, ग्रामीण में आक्रोश




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

परियर। सफीपुर विद्युत उप खंड के परियर गांव में जानकीपुरवा व खलवा टोला मोहल्ले में विगत दस दिनों से विद्युत सप्लाई ठप पड़ी है।जिससे ग्रामीणों के विद्युत उपकरण बेकार साबित हो रहे हैं। एक और सूरज देवता का सितम जारी है। वहीं विद्युत आपूर्ति ठप हो जाने के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। क्षेत्र के रहने वाले देवीप्रसाद, मनोज, संतोष, सुभाष, कन्हाई, हरिशंकर, रामलाल, टीकाराम, रामविलास, नन्हके, विशभर, सागर, मधु, लाला, बबलू, मुरली, राजेश, महेश, धर्मेंद्र, महेश आदि ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी को समस्या से निजात दिलाने को कहा गया किंतु किसी के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। हालात बद से बद्तर हो चुके हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में बिठूर विधायक की अगवाई में निकाली गई तिरंगा यात्रा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिठूर। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा के नेतृत्व में बिठूर देशभक्ति के रंग में रंगा दिखा। हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी घटना के जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के समर्थन में बिठूर वाशियो ने एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली इस यात्रा में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर और जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ,जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण के साथ युवा, बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह से शामिल हुए।

यात्रा की शुरुआत बिठूर चुंगी स्थित रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति पर माल्यार्पण से हुई और पूरे मार्ग पर भारत माता की जय, वंदे मातरम् और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से जोश और गर्व का माहौल बना रहा। यात्रा का समापन नानाराव पेशवा पार्क में नानराव पेशवा जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के पश्चात हुआ। तिरंगा यात्रा के समापन के पश्चात विधायक अभिजीत सिंह सांगा व जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने कहा कि जब भी किसी ने भारत की तरफ आंख उठा कर देखा है तो भारत ने उसका मुहंतोड़ जवाब दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेनाओं को खुली छूट थी। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर पहलगाम आतंकी घटना का बदला लिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सीमाएं इतनी मजबूत हो गई हैं कि कोई भी भारत की तरफ आंख उठाने के लिए सौ बार सोचेगा।

यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला, अशोक सचान, स्वेता सिंह, पुष्कर शुक्ला मल्लू निषाद, कर्मेंद्र पाण्डेय, शिवमोहन सिंह चंदेल, श्रीकांत त्रिपाठी, हरिशंकर गुप्ता, मुन्ना सिंह, धर्मेंद्र पाल, आकाश वर्मा, राहुल सिंह, राहुल मिश्रा, धीरज चंदेल, राजेश यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# इंजीनियर को डायबिटीज और हाइपरटेंशन फिर भी किया हेयर ट्रांसप्लांट



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

इंपायर क्लीनिक में इंजीनियर विनीत दुबे के हेयर ट्रांसप्लांट करने में घोर लापरवाही बरती गई। उन्हें डायबिटीज और हाइपरटेंशन की समस्या थी, लेकिन फिर भी प्रक्रिया अपनाई गई। इसकी वजह से उनके मस्तिष्क में सूजन के साथ संक्रमण हुआ और यही उनकी मौत का कारण बना। यह खुलासा सीएमओ की ओर से गठित समिति की जांच में सामने आया है। समिति के अधिकारियों को इंजीनियर के मृत्यु संबंधी अभिलेख मिल गई हैं। इनमें मस्तिष्क में सूजन और संक्रमण होने की बात लिखी गई है। डॉ. अनुष्का तिवारी ने हेयर ट्रांसप्लांट करने से पहले जांच में किसी तरह का कोई एहतियात नहीं बरती। ट्रांसप्लांट के बाद उनके सिर में बैक्टीरियल संक्रमण की वजह से भी इंसेफ्लोपैथी होने की आशंका भी जताई जा रही है। विनीत दुबे और मयंक कटियार प्रकरण में गठित जांच कमेटी ने शनिवार को अभिलेख जुटाने शुरू कर दिए।

### डॉ. अनुष्का ने कोर्ट में दी अग्रिम जमानत की अर्जी

डॉ. अनुष्का जिस क्लीनिक में ट्रांसप्लांट कर रही थी, उसका पंजीयन उसके पति डॉ. सौरभ के नाम पर है। स्वास्थ्य विभाग ने मानक पूरे न होने पर नवीनीकरण के आवेदन को रद कर दिया। वहीं डॉ. अनुष्का ने अधिवक्ता के जरिए कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दी है।

### ओपीडी परचा वराही क्लीनिक के नाम से

हेयर ट्रांसप्लांट में सिर्फ एक गड़बड़ी नहीं है। हर स्तर पर घपला किया जा रहा था। विनीत दुबे का हेयर ट्रांसप्लांट तो इंपायर क्लीनिक में किया गया, लेकिन 13 मई को उसे जो ओपीडी परचा दिया गया वह वराही क्लीनिक के नाम का है। परचे पर वराही क्लीनिक हेयर एंड ऐस्थेटिक केयर सेंटर लिखा हुआ है। परचे में 10 दवाओं के नाम लिखे हैं। यह दवाएं 10 दिन खाने के लिए लिखी गई थीं। परचे पर किसी डॉक्टर का नाम नहीं है। इससे यह पता नहीं चल रहा है कि किस डॉक्टर ने दवा लिखी है। यह परचा पुलिस ने जांच कमेटी को दिया है। परचे पर पता केशवपुरम आवास विकास-1 कल्याणपुर लिखा है।

### विनीत का डेथ सर्टिफिकेट मिला

पुलिस ने जो अभिलेख अभी तक जुटाए हैं, उससे प्रकरण की परतें खुलने लगी हैं। इसमें लापरवाही सामने आ गई है। कमेटी को अभी विनीत का डेथ सर्टिफिकेट मिला है। इसे सर्वोदयनगर स्थित एक अस्पताल से जारी किया गया है। विनीत को 14 मई को इस अस्पताल में भर्ती किया गया था और 15 मई को सुबह पांच बजकर सात मिनट पर उनकी मौत हो गई थी। यह माना जा रहा है कि हेयर ट्रांसप्लांट के बाद सिर में बैक्टीरियल संक्रमण की वजह से भी इंसेफ्लोपैथी हो सकती है।

डॉ. अनुष्का तिवारी की तलाश जारी हेयर ट्रांसप्लांट के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले रसायन से भी प्रतिक्रिया हो सकती है।

इससे मस्तिष्क के अंदर सूजन आती है

जो मौत का कारण बनती है। प्रकरण में अब बयान के लिए कमेटी को डॉ. अनुष्का तिवारी की तलाश है। कमेटी इलाज के संबंध में उनका बयान लेना चाहती है। डॉ. अनुष्का के न मिलने की स्थिति में उसके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उनसे जानकारी ली जाएगी।

# पेट्रोल पंप के कार्यालय में लगी आग, भागे कर्मचारी



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रायपुरवा क्षेत्र में रविवार की दोपहर बड़ा हादसा टल गया। जीटी रोड किनारे बने पेट्रोल पंप के कार्यालय में अचानक आग लग गई। यहां ऊंची-ऊंची लपटों को देखकर कर्मचारी जान बचाकर भागे। उन्होंने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। आग पेट्रोल की टंकी तक पहुंच सकती थी, लेकिन दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह 12.10 बजे यूनाइटेड ऑटो वर्कशॉप पेट्रोल पंप के ऑफिस में आग लगने की सूचना आई थी, जिसके बाद लाटूश रोड से दमकल की दो गाड़ियों को भेजा गया। ऑफिस में रखी अलमारी, फ्रिज, कंप्यूटर, मोबिल ऑयल, गिरीस आदि धू-धूकर जल रही थी। यूनिट ने एक घंटे में आग बुझाई। आग अगर पेट्रोल टंकी तक पहुंच जाती तो बड़ी घटना हो सकती थी। वहीं दादा नगर औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 11.45 बजे एक फैक्टरी के बाहर पड़े खराब माल में आग लग गई। धुएं के काले गुबार को देखकर अफरातफरी मच गई। दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। कोहना क्षेत्र में दोपहर 12.45 बजे वीएसएसडी कॉलेज के टीचर्स आवास में झाड़ियों में आग लग गई। वहां पर हड़कंप मच गया। दमकल की एक गाड़ी ने जल्दी से आग बुझाई।

# जीवन संकल्प सेवा लक्ष्य फाउंडेशन के सदस्यों ने भीषण गर्मी से राहत के लिए बांटा शरबत



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

जीवन संकल्प सेवा लक्ष्य फाउंडेशन के द्वारा बीते दिन कल्याणपुर अंबेडकर नगर केसा चौराहे पर शरबत वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने गर्मी में शरबत पीकर ठंडक का एहसास किया,लोगों को भीषण गर्मी में राहत का एहसास मिला।

संस्था का अध्यक्ष रोहित मिश्रा द्वारा अकबर कराया गया कि अब गर्मी में हर शनिवार या संडे को सरवत वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष रोहित मिश्रा कोषाध्यक्ष शिवानी दीक्षित सुनीता पांडे दीपिका तिवारी, दिव्यांशी दीक्षित, माया वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# चालान का डर दिखा कंटेनर चालक से वसूले 25 हजार, तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिठूर के नारामऊ चुंगी में सैन्य कर्मी ने साथियों संग मिलकर नो एंट्री में खड़े कंटेनर चालक को चालान का डर दिखा 25 हजार रुपये वसूल लिए। चालक के भाई की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को दबोच लिया। पुलिस ने चालक की तहरीर पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पीड़ित अलीगढ़ के सैर जरारा निवासी बृजकुमार ने बताया कि वह कंटेनर में सात गाय लादकर गाजियाबाद से झारखंड ले जा रहा था। शुक्रवार शाम 8ः50 बजे वह जीटी रोड स्थित न्यू हाईवे सिटी के पास कंटेनर खड़ाकर नो एंट्री खुलने का इंतजार कर रहा था। तभी कार सवार तीन लोग वहां पहुंचे और दस्तावेज जांचने के नाम पर उसे कार में बैठा लिया। चौकी ले जाने की बजाय 300 मीटर दूर दलहन रोड सरकारी नर्सरी के पास ले गए और 50 हजार रुपये का चालान करने की धमकी दी। फिर 10 हजार रुपये में छोड़ने की बात कही।

जब उसने देने के लिए रुपयों की गड्डी निकाली तो पूरे 25 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद उसे छोड़कर चले गए। उसने भाई रोहताश को कॉल कर आपबीती बताई। रोहताश ने घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम में दी। मौके पर पहुंची पुलिस कार सवारों को पकड़कर मंधना चौकी ले गई।

इंस्पेक्टर बिठूर प्रेमनारायन विश्वकर्मा ने बताया पीड़ित की तहरीर पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की पहचान नारामऊ निवासी ब्रजेश यादव, विक्रम यादव और छिबरामऊ निवासी राजकुमार यादव के रूप में हुई है।

ब्रजेश सेना में है जिसकी तैनाती कुमायूं में है।

# दीनू उपाध्याय की फर्जी डिग्री मामले में चार्जशीट तैयार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

दीनू की फर्जी डिग्री मामले में पुलिस ने चार्जशीट लगाने की तैयारी कर ली है। सोमवार को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी। उधर, अधिवक्ता अशीष शुक्ला की जमानत को निरस्त कराने की अर्जी देने की पुलिस तैयारी कर रही है। अधिवक्ता धीरज उपाध्याय उर्फ दीनू पर आरोप है कि उन्होंने स्नातक तृतीय श्रेणी में पास होने के बाद बिहार के किसी विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक किया है।

तथ्यों को छिपाकर उन्होंने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में अपना बतौर अधिवक्ता पंजीकरण कराया और ऑल इंडिया बार एक्जामिनेशन भी पास कर लिया। इस मामले में शिकायत हुई तो पुलिस ने जांच की। जिसके बाद मुकदमा दर्ज किया गया। दीनू ने कोर्ट से मामले में जमानत ले ली।

अब कोतवाली पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट तैयार की है। जिसमें उनकी डिग्री फर्जी होने के साक्ष्य भी शामिल है। सूत्रों के मुताबिक सोमवार को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी।

उधर, अधिवक्ता आशीष भी फर्जी डिग्री मामले में कोर्ट से जमानत पर हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक उनकी जमानत भी खारिज कराई जाएगी।

# 50 फीसदी सब्सिडी पर मिलेगा धान का बीज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

जिले के किसानों को वितरित करने के लिए धान का बीज मंगाया गया है। यह बीज किसानों को 50 फीसदी सब्सिडी पर दिया जाएगा। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किसानों को इसका लाभ मिलेगा। यह बीज किसानों को जमीन की उपलब्धता के आधार पर मिलेगा। किसानों को 20 मई के बाद धान का बीज वितरित किया जाएगा। जिले में तीन प्रकार का धान का बीज आया है,

जिसका वितरण किसानों को किया जाएगा। प्रमाणित मोटे धान के बीज की कीमत 44.80 रुपये प्रति किलोग्राम और महीन धान की कीमत 45.09 रुपये किलोग्राम है।

# कानपुर चिड़ियाघर में बब्बर शेर, मोर के बाद ब्राह्मी डक पक्षी की हुई मौत





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चिड़ियाघर में बब्बर शेर, मोर के बाद शनिवार देर शाम ब्राह्मी डक पक्षी की मौत हो गई। कर्मचारियों ने उसे सुरक्षित तरीके से बाहर निकला और बाड़े को सैनिटाइज कराया। रविवार को उसका शव जांच के लिए बरेली भेजा जाएगा। वहीं शनिवार को भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (एनआईएचएसएडी) से आई फाइनल रिपोर्ट में बब्बर शेर और मोर की मौत बर्ड फ्लू से होने की पुष्टि हुई है। संक्रमण का पता चलते ही सभी बाड़ों मे सैनिटाइजेशन और फॉगिंग शुरू हो गई है। चिड़ियाघर के आसपास एक किलोमीटर क्षेत्र को रेड जोन घोषित कर दिया है।

पशुपालन विभाग लखनऊ की तीन सदस्यीय टीम ने चिड़ियाघर का निरीक्षण किया। शहर में कहीं भी मृत पक्षी मिलने पर उसकी तुरंत सूचना देने के निर्देश हुए हैं। अस्पतालों में बेड सुरक्षित कर लिए गए हैं, जबकि नगर निगम को सैनिटाइजेशन के कहा गया है। सभी बाड़े से पशु और पक्षियों के रैंडम सैंपल लेने की तैयारी है। चिड़ियाघर में बुधवार की रात बब्बर शेर की मौत हो गई थी, जबकि गुरुवार शाम को जंगल सफारी के रास्ते में मोर मृत मिला था। दोनों के सैंपल जांच के लिए एनआईएचएसएडी भेजे गए थे। बब्बर शेर का सैंपल गोरखपुर चिड़ियाघर से पहले ही बरेली की लैब भेजा गया था।

इसमें गुरुवार को वहां के अधिकारियों ने संक्रमण की पुष्टि कर दी थी। जिला प्रशासन फाइनल रिपोर्ट का इंतजार कर रहा था। शनिवार को भोपाल लैब से आयी रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो गई। सूचना मिलते ही लखनऊ से एडिशनल डायरेक्टर प्रथम पोल्ट्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद, ज्वाइंट डायरेक्ट रोग नियंत्रक डॉ. विवेकानंद गंगवार, संयुक्त निदेशक पोल्ट्री डॉ. राजेश्वर सिंह, अपर निदेशक डॉ. अनिल कुमार गहलौत, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी आईडीएन चतुर्वेदी और चिड़ियाघर के पशुचिकित्सा अधिकारी और रेंजर की टीम ने शेर के बाड़े की जांच की। यहां से पक्षियों और अस्पताल परिसर में रखे गए वन्य जीवों को देखा। टीम करीब दो घंटे तक पशु और पक्षियों के खानपान समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर लखनऊ चली गई।

### इसे कहते हैं बर्ड फ्लू

बर्ड फ्लू को एवियन इंफ्लुइंजा भी कहते हैं। यह मूलतः पक्षियों का संक्रामक रोग है। यह वायरस से होता है। जंगली और पालतू दोनों तरह के पक्षियों को संक्रमित करता है। पहली बार इसकी पहचान पक्षियों में होने से इसे बर्ड फ्लू कहते हैं। जब वायरस म्यूटेशन से अपने को बदल लेता है तो पक्षियों में मनुष्यों में फैलने लगता है। एच5एन1 बर्ड फ्लू का सबसे आम रूप है।

### ऐसे फैलता है

बर्ड फ्लू संक्रमित पक्षी या व्यक्ति के मल, लार तथा दूषित सतह के संपर्क में आने से फैलता है। कभी-कभी यह रोगी के खांसने पर मुंह से निकले थूक के कण के संपर्क में आने से भी हो जाता है।

### रेड जोन

रेड जोन असुरक्षित माने-जाने वाले क्षेत्र को कहते हैं। बीमारी को लेकर जो क्षेत्र रेड जोन घोषित होता है, वहां संक्रमण के फैलाव को लेकर सतर्कता बरती जाती है। रोग से बचाव के विशेष एहतियात बरते जाते हैं। वहां रोग के फैलाव को लेकर अलर्ट रहता है।

### बचाव के लिए यह करें

- संक्रमित पक्षी या रोगी से दूर रहें
- अधिपका मांस या अंडे न खाएं
- हाथों को गुनगुने पानी से साबुन से मलकर धोएं
- बाहर निकलें तो मास्क का इस्तेमाल करें
- बाहर से घर जाएं तो हाथों को अच्छी तरह से साफ करें।

### रेड जोन हुआ एक किलोमीटर का क्षेत्र

जू निदेशक श्रद्धा यादव ने बताया कि चिड़ियाघर के आसपास एक किलोमीटर का क्षेत्र रेड जोन घोषित कर दिया है। चिड़ियाघर को छह जोन में बांटकर सैनिटाइज मशीनें चलाई जा रही है। नई बड़ी मशीन भी खरीदी गई है। वन्य जीवों को बचाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। उनके खाने पीने की रिपोर्ट ली जा रही है। अब तक की रिपोर्ट में सभी पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

### क्षेत्र में चिकन की दुकानें बंद कराई जाएं

चिड़ियाघर प्रशासन ने रेड जोन क्षेत्र में सैनिटाइजेशन कराने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा है। क्षेत्र में कहीं भी मृत पक्षी मिलता है तो उसका सैंपल लिया जाएगा। शहर में भी नजर रखी जा रही है संबंधित नोडल अधिकारी को सूचित कर दिया गया है। आसपास की चिकन की दुकानों को बंद कराने का निर्देश है।



### ट्यूबवेल में सो रहे युवक की पेचकस से गोदकर हत्या

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। सजेती थाना क्षेत्र के कुआंखेड़ा में ट्यूबवेल में सो रहे युवक की पेचकस से हत्याकर शव मूंग के खेत में फेंक दिया गया। सुबह जब गांव का युवक सिंचाई करने पहुंचा तो शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही सजेती पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कराने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। डॉग स्क्वायड टीम ने पहुंचकर जांच की है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। कुआंखेड़ा गांव धर्मेंद्र सचान उर्फ कुररी (50) अविवाहित था। शनिवार देर शाम युवक अपने खेत में स्थित नलकूप में लेटा हुआ था। रविवार को जब गांव का ही एक युवक सिंचाई करने पहुंचा तो चारपाई खाली मिली। जब आसपास देखा तो नलकूप के पास स्थित गांव निवासी मदन सचान के मूंग के खेत में युवक का शव खून से सना पड़ा हुआ था। युवक के सीने में पेचकस से गोदकर उसकी हत्या की गई थी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे एसीपी रंजीत कुमार व सजेती पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच पड़ताल कराई है। इसके बाद पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया। मौके पर पहुंचा डॉग लगभग पांच खेत दूर तक गया। इसके बाद घूमकर वापस लौट आया। फिर डॉग नलकूप की ओर गया। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सजेती थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# पाकिस्तान कान खोलकर सुनो भारत का संदेश

**जहां तक भारत से मुकाबले की बात है तो पाकिस्तान ने हमेशा मुंह की ही खाई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहे नए भारत की बात की जाए तो इसी कालखंड में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान की अकल ठिकाने लगाई जा चुकी है। अब जब एक बार फिर पाकिस्तान ने अपनी नापाक हरकतों से जम्मू-कश्मीर की भूमि को रक्तरंजित किया, तो भारत का कोप उस पर कुछ ज्यादा ही भारी पड़ गया। इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुश्मन की नापाक हरकतों को ठीक तरह से एक्सपोज किया गया।**

*ऑपरेशन सिंदूर और उसे अंजाम देने वाली भारतीय सेना ने देश के प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की इस कार्रवाई ने इसे ऐसे मुकाम तक पहुंचा दिया है कि भविष्य में पाकिस्तान और वहां बैठे आतंकी भारत पर हमला करना तो दूर उसकी ओर आंख उठा कर देखने का दुस्साहस भी ना कर सकेंगे। भारत सरकार ने शत्रु देश का काफी नुकसान करने के बावजूद अपनी सैन्य कार्रवाई को औपचारिक रूप से युद्ध का नाम नहीं दिया। बावजूद इसके हमारी सीमाओं के आसपास पड़ोसी देश के ड्रोन देखे गए। मिसाइलें गिराने की कोशिशें हुईं। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य संसाधनों को हवा में ही नष्ट किया और शत्रु देश के अनेक एयरबेस उड़ाने में सफल रही। पाकिस्तान में संचालित आतंकियों के अनेक प्रशिक्षण केंद्रों को ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में 100 से अधिक ऐसे आतंकवादी मारे गए, जो भारत सहित दुनिया की अनेक आतंकवादी घटनाओं में शामिल थे या फिर अनगिनत आतंकवादी घटनाओं के रणनीतिकार रहे। भारत की जवाबी कार्रवाई में अनेक ऐसे लोग भी मारे गए जो पाकिस्तान सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर आतंकवाद की फैक्टरी चला रहे थे। भारतीय सेना की आक्रमकता को देखते हुए तत् समय ही यह स्पष्ट हो गया था कि परिस्थितियां औपचारिक युद्ध के मार्ग पर कदम आगे बढ़ा चुकी हैं। इसी से भयाक्रांत पाकिस्तान के हुक्मरान अमेरिकी दरबार में ढोक लगाने को मजबूर हुए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच स्वस्फूर्त मध्यस्थता करने के लिए प्रयासरत दिखाई दिए। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी और तीनों सेनाओं के भारतीय प्रमुखों ने तत्काल यह स्पष्ट कर दिया कि यह विशुद्ध दो देशों के बीच का मामला है, इसमें भारत को किसी तीसरे देश की मध्यस्थता कतई स्वीकार नहीं। यह बात भी स्पष्ट हो चुकी है कि पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और वहां के हुक्मरान भारत से सीज फायर की गुहार लगा चुके हैं। इसे भारत का बड़प्पन ही कहा जाएगा कि उसने पाकिस्तान की गिड़गिड़ाहट को नजरअंदाज नहीं किया। लेकिन हमारी सरकार और सेना ने इस बीच एहतियाती इंतजाम ढीले नहीं किए । यह बात साफ है कि पाकिस्तान अस्तित्व में आने के बाद से ही भरोसेमंद देश नहीं रहा है। इस बार भी उसने गैर भरोसेमंद काम ही किया। एक ओर वह अमेरिका को माध्यम बनाकर भारत सरकार की बारगाह में सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाता रहा, तो दूसरी ओर उसने भारतीय सीमा के भीतर सशस्त्र ड्रोन भेजने की हिमाकत की। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि शांति की गुहार लगाकर भारतीय सीमाओं में ड्रोन भेजने की स्थिति पाकिस्तान की सेना और वहां की चुनी हुई सरकार के बीच उठापटक मचने के चलते बनी होगी। पाकिस्तान का इतिहास रहा है, वहां के हुक्मरान अवाम की चिंता किए बगैर खुद की सलामती सुनिश्चित करने और अपना राजनीतिक उल्लू साधने में संलग्न रहते हैं। पाकिस्तान की सेना हमेशा इस ताक में रहती है कि कब सरकार गलती करे और कब उसका तख्ता पलट कर पाकिस्तान में सैन्य शासन स्थापित किया जाए। खैर, यह उनका अंदरूनी मामला है। हमारी सेना ने उन सभी ड्रोन को या तो हवा में ही नष्ट कर दिया या फिर उन्हें निष्क्रिय करके वापस पाकिस्तान की ओर भागने को मजबूर किया। यानी एक बार फिर सिद्ध हुआ कि पाकिस्तान कहता कुछ और करता कुछ है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**सवाल उठता है कि हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। सही तौर पर देखा जाए तो सोशल मीडिया पर प्रदर्शन सशक्तिकरण नहीं है। वह बस एक भ्रम। सही बात तो यह कि आज की नारी अपनी असली पहचान से दूर होती जा रही है, जहां उसकी शक्ति, बुद्धि और आत्मविश्वास की जगह सिर्फ उसके शरीर का आकार और आकर्षण ही अहम रह गया है। यह डिजिटल युग हमें नई संभावनाओं और अभिव्यक्ति की आज़ादी देता है, पर क्या यह स्वतंत्रता वाकई हमें आज़ाद कर रही है या बस एक और जाल में फंसा रही है।**

# लाइक्स की दौड़ में पहचान खोती जा रही नारी, सशक्तिकरण का भ्रम



प्रियंका सौरभ

**नारी स्वतंत्रता का अर्थ केवल कपड़ों की लंबाई या शरीर के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। असली स्वतंत्रता है अपने विचारों, अधिकारों और आत्मसम्मान की रक्षा करना। यह वो स्वतंत्रता है, जो एक नारी को उसकी असल पहचान देती है, एक शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त इंसान के रूप में। सोशल मीडिया पर जिस दिखावे की होड़ मची है, वह केवल लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की गिरावट का भी प्रतीक है।**



सोशल मीडिया पर नारी देह का बढ़ता प्रदर्शन क्या वाकई सशक्तिकरण है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़। इससे क्या हम सच्ची आज़ादी की ओर बढ़ रहे हैं या एक डिजिटल पिंजरे में कैद हो रहे हैं। अब तो ऐसा लगता है कि आत्मसम्मान की जगह केवल देह की नुमाइश रह गई है। क्या महिलाओं की पहचान अब सिर्फ उनके शरीर के आकार तक सिमट गई है। यह सवाल आज की डिजिटल पीढ़ी के सामने एक बड़ी चुनौती हैं जो सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के असली मायने खोजने की मांग करता है। बड़ा सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। सोशल मीडिया को देख कर सवाल उठता है कि आजकल इस तरह की महिलाओं को क्या हो गया है। सोशल मीडिया पर उठते कोलाहल में हर ओर एक ही स्वर गूंज रहा है-देह प्रदर्शन का। कहीं चटकते-फड़कते रील्स में, कहीं भड़कते-उलझते डांस मूव्स में और कहीं ज़ूम इन होती नज़रों के बीच, बस एक ही प्रदर्शन, अपनी चपल देह की अदा का। मानो यही सब देह ही पहचान बन गई हो। सच कहा जाए तो इस दौर में देह का कारोबार जितना खुलकर हो रहा है, उतना पहले कभी नहीं हुआ था। सोशल मीडिया ने देह को एक %प्रॉडक्ट% बना दिया है, जिसे जितना ज्यादा दिखाओ, उतना ज्यादा लाइक्स, फॉलोअर्स और व्यूज़ बटोर लो। मानो आत्मसम्मान का कद अब कमेंट्स की लंबाई और लाइक्स की संख्या से मापा जाने लगा हो। वह नारी जो कभी सभ्यता की पहचान थी, अब डिजिटल बाजार में बिक रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान उसकी आंखों की लज्जा, चेहरे की सौम्यता और आचरण की मर्यादा से आंका जाता था, वहां आज उसका अस्तित्व उसकी नुमाइश में सिमट कर रह गया है। यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें बोल्ड होने का झूठा अर्थ बदन दिखाने से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आज़ादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े। औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ भर है। जरा सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं। क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन है, जहां औरतें एक डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं। नारी स्वतंत्रता का अर्थ तो आत्मसम्मान, शिक्षा और निर्णय लेने की स्वतंत्रता था, न कि सोशल मीडिया पर कुछ भी करके अधिकार की बात करना। यह तो वही हुआ जैसे किसी को सोने की चिड़िया बना दो और फिर पिंजरे में कैद कर दो। सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। आज सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां कुछ महिलाएं खुद को कथित तौर पर साबित करने के लिए हर हद पार कर रही हैं। कपड़ों का छोटा होना और बोल्ड पोज़ देना ही अगर %बोल्डनेस% है, तो फिर आत्मविश्वास, शिक्षा, और स्वाभिमान का क्या मतलब। क्या यही है सशक्तिकरण का असली मतलब। क्या हमारा समाज वाकई इतना सतही हो गया है कि हम केवल बदन के आधार पर किसी की कीमत आंकने लगे हैं। सोचिए, आज जो महिलाएं देह प्रदर्शन को सशक्तिकरण मान रही हैं, क्या वो सच में खुद को सशक्त महसूस करती हैं। उन्हें पता है कि वो केवल एक डिजिटल उत्पाद बनकर रह गई हैं, जिनका मूल्य केवल उनके शरीर के आकार और नृत्य कौशल से मापा जाता है। यह समस्या केवल महिलाओं की नहीं है, बल्कि उस पूरी डिजिटल संस्कृति की है, जिसने नारी शरीर को एक मनोरंजन सामग्री बना दिया है। जो शरीर जो कभी मातृत्व, प्रेम और करुणा का प्रतीक था, आज महज़ व्यूज़ और फॉलोअर्स की भूख का साधन बन गया है। सवाल उठता है कि हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। सही तौर पर देखा जाए तो सोशल मीडिया पर प्रदर्शन सशक्तिकरण नहीं हैं। वह बस एक भ्रम। सही बात तो यह कि आज की नारी अपनी असली पहचान से दूर होती जा रही है, जहां उसकी शक्ति, बुद्धि और आत्मविश्वास की जगह सिर्फ उसके शरीर का आकार और आकर्षण ही अहम रह गया है। यह डिजिटल युग हमें नई संभावनाओं और अभिव्यक्ति की आज़ादी देता है, पर क्या यह स्वतंत्रता वाकई हमें आज़ाद कर रही है या बस एक और जाल में फंसा रही है। नारी स्वतंत्रता का अर्थ केवल कपड़ों की लंबाई या शरीर के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। असली स्वतंत्रता है अपने विचारों, अधिकारों और आत्मसम्मान की रक्षा करना। यह वो स्वतंत्रता है, जो एक नारी को उसकी असल पहचान देती है, एक शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त इंसान के रूप में। सोशल मीडिया पर जिस दिखावे की होड़ मची है, वह केवल लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की गिरावट का भी प्रतीक है। यह एक डिजिटल पिंजरा है, जहां औरतें खुद को स्वतंत्र मानते हुए भी एक गहरे बंधन में बंधी हुई हैं। हमें यह समझना होगा कि असली सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता, शिक्षा और आत्मसम्मान में है, न कि केवल देह प्रदर्शन में। अगर हमें सही मायनों में नारी शक्ति को बढ़ाना है तो हमें इस भ्रम से बाहर आना ही होगा और एक ऐसा समाज बनाना होगा, जहां औरतें अपनी पहचान केवल अपने विचारों से बनाएं, न कि अपने शरीर से।

**हमें यह समझना होगा कि असली सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता, शिक्षा और आत्मसम्मान में है, न कि केवल देह प्रदर्शन में। अगर हमें सही मायनों में नारी शक्ति को बढ़ाना है तो हमें इस भ्रम से बाहर आना ही होगा और एक ऐसा समाज बनाना होगा।**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 06:11 तक |
| नक्षत्रः | श्रावण 19:17 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | शुक्ला, 05:43 |
| सूर्योदयः | 05:37 |
| सूर्यास्तः | 18:44 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 07:15-08:53 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:36 |

## जन एक्सप्रेस

### पद की है तलाश !

*अवसर रहे निहार ।*
*पद की है तलाश ।।*
*ना रहना है आम ।*
*बन ही जाना खास ।।*
*गुणा भाग में माहिर ।*
*जा रहा संदेश ।।*
*पर पहले टटोलना ।*
*बढ़े ना कलेस ।।*
*दिख जाए पर जल्द ।*
*नया कुछ अवतार ।।*
*मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी ।*
*बहती रहे बयार ।।*
*फैसला तो मान्य है ।*
*पर कसक है बाकी ।।*
*ना आई पर काम ।*
*कोई भी चालाकी ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या यूरिक एसिड बढ़ने पर खाली पेट नींबू पानी पी सकते हैं?

**यूरिक** एसिड की समस्या कई कारणों से हो सकती है। मुख्य रूप से माना जाता है कि आनुवांशिक हो सकता है। इसके अलावा, खराब डाइट, जीवनशैली से जुड़ी बुरी आदतें, मेडिकल कंडीशंस और प्यूरिन युक्त फूड का अधिक मात्रा में सेवन करना। ये तमाम चीजें यूरिक एसिड को बढ़ा सकती हैं। वैसे तो यूरिक एसिड बढ़ने पर सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। हालांकि, आपको यह पता होना चाहिए कि इसके लक्षण क्या-क्या हो सकते हैं? हाई यूरिक एसिड होने पर जोड़ों में दर्द, सूजन, लालपन जैसी कई समस्याएं देखने को मिलती है। हाई यूरिक एसिड होने पर विशेषज्ञ यह सलाह देते हैं कि अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखें। कई लोग हाई यूरिक एसिड को मैनेज करने के लिए खाली पेट नींबू पानी पीते हैं। जैसा कि आपको यह पता होगा कि हाई यूरिक एसिड होने गठिया से संबंधित अधिक समस्या देखने को मिलती है। इसी वजह से जोड़ों में दर्द, सूजन और रेडनेस नजर आती है। ऐसे में हाई यूरिक एसिड के मरीजों को अपनी डाइट में ऐसी चीजों शामिल करनी चाहिए, जिससे गठिया के दर्द को कंट्रोल किया जा सके। अब जानते हैं कि क्या वाकई हाई यूरिक एसिड में खाली पेट नींबू पीना लाभकारी होता है या नहीं? इस संबंध में एक्सपर्ट का कहना है, ÷हाई यूरिक एसिड होने पर खाली पेट नींबू पानी पीना बहुत अच्छा विकल्प होता है। आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि हाई यूरिक एसिड होने खाली पेट नींबू पानी पीने से इसे मैनेज करने में मदद मिलती है। नींबू पानी में साइट्रिक एसिड होता है। यह यूरिक एसिड को न्यूट्रिलाइज करने और किडनी के जरिए इसे स्त्रावित करने में मदद करता है।÷ विशेषज्ञ आगे बताते हैं कि हाई यूरिक एसिड में खाली पेट नींबू पानी पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है, जो शरीर के लिए बहुत अच्छा होता है।



**शरीर का पीएच लेवल संतुलित होता है:** जब हाई यूरिक एसिड के मरीज सुबह-सुबह खाली पेट नींबू पानी पीते हैं, तो इससे शरीर अधिक मात्रा में अल्कलाइन बनाता है। जब शरीर में अल्कलाइन अधिक मात्रा में बनता है, तो इससे शरीर का पीएच लेवल अपने आप संतुलित हो जाता है। साथ ही, इसकी वजह से हाई यूरिक एसिड का स्तर भी कम होने लगता है।

**यूरिक एसिड न्यूट्रिलाइज होता है:** हाई यूरिक एसिड के मरीज के लिए खाली पेट नींबू पानी पीना वाकई फायदेमंद होता है। ऐसा इसलिए भी कहा जा सकता है, क्योंकि जब इसके मरीज खाली पेट नींबू पानी पीते हैं, तो इसकी वजह से बॉडी में यूरिक एसिड न्यूट्रिलाइज होने लगता है। ऐसे में एसिड किडनी के जरिए शरीर से बाहर निकल जाता है। इस तरह, हाई यूरिक एसिड को संतुलित करने में मदद मिलती है।

**किडनी फंक्शन में सधार:** आपको यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि जिन लोगों को हाई यूरिक एसिड की दिक्कत होती है, उनमें स्टोन होने का रिस्क भी बहुत ज्याद होती है। ऐसे में जब आप हाई यूरिक एसिड में सुबह उठकर खाली पेट नींबू पानी पीते हैं, तो इसमें मौजूद साइट्रिक एसिड पेशाब में साइट्रेट को बढ़ाने का काम करता है। ऐसे में शरीर का यूरिक एसिड किडनी के जरिए शरीर से बाहर निकल जाता है। इसका मतलब है कि किडनी फंक्शन में भी सुधार होने लगता है।

**बॉडी हाइड्रेट रहती है:** हाई यूरिक एसिड के मरीजों के लिए बहुत जरूरी है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ताकि बॉडी हाइड्रेट रहे। नींबू पानी पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है। खासकर, सुबह-सुबह खाली पेट नींबू पानी पीने से शरीर को पर्याप्त पानी मिलता है, जिससे पेशाब की फ्रिक्वेंसी बढ़ती है।

### एक्सप्रेस विशेष

# धड़कनों को समझें और जान की चुनौतियों को दें मात



ऋतुपर्ण दवे

**इस वर्ष अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जियें के साथ स्वतः रक्तचाप को मापने, समझने और नियंत्रित करने की विश्वव्यापी पहल बेहद खास है। इससे शारीरिक गतिविधियां भी समझ पाएंगे जिससे निदान की समझ बढ़ेगी।**

**हम समाज में स्वस्थ भागीदारी की जगह रोज अनजाने साइलेंट किलर के हाथों खेलने लगते हैं। सोचिए, कितना बड़ा जोखिम ले रहे हैं? विश्व हाइपरटेंशन लीग ( डब्ल्यूएचएल) जिसे अंतरराष्ट्रीय उच्च रक्तचाप सोसायटी ने स्थापित किया, 2005 से हर साल अलग-अलग विषयों पर इस दिन का आयोजन कर लोगों को जागरूक व सचेत करने का नेक काम कर रही है।**

**समय** से पहले दुनिया भर में हो रही मौतों की वजहों में सबसे ज्यादा उच्च रक्तचाप ( हाई ब्लड प्रेशर) भी है। चिकित्सकीय भाषा में यह हाइपरटेंशन है। बदलता आम जनजीवन, दिनचर्या, भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी में यह कब घर कर जाता है, अमूमन पता नहीं चलता। आज यह वो वैश्विक रोग बन गया है जिसके अधिकतर प्रभावितों को बड़ा खामियाजा भुगतने के बाद समझ आता है। दबे पांव शरीर को घेरते इस रोग को साइलेंट किलर भी कहते हैं। विडंबना देखिए कि हर हाथों में व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी का ज्ञान बघारते, नुस्खा बताते स्क्रीन पर घण्टों समय बिताने के बावजूद हर साल विश्व में लगभग 7.5 मिलियन लोग जान गंवा देते हैं। आहिस्ता-आहिस्ता मौत की दस्तक देता उच्च रक्त चाप आसानी से समझा जा सकता है। शरीर को संकेत मिलने लगते हैं लेकिन समझ कर नजर अंदाज करना इतना भारी पड़ता है कि प्रायः लोग, जान देकर कीमत चुकाते हैं। त्वरित सूचना के दौर में भी जागरूकता और अनभिज्ञता की ऐसी चूक मौत का आंकड़ा बढ़ाती है। कह सकते हैं कि अब यह महामारी की शक्ल अख्तियार करता जा रहा है। एकाएक हार्ट अटैक या सड़क चलते, वाहन चलाते आई मौतों की चिंताजनक घटनाओं में उच्च रक्तचाप वजह होती है। ऐसा नहीं कि इसे पहचानना कठिन हो। हमारे शरीर में बदलते लक्षणों जैसे सिर में भारीपन, आंखों में धुंधलका छाना, चक्कर आना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। साधारतणतया इन्हें सामान्य समझ नजर अंदाज कर देते हैं और ऐसे परिवर्तनों के आदी हो जाते हैं। जाने-अनजाने उक्त रक्तचाप के साथ जीने लग जाते हैं। यही बाद में एकाएक बड़ी मुसीबत को न्यौता देता है और प्रायः नतीजा मौत तक में बदल जाता है। ऐसा भा नहीं कि बढ़े रक्तचाप पर हर बार चिकित्सक के पास जाना पड़े। नियमित निगरानी, थोड़े अहतियात, जरा सी सतर्कता और जिव्हा पर नियंत्रण से काफी इसके दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। लक्षण की सामान्यतः सटीक जानकारी मिल ही जाती है। स्वचलित माप मशीन से रक्तचाप का एक चार्ट बना, इसकी प्रवृत्ति समझ, रोका जा सकता है। रक्तचाप किस वक्त कितना बढ़ता है, किन कारणों से बढ़ता है जैसी बातें आसानी से समझी जा सकती हैं। बस इन्हें समझने, नियंत्रित करने या प्रभावित करने वाले तौर-तरीकों में सुधार कर उच्च रक्तचाप पर काबू संभव है। अनियंत्रित, अब तो फास्ट फूड जैसा चटखारे वाले खान-पान भी उक्त रक्तचाप के कारण हैं। सब जानते हैं कि ज्यादा नमक रक्तचाप बढ़ा, शरीर के लिए जहर होता है। फिर भी परहेज नहीं करते! ज्यादा नमक रक्त संचार प्रणाली में वो रासायनिक अभिक्रियाएं करता है जिससे रक्तचाप बढ़ता है। ज्यादा मात्रा से रासायनिक तत्व की अधिकता रक्त और दूसरे अंगों को घातक नुकसान पहुंचाते हैं। मस्तिष्क, गुर्दा, धमनियां और रक्त शिराएं यहां तक हृदय की धड़कन भी प्रभावित होती है। ऐसी अनियमितताएं या अनदेखी जानते-समझते हुए बड़ी जोखिम बन जानलेवा बन जाती है। खानपान की बिगड़ी आदतों खासकर अधिक सोडियम, कम पोटेशियम, अत्यधिक शराब का सेवन, धूम्रपान, वजन बढ़ना, मोटापे पर काबू नहीं जैसी स्थितियां उच्च रक्तचाप की बेहद अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। जबकि इन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। सामान्यतः व्यस्तता कहें या पाश्चात्य अंधानुकरण, न तो हमारे सोने का समय तय है और न उठने का। सुबह-शाम की सैर, व्यायाम, बाग-बगीचों में घूमना, लंबा टहलने की आदत से न केवल उच्च रक्तचाप बल्कि दूसरी बहुत सी बीमारियों को आसानी से मात दिया जा सकता है लेकिन हम हैं कि हर दिन बहुमूल्य 6-7 घण्टे हाथ में स्क्रीन पकड़, मस्तिष्क के साथ, हथेली, उंगलियों और आंखों पर अत्याचार करते हैं। कैसे बेपहरवाह हैं? जल्दी यह, दुनिया की बहुत बड़ी बीमारी बल्कि वो महामारी बनेगी जो न छुआछूत, न आनुवांशिकी होगी बल्कि अपनी हरकतों से पाई होगी। मोबाइल में ज्यादा वक्त बिताने वालों में उच्च रक्तचाप, चिड़चिड़ाहट, गर्दन, कमर, पीठ और सिर में दर्द जैसी शिकायतें आम हो रही हैं। सुबह-शाम घूमने-फिरने वालों की संख्या उंगलियों में गिनने लायक रह गई है। फिटनेस का आसान और निःशुल्क वरदान भूलते जा रहे हैं। नींद खुलते ही बिस्तर पर पड़े-पड़े पहले हाथों, आंखों व दिमाग पर जोर डालकर स्क्रीन पर मिनटों बिताएंगे। बिस्तर छोड़ते ही गर्दन, कमर और सिर दर्द की शिकायत करेंगे। रात भर शरीर मिले आराम को उठते ही स्क्रीन को समर्पित कर, उठने से पहले फिर वही तनाव, आपाधापी, बेफिजूल संदेशों, वीडियो, शॉर्ट्स, रील को देख बढ़े रक्तचाप और तनाव से घिर जाएंगे। यह शरीर ही नहीं बल्कि समाज के साथ भी अत्याचार और धोखा नहीं तो क्या है?

# 127-विधानसभा क्षेत्र को मिला 37.67 करोड़ के विकास कार्यों का उपहार

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

**केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने किया 30 सड़कों सहित 31 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास**





- 68.13 किमी लम्बाई के विकास कार्यों पर 37.91 करोड़ रुपये की लागत
- कुल 31 विकास कार्यों में से 13 कार्यों का शिलान्यास और 18 कार्यों का लोकार्पण किया गया।
- 13 कार्यों की लंबाई- 25.44 किमी, लागत ?24.85 करोड़
- 18 कार्यों की लंबाई- 42.69 किमी, लागत ?13.05 करोड़
- इन सभी परियोजनाओं पर कुल मिलाकर ?37.91 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

पीलीभीत के 127-विधानसभा क्षेत्र को रविवार को बड़ी सौगात मिली, जब केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने ललौरीखेड़ा ब्लॉक परिसर में आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्र की लगभग ?37.67 करोड़ लागत की 30 सड़कों के नवनिर्माण, सुदृढ़ीकरण सहित कुल 31 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान गन्ना विकास राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिले के जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर पीलीभीत को औद्योगिक नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का गांव-गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में पीलीभीत में बड़े उद्योग स्थापित किए जाएंगे, जिससे यहां के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य वर्षा ऋतु से पूर्व गुणवत्ता के साथ पूरे कर लिए जाएं।

### राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने भी रखी उद्योग स्थापना की मांग

कार्यक्रम में मौजूद गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री श्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक जो विकास कार्य किए हैं, वे अभूतपूर्व हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री से मांग की कि पीलीभीत में कोई बड़ा उद्योग स्थापित कराया जाए, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके।

केंद्रीय मंत्री का हुआ भव्य स्वागत ललौरीखेड़ा पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री श्री जितिन प्रसाद का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर व करतल ध्वनि से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणजन, कार्यकर्ता, महिलाएं व युवा शामिल हुए।

यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से आयोजित किया गया, जिसमें विकास कार्यों की रूपरेखा को जनसामान्य के समक्ष रखा गया।

### प्रबुद्ध जनों की गरिमामयी उपस्थिति जिनमें मुख्य रूप से-

- मरौरी ब्लॉक प्रमुख- सच्यता वर्मा
- बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख- अशोक शर्मा
- बिलसंडा ब्लॉक प्रमुख- महीश सिंह
- बरखेड़ा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि- कमलेश गंगवार
- बीसलपुर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि- अमन जायसवाल
- पूरनपुर नगर पालिका अध्यक्ष- शैलेंद्र गुप्ता
- भाजपा जिलाध्यक्ष- संजीव प्रताप सिंह
- शांति स्वरूप सोनकर, निशांत सिंह,
- पूर्व प्रधान- जसपाल सिंह, दिग्विजय सिंह,
- पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि- अपूर्व सिंह
- तथा क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# गन्ने के खेत में सिंचाई कर रहे किसान को बाघ ने बनाया निवाला

- घटना के विरोध में ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर किया हंगामा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



**घंटों बाद भी मौके पर नहीं पहुंची वन विभाग की टीम**

नहर के समीप गन्ने के खेत में सिंचाई कर रहे किसान पर बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। आस पड़ोस के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने शोर शराबा कर किसान के शव को बमुश्किल बाघ के चंगुल से छुड़ाया। घटना जानकारी के बाद मौके पर एकत्र हुए सैकड़ो ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप था कि किसान की मौत के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र का गांव चतीपुर पीटीआर की हरीपुर रेंज के जंगल से दो कि.मी दूर है।रविवार चतीपुर निवासी रामप्रसाद (45) पुत्र सोहनलाल नहर से सटे गन्ने के खेत में सिंचाई कर रहे थे। अचानक नहर की झाड़ियों से निकले बाघ ने राम प्रसाद पर हमला कर दिया।बाघ किसान को जबड़े में दबाकर चल? दिया। घटनास्थल से कुछ दूर ले जाकर बाघ ने किसान को मौत के घाट उतार दिया। किसान के शव के पास मौजूद बाघ को देख आस पड़ोस के खेतों में काम कर रहे हैं ग्रामीणों ने शोर शराबा शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बमुश्किल राम प्रसाद के शव? को बाघ के चंगुल से छुड़ाया। हमले के बाद बाघ जंगल की ओर भाग गया। घटना की जानकारी पर आस पड़ोस के सैकड़ो ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।घटना से गुस्साएं ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। घटना की जानकारी पर पुलिस क्षेत्राधिकार प्रगति चौहान, उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, विधायक बाबूराम पासवान मौके पर पहुंच गए। पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया। आक्रोशित ग्रामीण बाघ को पकड़ने और मृतक किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग पर अड गए। आक्रोशित ग्रामीणों किसान के शव को ट्राली में रख लिया। ग्रामीण शव हाईवे पर रखकर जाम लगाने के लिए चल दिए।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव हरीपुर में ट्रैक्टर ट्राली को रोक लिया। स्वजनों से वार्ता के प्रयास किए। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण और अधिकारियों में गतिरोध जारी रहा।

### 5 घंटे तक मौके पर नहीं पहुंचे वन विभाग के जिम्मेदार अफसर

आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप था कि घटना स्थल जंगल से महज एक कि.मी दूर है। बाघ हमले में किसान की मृत्यु के बाद सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। ग्रामीणों का आरोप था कि किसान की मौत के पांच घंटे बीतने के बाद भी वन विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने वन विभाग की लापरवाही से किसान की मृत्यु का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया।

### ग्रामीणों को समझाने में जुटे रहे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी

घटना की जानकारी के बाद पूरनपुर उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकार प्रगति चौहान मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता का प्रयास किया। एक घंटे तक चली वार्ता के बाद भी बात नहीं बनी। गुस्साएं ग्रामीण हमलावर बाघ को तत्काल पकडवाने और मृतक के स्वजनों को मुआवजा दिलाने की मांग पर अड गए।

### ट्राली में शव रखकर हाईवे जाम करने निकले ग्रामीणों को टीम ने रोका

घंटों बीतने के बाद भी वन विभाग के अधिकारियों के न पहुंचने से गुस्साएं ग्रामीणों ने हाईवे जाम करने की रणनीति तय कर ली। गुस्साएं ग्रामीण किसान के शव को ट्राली में रखकर पूरनपुर-खुटार हाईवे की ओर चल दिए। मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव हरीपुर में ट्रैक्टर ट्राली को रोक लिया।मृतक के स्वजनों और ग्रामीणों से वार्ता की।

# बंदरों का कहर: छत से गिरकर बुजुर्ग की मौत, क्षेत्र में बढ़ता जा रहा बंदरों का आतंक



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

**मांग- बंदरों की समस्या से राहत दिलाए प्रशासन**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाए और प्रभावित गांवों को इस समस्या से निजात दिलाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र के बिठौरा कला गांव में रविवार सुबह बंदरों के हमले में एक बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। गांव निवासी पप्पू शर्मा ने बताया कि उनके पिता कालीचरन (75) पुत्र भजनलाल सुबह करीब 7 बजे छत पर कपड़े डालने गए थे, तभी अचानक बंदरों के एक झुंड ने उन पर हमला कर दिया। हमले से घबराए कालीचरन छत से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके मुंह और नाक से खून बहने लगा।

शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल निजी अस्पताल पीलीभीत ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की मृत्यु से परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### एक साल में दूसरी मौत, कई घायल

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। एक वर्ष पूर्व इसी गांव के रामकुमार की भी बंदरों के हमले में मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी सत्यवती को कुछ ही दिन पूर्व बंदरों ने हमला कर घायल कर दिया था। गजरौला कस्बे और आसपास के गांवों में भी बंदरों का उत्पात जारी है। क्षेत्र के पिपरिया भजा गांव में एक माह पूर्व जुलेखा पत्नी ननकू बख्श को बंदरों ने छत से गिरा दिया था, जिससे उनका एक हाथ और एक पैर टूट गया था।

### प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर आक्रोश

ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन न तो वन विभाग ने कोई कार्रवाई की है और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने इस समस्या की सुध ली है।

ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर भारी नाराज़गी है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बंदरों को पकड़ने की व्यवस्था की जाती, तो कालीचरन की जान बचाई जा सकती थी।

# आबादी में आरआरसी सेंटर निर्माण के विरोध में प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

आबादी के निकट आरआरसी सेंटर निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।ग्रामीणों की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है।ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आबादी से बाहर सेंटर का निर्माण करने की मांग की है।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोरा के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बताया कि आबादी के निकट कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी के पास कूड़ा एकत्र होने से उन्हें संक्रामक आदि बीमारियां फैलने की आशंका है। प्रस्तावित भूमि पर ग्रामीण पांच दशक से अपना कूडा करकट डालते चले आ रहे हैं। ग्रामीणों ने आबादी से दूर नदी के किनारे खाली पडी ग्राम समाज की भूमि कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण कराने की मांग की। ग्राम प्रधान नूर मोहम्मद ने जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में बताया कि कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण के लिए हल्का लेखपाल द्वारा जगह की माप की गई है। उस भूमि पर ग्रामीण अपना कूड़ा कचरा डाल रहे हैं।उनके पास कूड़ा डालने की और कोई जगह नहीं है। राजस्व निरीक्षक को आदेश कर कूड़ा निस्तारण केंद्र के लिए दूसरी जगह उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में अयूब, अब्दुल कलाम, अब्दुल अहमद, साबिर, अब्दुल समद, एजाज, तैय्यव, सदर अहमद, सहीम, लुकमान, महफूज, जियाउद्दीन, हामिद, रफीउल्ला, नदीम, शान मोहम्मद आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# सीबीएसई बोर्ड में 92 फीसदी अंक लाकर बढ़ाया कस्बे का मान



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

अलीगंज कस्बे के मेडिकल व्यवसाई सन्दीप मिश्र के पुत्र अभिनव ने सेंट जोन्स स्कूल गोला से सीबीएसई बोर्ड की हाइस्कूल परीक्षा में 92 फीसदी अंक लाकर स्कूल के टॉप फिफ्टीन में जगह बनाई है। अभिनव का लक्ष्य आईएएस बनकर देश व समाजसेवा करने का है। जिसके लिए रोजाना वो 8 से 10 घण्टे पढ़ाई करते है।

# बढ़े हाउस टैक्स के खिलाफ आंदोलन करेगी खीरी विकास समिति

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



खीरी टाउन कस्बा खीरी की नगर पंचायत द्वारा कस्बे में हाउस टैक्स शुल्क में 10 से 20 गुना अधिक बढ़ोतरी का विरोध शुरू हो गया है खीरी विकास समिति इसको लेकर 19 में से हस्ताक्षर अभियान चलाएगी और डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बड़े टैक्स को वापस करने की मांग करेगी।

खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने बताया कि बीते दिनों हुई नगर पंचायत की बैठक में खीरी में हाउस टैक्स शुल्क में 10 से 20 गुना बढ़ोतरी कर के यहां की जनता के शोषण की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में तमाम बुद्ध जीवियों से बात करके, इस शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ खीरी विकास समिति सड़कों पर संघर्ष करेगी। उन्होंने बताया कि हस्ताक्षर अभियान चलाकर एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ एक ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेज कर टैक्स बढ़ाने के मंसूबे को रोकने की मांग करेगी।इसी कड़ी में 19 मई से कस्बे भर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक बढ़ावा टैक्स वापस नहीं किया जाएगा।

# एडीएम ने किया शारदा नदी के ड्रेसिंग कार्यों का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



- नाव पर सवार होकर एडीएम ने अफसरो संग देखी ड्रेसिंग कार्यों की प्रगति

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

रविवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह ने पलिया पहुंचकर शारदा नदी के ड्रेसिंग कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम रत्नाकर मिश्रा और तहसीलदार आरती यादव के साथ ड्रेसिंग कार्यों की वर्तमान स्थिति का विस्तार से गहन अवलोकन किया। उन्होंने नदी में पानी के प्रवाह और बांध के संरचनात्मक सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम ने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया ताकि क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण प्रभावी ढंग से हो सके। एडीएम ने कहा कि शारदा नदी के ड्रेसिंग कार्य बाढ़ नियंत्रण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन कार्यों के सही समय पर पूर्ण होने से न केवल नदी का जल प्रवाह बेहतर होगा, बल्कि क्षेत्र के किसानों और स्थानीय जनता को भी राहत मिलेगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य स्थल पर गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही प्रशासन द्वारा इन कार्यों पर निरंतर निगरानी रखने और समय-समय पर निरीक्षण जारी रखने की भी बात कही।

# अश्लील रील बनाने वाले युवक को गोला प्रभारी निरीक्षक ने भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



गोला पुलिस का बेहद कड़ा, बड़ा और सख्त एक्शन, रीलबाज अश्लील युवक को 14 दिन के लिये भेजा जेल। वही गोला के लोगों में जबरदस्त आक्रोश को देखते हुए शांति भंग की आशंका की धारा में निरुद्ध करते हुए 14 दिन के लिये जिला कारागार का रास्ता दिखाया। इंस्पेक्टर गोला चंद्रशेखर सिंह ने की पुष्टि अब 14 दिन जेल में रील बनेगी गोला पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गोला में रील बनाने वाले यूट्यूबर अरविंद को जो कि गोला विकास चौराहे पर अरविंद गारमेंट के नाम से दुकान चलाते थे जिनको 14 दिन की रिमांड पर जेल भेजा गया है। जिसके चलते गोला प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह की गोला क्षेत्र की जनता भूरि -भूरि प्रशंसा कर रही है।

# मासूम की तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने ली जान, गांव में पसरा सन्नाटा

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**



कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र क गांव बदालपुरवा में साइकिल चला रहे एक पांच साल के बच्चे को अवैध खनन कर मिट्टी भरकर जा रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी, जिससे बच्चे की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम का लिए भेजा है। गांव बदालपुरवा निवासी अशोक कुमार यादव का पांच वर्षीय पुत्र आनंद रविवार को घर के पास छोटी साइकिल चला रहा था। इसी बीच अवैध खनन कर मिट्टी भरकर निकली तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने बच्चे को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक घायल आनंद को मौके पर छोड़कर ट्रैक्टर-ट्राली समेत भाग निकला। हादसे के बाद मौके पर परिजन व तमाम ग्रामीण पहुंच गए।

परिवार वाले आनन-फानन में बच्चे को लेकर तिकुनिया पीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। चालक और वाहन की तलाश की जा रही है।

# युवाओं को मिलेगा रोजगार का नया अवसर- तीन योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन शुरू

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**




प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं, नवोद्यमियों और पारंपरिक उत्पादों से जुड़े उद्यमों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु तीन प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान (सीएम-युवा), मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एमवाईएसवाई) तथा एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) वित्त पोषण योजना शामिल हैं। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना, पारंपरिक कारीगरों को आर्थिक सहायता देना और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाना है। योजनाओं के बारे में यदि कोई भी परामर्श प्राप्त करना है तो किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग कार्यालय राजापुर में आकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सीएम युवा उद्यमिता योजना- शुरू करें अपना स्टार्टअप

मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान के अंतर्गत सेवा या उत्पादन क्षेत्र में 5 लाख रुपये तक की परियोजना के लिए बैंक ऋण की व्यवस्था की गई है, जिसमें लाभार्थी को केवल 10 से 15 प्रतिशत अंशदान ही वहन करना होगा। इसके साथ ही उन्हें 10 प्रतिशत मार्जिन मनी/अनुदान भी प्रदान किया जाएगा।

इस योजना के लिए 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवक-युवतियां आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने न्यूनतम कक्षा 8 तक की शिक्षा प्राप्त की हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कोशल प्रशिक्षण लिया हो।

# एडीएम ने गोला कॉरिडोर निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

**गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर**

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ में स्थित शिव मंदिर गोला कॉरिडोर के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा रही है। रविवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह ने गोला पहुंचकर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण स्थल का गहन निरीक्षण करते हुए प्रगति की समीक्षा की और मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अभियंता विवेक बाजपेई को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह परियोजना श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा हो और इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। एडीएम ने कहा कि गोला कॉरिडोर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से एक अहम परियोजना है, बल्कि यह स्थानीय विकास, पर्यटन और आस्था के संगम को नई पहचान देगा। इस मौके पर नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार मौजूद रहे।

# वन विभाग की टीम ने 20 किलो के कछुआ के साथ एक तस्कर को दबोचा, तीन फरार

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

जंगल में अवैध रूप से घुसपैठ कर कछुआ का शिकार कर रहे एक तस्कर को वन विभाग की टीम ने दबोच लिया।तीन तस्कर मौके से फरार हो गए। टीम ने पकड़े गए तस्कर से बीस किलो का एक कछुआ बरामद किया। टीम ने पकड़े गए तस्कर को जेल भेज दिया। पीटीआर के जंगल में तस्करों की अवैध घुसपैठ पर लगाम नहीं लग पा रही है। नियमित गश्त न होने के कारण तस्कर मौका लगते ही अवैध रूप से जंगल के अंदर प्रवेश कर वन्य जीव और वन संपदा दोनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शनिवार देर रात दियोरिया रेंज की घुंघचाई टूटा पुल चौकी प्रभारी मंगली प्रसाद टीम के साथ गश्त कर रहे थे। घुंघचाई बीट के कंपार्टमेंट नंबर 6 तस्करों को देख वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। टीम ने घेराबंदी कर एक तस्कर को मौके से दबोच लिया। तीन तस्कर शिकार करने के उपकरण लेकर मौके से फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने पकड़े गए तस्कर की तलाशी ली। टीम ने आरोपित से 20 किलो का एक कछुआ बरामद किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम रामचंद्र गांव मटेना कलोनी नंबर तीन का निवासी बताया। वन विभाग की टीम ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज करने के बाद उसे जेल भेज दिया। दियोरिया वन क्षेत्राधिकार लल्लन स्वरूप दीक्षित ने बताया कि गश्त के दौरान टीम ने एक तस्कर को पकड़ा है। आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज उसे जेल भेज दिया गया ।फरार अभियुक्तों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार का जेल भेजा जाएगा।

# भाजपा सांसद रवि किशन को मिलेगा 'संसद रत्न पुरस्कार 2025'

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

गोरखपुर से सांसद रवि किशन संसद में अपनी निरंतर उपस्थिति, प्रभावी बहसों और जनता से जुड़े मुद्दों को पुरजोर ढंग से उठाने के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने शिक्षा, युवाओं के रोजगार, फिल्म उद्योग, सीमा सुरक्षा और पूर्वांचल के विकास से जुड़े मुद्दों पर कई बार संसद में जोरदार आवाज़ उठाई है। उनकी इस निरंतरता और प्रतिबद्धता को संसद रत्न पुरस्कार द्वारा मान्यता देना गोरखपुर समेत पूरे देश के लिए गर्व की बात है।

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और निरंतर योगदान के लिए प्रतिष्ठित संसद रत्न पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें आगामी जुलाई 2025 के अंतिम सप्ताह में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले संसद रत्न पुरस्कार समारोह के 15वें संस्करण में प्रदान किया जाएगा।



इस सम्मान को लेकर रवि किशन ने खुशी जाहिर की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार न केवल मेरे लिए एक प्रेरणा है, बल्कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारियों की पुष्टि भी है। मैं इसे गोरखपुर की जनता की जीत मानता हूँ, जिन्होंने मुझे सेवा का अवसर दिया।

गोरखपुर से सांसद रवि किशन संसद में अपनी निरंतर उपस्थिति, प्रभावी बहसों और जनता से जुड़े मुद्दों को पुरजोर ढंग से उठाने के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने शिक्षा, युवाओं के रोजगार, फिल्म उद्योग, सीमा सुरक्षा और पूर्वांचल के विकास से जुड़े मुद्दों पर कई बार संसद में जोरदार आवाज़ उठाई है।

उनकी इस निरंतरता और प्रतिबद्धता को संसद रत्न पुरस्कार द्वारा मान्यता देना गोरखपुर समेत पूरे देश के लिए गर्व की बात है। यह पुरस्कार न केवल रवि किशन की संसदीय उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि उन जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा है, जो लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने में जुटे हैं। गौरतलब है कि संसद रत्न पुरस्कारों की स्थापना 2010 में प्राइम पॉइंट फाउंडेशन और ई-मैगजीन 'प्रीसेंस' द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के सुझाव पर की गई थी। डॉ. कलाम ने ही मई 2010 में चेन्नई में आयोजित पहले समारोह का उद्घाटन किया था। तब से लेकर अब तक 14 संस्करणों में कुल 125 पुरस्कार प्रदान किए जा चुके हैं, जिनमें व्यक्तिगत सांसदों के साथ-साथ संसदीय स्थायी समितियों को भी सम्मानित किया गया है।

इस पुरस्कार को देश की नागरिक समाज की ओर से दिया जाता है और यह भारतीय संसदीय प्रणाली में कार्यकुशल, जवाबदेह और सक्रिय जनप्रतिनिधियों की पहचान करता है।संसद रत्न पुरस्कार के लिए नामांकन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर की अध्यक्षता वाली जूरी समिति द्वारा किया जाता है।

समिति में पूर्व पुरस्कार विजेता सांसद, सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि और संसदीय मामलों के जानकार शामिल होते हैं। नामांकन पूरी तरह से आधिकारिक प्रदर्शन डेटा के आधार पर किया जाता है, जो लोकसभा और राज्यसभा सचिवालयों तथा पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च से प्राप्त होता है। प्रमुख संकेतकों में सांसद द्वारा की गई बहसें, पेश किए गए निजी विधेयक और पूछे गए प्रश्नों की संख्या शामिल होती है। इस वर्ष लोकसभा और राज्यसभा के कुल 17 सांसदों और दो संसदीय स्थायी समितियों को नामांकित किया गया है। इनमें से चार विशेष पुरस्कार जूरी समिति द्वारा 'विशेष उत्कृष्टता' की श्रेणी में दिए जाएंगे।

## अज्ञात कारणों से दो दुकानों में लगी आग, लाखों का सामान राख

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के दो वार्डों में शुक्रवार रात अज्ञात कारणों से दो दुकानों में आग लग गई, जिसमें लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आसपास के दुकानदारों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर एक आंबेडकर नगर निवासी राम आशीष कुशवाहा अपने ही चौराहे पर गुमटी में किराने की दुकान चलाते हैं। रात में दुकान बंद करके वह घर चले गए। मध्य रात्रि में दुकान से धुआं निकलता दोख अन्य दुकानदारों ने शोर मचाया, तब तक सारे दुकानदार जुटकर आग बुझाने लगे, लेकिन तब तक लाखों रुपये के किराना का सामान जलकर राख हो गया।

वहीं दूसरी तरफ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 लोहिया नगर निवासी हरेराम कुशवाहा कस्बे में ही गुमटी में जनरल स्टोर व पान की दुकान चलाते हैं। रात के समय संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी दुकान में भी आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का सामान जल गया।

# साधन सहकारी समिति का निर्माण अधूरा, खाद भंडारण की बनी समस्या



**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**

जनपद बरगदवा थाना अंतर्गत डगरूपुर स्थित साधन सहकारी समिति निर्माण कार्य अधूरा होने से किसानों के लिए खाद, डीएपी रखने की समस्याएं बढ़ गई है। जिससे क्षेत्र के किसान परेशान हैं। जिसको लेकर समिति अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर अधूरे पड़े निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग किया है। नौतनवां क्षेत्र के डगरुपुर स्थित साधन सहकारी समिति का नया भवन निर्माण 43 लाख रुपये की लागत से अगस्त महीने में नींव पूजन कर निमार्ण कार्य शुरु कर दिया गया था नौवें महीने में काम पूरा कर विभाग को हैंड ओवर करना था लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। अधूरे पड़े निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्र के किसानों में नाराजगी है। साधन सहकारी समिति अध्यक्ष रविन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया की साधन सहकारी समिति मंगलापुर का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया जा रहा है बरसात का मौसम आने वाला है क्षेत्र के किसान खेती बारी का काम शुरु करा दिये है।

खाद, बीज भंडारण के लिए समस्या बना हुआ है जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। इस संबंध में जेई अमन सिंह ने बताया की धन अभाव में साधन सहकारी समिति प्रांगण में इंटरलॉकिंग, भवन के खिड़की शीशे, पेंटिंग, इलेक्ट्रिक का काम अधूरा पड़ा है इस माह पैसा आने की उम्मीद है जैसे ही पैसा आया काम पूरा कर संस्था को हैंड ओवर कर दिया जायेगा।

# गुलरिहा में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर तैयार, सीएम कर सकते हैं लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में प्रतिदिन 41 श्वान की नसबंदी की जा सकती है। साथ ही श्वान केयर सेंटर में 30 कुत्तों की देखभाल की क्षमता है। परिसर में पालतू कुत्तों के लिए पेट्स सैलून बनाए गए हैं। यहां कुत्तों की देखभाल के लिए चिकित्सक भी तैनात होंगे।

गुलरिहा में नगर निगम के एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर (एबीसीएस) एवं डॉग केयर सेंटर का निर्माण पूरा हो गया है। इसका ट्रायल भी सफल हो चुका है। सीएम योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसका लोकार्पण कर सकते हैं। निगम ने लोकार्पण को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

1,700 वर्ग मीटर में 1.85 करोड़ रुपये की लागत से बने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का संचालन निजी एजेंसी कर रही है। ट्रायल के दौरान शहर के जिन इलाकों में कुत्तों का




उत्पात था, वहां से कुत्तों को पकड़कर केंद्र पर उनकी नसबंदी की गई।

एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में प्रतिदिन 41 श्वान की नसबंदी की जा सकती है। साथ ही श्वान केयर सेंटर में 30 कुत्तों की देखभाल की क्षमता है। परिसर में पालतू कुत्तों के लिए पेट्स सैलून बनाए गए हैं। यहां कुत्तों की देखभाल के लिए चिकित्सक भी तैनात होंगे।

उनकी जिम्मेदारी होगी कि वार्षिक 6,000 एबीसी-एआरबी सर्जरी का लक्ष्य हासिल करें। डॉग्स की मृत्यु दर 0.50 से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक 1,000 एबीसी-एआरवी सर्जरी के बाद मृत्यु दर जांची जाएगी। ज्यादा होने पर अनुबंध समाप्त हो जाएगा।

अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा ने कहा कि एबीसी सेंटर तैयार है। सीएम के हाथों इसके लोकार्पण की तैयारी है।

## मच्छर के काटने से फैलता है डेंगू, सफाई पर दें ध्यान

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

आरोग्य भारती के तत्वावधान में सदर विकास खंड के ग्राम सिगही में डेंगू से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि मच्छरों के पनपने से मच्छरजनित रोग होते हैं। इसमें डेंगू बीमारी खतरनाक और जानलेवा है। इससे बचने के लिए सावधानी बरतनी होगी। इसका एकमात्र उपाय मच्छरों से बचना है। यह बीमारी एडीज मच्छर से फैलती है। यह मच्छर दिन में काटते हैं। उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचने के लिए इनपर नियंत्रण जरूरी है, इसलिए पानी को एकत्र न होने दें। आस-पास सफाई रखें। इससे बचने के लोगों में जागरूकता जरूरी है। आसपास के स्थान को साफ और स्वच्छ रखें। दवा का छिड़काव और मच्छरदानी का प्रयोग करें। कहा कि लक्षण मिलने पर डेंगू की जांच कराएं। इस बीमारी में रक्त जांच में प्लेटलेट की कमी और कमजोरी महसूस होती है।

# चाचा-भतीजा बच्चों से करवाते थे चोरी-लूट, GRP ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार सुरेश कुमार महतो व प्रिंस कुमार (चाचा-भतीजा) बच्चों से मोबाइल चोरी कराते थे। बिहार व झारखंड के गांव में जाकर अभिभावकों को 15-20 हजार रुपये देकर उनके बच्चों को एक माह के लिए साथ लेकर निकल पड़ते थे। उन्हीं बच्चों को प्रशिक्षण देकर विभिन्न रेलवे स्टेशन व बाजारों में मोबाइल चोरी कराते थे। चोरी के मोबाइल को पश्चिम बंगाल में बेचकर बांग्लादेश भिजवा देते थे। पकड़े जाने के बाद आरोपियों ने जीआरपी को कई यह जानकारियां दीं।

रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, प्लेटफॉर्म से चोरी व लूट के पांच आरोपियों को शनिवार को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से पांच लाख रुपये कीमत के 23 चोरी के मोबाइल और आठ हजार नकदी



बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी ट्रेनों के अलावा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर भी चोरी करते थे।

आरोपियों में दो की पहचान झारखंड के तलझाड़ी थाने के नया टोला महाराजपुर निवासी प्रिंस कुमार व सुरेश कुमार महतो के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, सुरेश महतो का प्रिंस भतीजा है। पूछताछ के बाद जीआरपी ने दोनों आरोपियों को जेल भिजवा दिया। वहीं इनके साथ मिले तीन किशोरों में एक बिहार, झारखंड और एक चिलुआताल क्षेत्र का रहने वाला है। झारखंड का किशोर चाचा-भतीजे के परिवार का ही है। तीनों बाल अपचारियों को बाल सुधार गृह भिजवाया गया।

जानकारी के मुताबिक, जीआरपी प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह टीम के साथ शनिवार को रेलवे स्टेशन पर जांच पड़ताल कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म एक पर पीपल के पेड़ के नीचे पांच संदिग्ध युवक मोबाइल चोरी करने की योजना बना रहे हैं। इस पर वहां पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक ने पांचों युवकों को पकड़कर तलाशी ली। इस पर उनके पास से चोरी के मोबाइल बरामद हुए।

जीआरपी प्रभारी के मुताबिक, आरोपी कुशीनगर, बस्ती, गोंडा, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज समेत अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान व मोबाइल चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। प्रिंस कुमार का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। प्रिंस कुमार के विरुद्ध सिद्धार्थनगर कोतवाली में एक मामला दर्ज है। इसमें वह जेल भी जा चुका है। जीआरपी को प्रिंस व उसके गिरोह के सदस्यों की कई दिनों से तलाश थी। अन्य आपराधिक इतिहास खंगाले जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार सुरेश कुमार महतो व प्रिंस कुमार (चाचा-भतीजा) बच्चों से मोबाइल चोरी कराते थे।

# MGUG में नर्सिंग पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा संपन्न, 2 पाली में शामिल हुए 3567 परीक्षार्थी

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

एमजीयूजी में आज हुई प्रवेश परीक्षा की विशिष्टता यह भी रही कि किंचित कारणों से प्रवेश पत्र न लाने अथवा पहली पाली में अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को पूर्व नियोजित विशेष प्रबंध के तहत परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया गया।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु रविवार को दो पालियों में नर्सिंग पाठ्यक्रमों (बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग ) की संयुक्त प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर के दो केंद्रों नर्सिंग व पैरामेडिकल संकाय और गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में सकुशल संपन्न हुई। दोनों पालियों को मिलाकर 3567



अभ्यर्थी इस प्रवेश परीक्षा में सम्मलित हुए।

एमजीयूजी में आज हुई प्रवेश परीक्षा की विशिष्टता यह भी रही कि किंचित कारणों से प्रवेश पत्र न लाने अथवा पहली पाली में अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को पूर्व नियोजित विशेष प्रबंध के तहत परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया गया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं के तहत आवेदकों के लिए सहायता केन्द्र व अभिभावकों के लिए परिसर में जल के साथ गुड़, वाहनों के लिए समुचित पार्किंग की सुविधा, निशुल्क स्वस्थ्य जांच और किसी भी आपात स्थिति के लिए सम्पूर्ण चिकित्सकीय प्रबंध कर रखे थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह व कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों समेत समस्त महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर परीक्षा के सुचारु व सुव्यवस्थित क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक डॉ. शशिकांत सिंह ने बताया कि रविवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा में पूर्वांचल के समस्त मंडलों सहित, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों के अभ्यर्थी भी इस परीक्षा में शामिल हुए जो नर्सिंग शिक्षा में विश्वविद्यालय की विश्वसनीयता को इंगित करता है।

प्रवेश परीक्षा समिति के समन्वयक ने बताया कि विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों (बीएससी आनर्स एग्रीकल्चर, बीएससी आनर्स बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, डी फार्म व बी फार्म एलोपैथी) में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा 21 मई को और एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलीसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, बीबीए आनर्स लॉजिस्टिक्स तथा पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 25 मई को होगी।

## बस स्टेशन निर्माण को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

बस अड्डे के जल्द निर्माण की मांग को लेकर समाजवादी यूथ फ्रंटल संगठनों समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, यूथ ब्रिगेड व छात्र सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रोडवेज परिसर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 500 यात्रियों ने हस्ताक्षर कर इस अभियान को समर्थन दिया।

समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि देवरिया बस डिपो से सरकार को हर महीने लगभग छह करोड़ रुपये की कमाई होती है। यहां से लगभग 10 हजार यात्री रोजाना यात्रा करते हैं। फिर भी देवरिया बस स्टैंड पर बुनियादी सुविधा के लिए यात्री तरस रहे है। प्रदेश सरकार को विकास से कोई लेना देना नहीं है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता: गोरखपुर में सैनिकों का सम्मान, एक साथ निकली भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

यात्रा में शामिल केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की प्रबल भावना से ओतप्रोत यह जनसैलाब देश की एकता, अखंडता और आत्मगौरव का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा है।

ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और सेना के अद्वितीय शौर्य को नमन करते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों व भूतपूर्व सैनिकों ने शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा विश्वविद्यालय गेट से होते हुए पैडलेगंज चौक पर सुभाष चंद बोस की प्रतिमा के पास समाप्त हुई।

यात्रा में शामिल केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की प्रबल भावना से ओतप्रोत यह जनसैलाब देश की




एकता, अखंडता और आत्मगौरव का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात को स्पष्ट करता है कि देश की सरकार व सेना आतंकिस्तानियों व उनके आकाओं को नेस्तनाबूद करने के लिए आगे बढ़ चली है।

इस यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, युधिष्ठिर सिंह, विधायक गण फतेह बहादुर सिंह, प्रदीप शुक्ला, महेन्द्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, कैप्टन ओमप्रकाश मिश्र, जीके मिश्र, मनोज सिंह, रमेश सिंह, सबल सिंह पालीवाल, ब्लॉक प्रमुख सुमन यादव, दिलीप कुमार यादव, संजू सिंह, चंचला शुक्ला व अन्य बहुत से लोग शामिल रहे।

# नवजात की सिर कटी लाश मिली, नोंच रहे थे कुत्ते

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के गांव मुंडेरा लाला में दोनों टोले के बीच सुबह करीब सात बजे एक नवजात बच्ची का शव कुत्ते नोच रहे थे। तभी गांव के लोगों की नजर पड़ी ग्रामीण शोर मचाते हुए दौड़ पड़े और कुत्तों को खदेड़ा।

थाना क्षेत्र के गांव मुंडेरा लाला में रविवार को सुबह एक नवजात लड़की की सिर कटी लाश कुत्ते खेत में नोंच कर रहे थे। इसकी जानकारी होने पर गांव वालों की भीड़ जुट गई। सूचना पर आई पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

बाद में पता चला कि पास के गांव की रहने वाली एक महिला का प्रसव



सरकारी अस्पताल में शुक्रवार को हुआ और बच्ची मरी पैदा हुई। घर वाले शव को दफना दिया था। वहां से जेसीबी से मिट्टी खनन कर मुंडेरा लाला गांव में गिराया था रहा था, उसी में नवजात का शव आ गया था।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के गांव मुंडेरा लाला में दोनों टोले के बीच सुबह करीब सात बजे एक नवजात बच्ची का शव कुत्ते नोच रहे थे। तभी गांव के लोगों की नजर पड़ी ग्रामीण शोर मचाते हुए दौड़ पड़े और कुत्तों को खदेड़ा।

इसके बाद लोगों ने देखा कि गांव के प्रभु गुप्ता के खेत में नवजात लड़की का शव पड़ा था। इसका सिर व दोनों हाथ नहीं था। इसकी जानकारी लोगों ने डायल 112 को दिया। मौके पर आई पुलिस ने स्थानीय थाने को मामले की जानकारी दी।

**गोरखनाथ विवि से समझौता करेगा IIT BHU...**

# पूर्वांचल में बनेगा नॉलेज पार्टनर, HEFA से 464.20 करोड़ का लोन मिला

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

IIT BHU: आईआईटी बीएचयू गोरखपुर के दो विश्वविद्यालयों को तकनीकी रूप से मजबूत करेगा। महायोगी गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के साथ समझौता किया जाएगा। इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में तकनीकी सहायता दी जाएगी। लोगों को सशक्त बनाया जाएगा।

आईआईटी के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने कहा कि आईआईटी बीएचयू एक नॉलेज पार्टनर के रूप में उभरेगा, जो कि प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का समर्थन करेगा। इसके



अलावा संस्थान को उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) की ओर से 464.20 करोड़ रुपये का लोन मिला है।

प्रो. पात्रा ने अपना एक साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद शनिवार को प्रोफेसरों के साथ वार्ता की। कहा कि इस फंड से सात योजनाएं शुरू की गईं। शताब्दी नवाचार, अनुसंधान पार्क, शताब्दी रक्षा और प्रिसिजन इंजीनियरिंग हब, मालवीय छात्र गतिविधि एवं कंप्यूटिंग केंद्र, दो नए हॉस्टल, शैक्षणिक ब्लॉक और स्टाफ रेजिडेंशियल अपार्टमेंट।

उन्होंने कहा कि ये इस कार्यकाल की सबसे बड़ा उपलब्धि रही। हाल ही में एक प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका का दौरा किया, जहां न्यू जर्सी, न्यू यॉर्क, मेम्फिस और मिशिगन में एलुमनाई मीट हुई। यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन, पर्ड्यू यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के साथ शैक्षणिक समझौते और अनुसंधान साझेदारी की संभावनाएं तलाशी गईं।

### 50 असिस्टेंट प्रोफेसरों की हुई नियुक्तियां

- आईआईटी-बीएचयू में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 50 से ज्यादा असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्तियां हुईं।
- टनलिंग और भूमिगत स्पेस इंजीनियरिंग के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना, 126 पेटेंट फाइल, 45 पेटेंट प्रकाशित और 75 पेटेंट स्वीकृत हुए। 2 तकनीकी स्थानांतरण भी हुए।
- एक साल में 23 भारतीय और 8 अंतरराष्ट्रीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- भारत सरकार की योजना के तहत ए राष्ट्रीय सुविधा केंद्र- बैटरी अनुसंधान की स्थापना का कार्य मिला। कुल 17 हॉस्टल बनाए गए।
- सभी मेस और शेफ को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से प्रमाणन मिला। कई हॉस्टलों में आईओटी आधारित वॉशिंग मशीनें और छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन स्थापित की गई है।
- जिमखाना परिसर का नवीनीकरण हो रहा है। जी-11 सभागार को विश्व स्तरीय स्तर पर पुनर्निर्मित किया जा रहा है।
- टेक्नो पवेलियन ग्राउंड पर अत्याधुनिक सिंथेटिक एथलेटिक्स कोर्ट बनाया जाएगा।
- कक्षाओं और छात्रावासों के सामान्य कक्षों को चरणबद्ध ढंग से वातानुकूलित किया जा रहा है।

# शादी बारात में किन्नरों की अवैध वसूली जारी, लगे लगाम

## किन्नरों के आतंक से हर कोई परेशान, मन माना नेग न देने पर रिश्तेदारों व परिजनों के सामने ही करते हैं जलील, शादी बारात में किन्नरों की मनमानी के चलते कई बार बनती है वाद–विवाद की स्थिति

जन एक्सप्रेस। राम कुशल मौर्य



**अब्बेडकर नगर।** जनपद में शायद ही कोई परिवार होगा, जिसे किन्नर का आतंक न झेलना पड़ हो। इनकी अवैध वसूली का सामना न करना पड़ा हो। अब तो किन्नर मोटी रकम के साथ सोने के जेवर की भी मांग करने लगे हैं। बस, ट्रेन चौराहों के साथ साथ बाजारों में भी ये मांगते मिल जाते हैं। शादी बारातों में इनकी वसूली से हर कोई परेशान है कई बार अप्रिय स्थिति पैदा हो जाती है पिछले 16 मई को जनपद के बेवाना थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव में आईं बारात में मुह मांगा रकम न देने पर किन्नरों ने जमकर उत्पात मचाया था जिससे बारातियों और किन्नरों में झड़प हो गई थी? जिसमें एक किन्नर को चोटें भी आई थी जिसको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था विवाद में शामिल लोगों के ऊपर किन्नरों द्वारा मुकदमा भी दर्ज करवाया गया था कहीं-कहीं लोग विवाद से बचने के लिए उनका मुंह मांगा रकम देकर उनसे अपना पीछा छुड़ाते हैं किंतु समाज की इस बड़ी समस्या कों और गंभीरता से नहीं सोचते।

शादी बरात के सीजन में किन्नरों का आतंक चरम पर है जहां गरीब हो या अमीर वर पक्ष हो या वधू पक्ष, कहीं गांव के घर हो या फिर मैरिज हॉल हर जगह किन्नर आपको वसूली करते हुए मिल जाएंगे। मांगलिक उत्साह हो या फिर कोई त्यौहार कहीं भी नहीं चूकते यूं तो व्यापारी या अन्य किसी प्रकार का रोजगार करने वालों को टैक्स देना होता है परंतु इन किन्नरों से इनकी आय भी पूछने वाला कोई नहीं है इस बेतहाशा कमाई के बाद भी किन्नर किसी भी गरीब वर वधू को भी नहीं छोड़ते मुंह मांगा नेक न देने पर परिवार वालों एवं रिश्तेदारों के सामने ही बेइज्जती पर उतारू हो जाते हैं शादी में लड़के पक्ष को डबल बधाई नेग देना पड़ता है। एक बार बारात स्थल पर दूसरी बार बहू के घर पहुंचने पर। किन्नर शादी वाले, या बच्चा होने वाले परिवार की आर्थिक हालत भी नहीं देखते। मनमानी रकम मांगते हैं। कहीं ये रकम 11 हज़ार होती है तो कहीं 40 हजार। न देने पर ये परिवार से बदतमीजी करते हैं। पुरानी चली आ रही परंपराओं के कारण लोग इनके शाप से डरते हैं। चाहे कर्ज उठाएं या कुछ अन्य करें पर इनकी मांग पूरी करनी पड़ती है। कई जगह मांग पूरी न होने पर झगड़े होते हैं, विवाद होता है।

### क्या है आम नागरिकों की राय

- कटेहरी विकास खंड के राम उजागिर कहते हैं कि किन्नरों ने वाकई में बेहद आतंक मचा रखा है मेरे लड़के की शादी में 29 अप्रैल को जलालपुर के एक मैरिज हॉल में बारात गई थी जहां पर किन्नरों द्वारा मुंह मांगा रकम ना देने पर झड़प हो गई थी
- राम पुर सकरवारी के समाज सेवी मनोज सिंह का कहना है कि किन्नरों के लेन देन का ब्यौरा भी सरकार को रखना चाहिए तथा नेग की एक राशि निर्धारित होनी चाहिए ताकि किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े
- समाज सेवी रमेश मौर्य कहते हैं कि शादी बारातों में इनकी वसूली से हर कोई परेशान है कई बार वाद विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। लोग किसी तरह अपना पीछा छुड़ाते हैं इस पर लगाम लगनी चाहिए
- पेशे से अधिवक्ता दिनेश कुमार वर्मा कहते है किन्नरों के आतंक पर लगाम अति आवश्यक है इससे गरीबों को अधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है किन्नरो को दिया जाने वाला नेग की राशि निर्धारित होनी चाहिए जिससे आम जनता को सहूलियत मिलेगी

### इस प्रकार कम हो सकता है किन्नरों का आतंक

- मांगलिक उत्सव और त्योहार में कितनी रकम लेनी है, यह तय होना चाहिए
- शादी में लड़के पक्ष को डबल बधाई नेग देना पड़ता है। एक बार बारात स्थल पर दूसरी बार बहू के घर पहुंचाने पर। यह तय हो कि किन्नर बहू के घर पहुंचने पर वहीं बधाई गाकर नेग लेंगे।
- बारात स्थल पर रात में कोई भी किन्नर ना जाए सुबह जाएं, जब कलेवा का समय हो।
- जनता और गेस्ट हाउस, होटल वालों को मसौदे से जागरूक करने के लिए अभियान चलाना
- सभी किन्नरों के पास आईकार्ड अनिवार्य हो ताकि फर्जी किन्नरों पर लगाम लग सके।

# समाजसेवी नीरज मौर्य को राष्ट्र गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद के सामाजिक संस्था आरम्भ फाउंडेशन के प्रथम स्थापना दिवस के मौके पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश रक्तकुंभ एवं सम्मान समारोह 2025 के मौके पर लोहिया भवन में आयोजित हुआ (जिसमें उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों से रक्तदानी व समाजसेवियों ने प्रतिभाग किया) समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी मण्डल के विभिन्न समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि सेवा हि धर्म टीम के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा व जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल शिवकुमार गुप्ता कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्षा संध्या सिंह **समीप** ने की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 35 जिलों के समाजसेवियों को मोमेंटो व प्रस्सत्रिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में रक्तदान कैम्प,पौधारोपण तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए नव्या ग्रीन फाउंडेशन रामनगर के अध्यक्ष समाजसेवी नीरज मौर्य व समाजसेवी अब्दुल्ला इदरीसी को मुख्य अतिथि सेवा हि धर्म टीम के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा व जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल शिवकुमार गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान कर आरम्भ फाउंडेशन की तरफ से सम्मानित किया..!! समाजसेवी नीरज मौर्य ने कहा कि इस सम्मान के हकदार हमसे जुड़े सभी रक्तदाता भाई है जो ज़रूरतमंद को रक्तदान के लिए हमेशा आगे रहते हैं। आज उनकी बदौलत इस मुकाम पर पहुंचे हैं..!! समाजसेवी नीरज मौर्य ने आरम्भ फाउंडेशन की अध्यक्षा महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश राज्यपाल से सम्मानित संध्या सिंह **समीप** एवं पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया..!!

# मुख्यमंत्री आरोप्य स्वास्थ्य मेले में 2492 मरीजों का किया गया उपचार




जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में रविवार को जिले के इक्तीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 2492 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया, जिसमें 1056 पुरुष, 809 महिलाएं तथा 627 बच्चे शामिल हैं।

# क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी व थाना शाखा प्रभारियों ने प्रतिभाग किया।

कानून शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया गया। आगामी त्योहार के दौरान जनपद में शान्ति सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

जानकारी के अनुसार 18 मई 2025 को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी कर त्वरित कार्यवाही करने के संबंध में रिजर्व पुलिस लाइन में गई गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में विभिन्न बिन्दुओं जैसे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही, अवैध मादक पदार्थों एवं शराब की तस्करी पर रोकथाम, अवैध हथियारों की तस्करी पर रोकथाम, इण्डो नेपाल बॉर्डर पर संदिग्ध गतिविधि व तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु सीमावर्ती क्षेत्रों के पुलिस बल के साथ नियमित रुप से संयुक्त कॉम्बिंग पेट्रोलिंग एवं चेकिंग अभियान, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व नियंत्रण पर चर्चा की गयी।

जनपद के बॉर्डर पर नाकाबंदी करके सघन चेकिंग करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों व वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने आगामी त्योहारों को शान्ति, सौहार्दपूर्ण सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत समस्त थाना प्रभारी को क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधान, धर्मगुरुओं एवं ग्राम प्रहरियों के साथ पीस कमेटी बैठक कर थाना क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा संवेदनशील स्थानों पर निरंतर गश्त करने के दिशा निर्देश दिए। साथ ही सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखने तथा भ्रामक व गलत संदेश एवं सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार, क्षेत्राधिकारी ललिया डॉ0 जितेन्द्र कुमार क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनंदन राय क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित समस्त थानों के प्रभारी निरी थानाध्यक्ष एवं थाना शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# बलरामपुर पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए दो को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के कोतवाली देहात पुलिस ने रविवार को चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए 02 शातिर चोर गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अभिव्यक्तियों के पास से चोरी गए जेवरात व पैसा बरामद भी बरामद कर लिया है । अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने 18 मई को बताया कि 13 मई 25 को जिला संयुक्त अस्पताल जनपद बलरामपुर में पर्ची कटवाने हेतु लाइन में लगे व्यक्ति के जेब से 3800 रुपये, आधार कार्ड, पासबुक व अन्य कागजात चोरी कर लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में दिनांक 16 मई 25 को पीड़ित माता प्रसाद पुत्र राम आधार निवासी इटईमैदा जनपद बलरामपुर की तहरीरी सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही थी। उन्होंने बताया कि संबंधित घटना के शीघ्र अनावरण हेतु अस्पताल व आसपास के सैकड़ो सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गए संदिग्ध व्यक्तियों की सटीक पहचान सुनिश्चित कर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों नसीम उर्फ माओवादी पुत्र अनवर ग्राम मथुरा बाजार थाना ललिया जनपद बलरामपुर व सईद पुत्र हबीब निवासी ग्राम गनवरिया थाना तुलसीपुर बलरामपुर को नरकटिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो के तलाशी के दौरान थाना को0 देहात पर पंजीकृत चोरी से संबंधित चोरी गए सामानों की भी बरामदी की गई। बरामदगी के आधार पर धारा 317(2), 317(4) की बढोत्तरी कर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त पेशेवर अपराधी हैं जो आए दिन भीड़-भाड़ वाले स्थानों (बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल व बाजार आदि) पर मौका पाकर पाकेट मारना, बैग व सामान की चोरी करने की को अंजान देते रहते हैं। इनके विरुद्ध आप-पास के जनपदों में चोरी, लूट, NDPS, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, गुण्डा एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में दर्जनों अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त नसीम थाना ललिया का हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि 13 मई 2025 को संयुक्त अस्पताल के पंजीकरण कक्ष से एक व्यक्ति का हमने और सईद ने मिलकर उसके ऊपरी जेब से एक पासबुक चोरी कर लिया था उस व्यक्ति का एक आधार कार्ड और 3800 रुपया था जिसमें मुझे 1900/- रुपया हिस्सा मिला था। कड़ाई से पूंछताछ करने पर बताया गया कि साहब सितम्बर 2024 के अंतिम सप्ताह में तारीख याद नही है छोटा धुसाह निकट जलविभाग आफिस के पास एक घर के अन्दर रात्रि में कूद कर दरवाजा खोलकर अंदर रखा अलमारी का लाक तोड़कर उसमे रखे गहने और 15000/- रुपया हम लोगों ने चोरी कर लिया था जिसमें हमदोनो ने बराबर बराबर गहने और हिस्से में आये रुपये 7500-7500/- आपस मे बांट लिये थे। उसी हिस्से में मिले गहनो में से कुछ गहनो को हम लोगो ने बेच दिया और हिस्से में मिले रूपये तथा गहने के बदले मिले रुपये हमलोग खर्च कर मौज मस्ती किये उस घर में चोरी किये गये गहनो में आज बचे हुए गहने हम लोग मजबूरी बताकर बेचने जा रहे थे ।गिरफ्तार कर्ता टीम में बृजानंद सिंह (प्रभारी निरी0 थाना को0 देहात), उ0नि0 राजेश कुमार गुप्ता, उ0नि0 राजेश चन्द, उ0नि0 दिलीप सिंह, का0 आशीष सिंह व कां0 जगदीश भारती शामिल थे।

# साइबर अपराधी को पुलिस ने के किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर की साइबर थाने की पुलिस ने रविवार को एक अंतर्जनपदीय साइबर ठगी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 18 मई को साइबर थाना बलरामपुर पुलिस द्वारा साइबर ठगी करने वाले एक अन्तर्जनपदीय साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित कुलदीप सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी कोल्हुई बिनोहनी, श्रीदत्तगंज, बलरामपुर जिसका ईंट भट्ठा श्रीदत्तगंज में चलता है को 08 मार्च 2025 को उसके मोबाइल नंबर पर कॉल करके चीनी मिल के पास अपनी साइट चलना बताकर 10000 ईंट खरीदने की बात बतायी गयी। पीड़ित के बैंक खाते में 3,00,000/- का चेक लगाना बताया गया व फर्जी चेक की फोटो व्हाट्सएप कर दी गयी थी । पीड़ित से यह कहकर की चेक का पैसा उसके खाते में आ जायेगा तब तक वह 62,200/- रुपये किसी काम के लिए आवश्यकता है उसे दे दे। पीड़ित द्वारा विश्वास में आकर 62,200/- रुपये यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर दिये गए थे । पीड़ित द्वारा साइबर क्राइम थाना पर दी गयी तहररीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा आईटी एक्ट बनाम राजन श्रीवास्तव पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में हुए साइबर ठगी के अपराधों के अनावरण के विरुध्द कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी साइबर क्राइम योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम यातायात डी0 के0 श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना आरपी यादव के नेतृत्व में 18 मई 2025 को मुखबिर की सूचना पर उतरौला रोड निकट संयुक्त जिला चिकित्सालय अन्तर्जनपदीय अभियुक्त राजन श्रीवास्तव पुत्र स्व0 कृष्ण बहादुर श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला जानकी नगर कालोनी बहराइच रोड कोतवाली नगर गोण्डा को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया जा रहा है। पूछताछ पर अभियुक्त राजन श्रीवास्तव ने बताया कि मैं मोहल्ला जानकीनगर कालोनी बहराइच रोड कोतवाली नगर गोण्डा का रहने वाला हूँ। मैं पहले जीतू श्रीवास्तव जो जानकी नगर कालोनी के ही रहने वाले है पीडब्ल्यूडी में ठेकेदार हैं मैं उनके वहां मुन्शी का काम करता था जिससे मैं ठेकदारो को सामान सप्लाई करने वाले ईंट भट्ठा आदि चलाने वाले लोगो को जानता था उसी के सिलसिले में मैं चीनी मिल बलरामपुर, श्रीदत्तगंज, कपउवा आदि क्षेत्रों आ चुका था मेरे पास विष्णु देव शुक्ला जिनका मेडिकल स्टोर मेरे ढाबे के बगल में था का चेक बुक मेरे हाथ लग गया था उसी चेक बुक को निकाल कर जिससे ठगी करनी होती थी उसके नाम का चेक काटकर उसको पैसे बैंक से मिल जायेंगे बताकर नगदी लेकर ठगी कर लेता था कुलदीप सिंह को भी इसी तरह काल उनसे कहा था कि मेरी साइट बलरामपुर चीनी मिल के पास चल रही है मुझे 10000 ईंटो की आवश्यकता है और एक चेक 3,00,000/- रुपये का उनको व्हाट्सएप कर यह बताया कि मुझे कुछ पैसै की आवश्यकता है आप मुझे ईंट का पैसा काटकर कुछ पैसा दे दीजिए इस प्रकार 62,200/- रुपये की साइबर ठगी कर ली गयी थी। हम इसके पहले भी इसी तरह कई लोगो के साथ साइबर ठगी कर चुके हैं जिसके लिए गोण्डा से भी साइबर ठगी के मामले में जेल भी चा चुके हैं। गिरफ्तारी कर्ता टीम में साइबर थाना टीम सर्विलांस व एस0ओ0जी0 टीम के निरीक्षक आर0पी0 यादव (प्रभारी साइबर थाना, हे0का0 शशांक शेखर यादव, उ0नि0 आशुतोष उपाध्याय व का0 विशाल द्विवेदी, हे0का0 जग प्रसाद वर्मा, श्याम जी, का0 अनिल कुमार, का0 विकास कुमार तथा का0 पंकज कुमार शामिल थे।

# रेलवे ओवरब्रिज निर्माण हेतु डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

एन एच-730 बलरामपुर - बहराइच मार्ग पर झारखंडी महादेव मंदिर रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण हेतु डीएम पवन अग्रवाल द्वारा झारखंडी महादेव मंदिर से वीर विनय चौराहे तक एनएच एवं सेतु निगम के अधिशाषी अभियंता के साथ पैदल भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि सभी संभावनाओं पर गहन मंथन करते हुए रेलवे ओवरब्रिज का बेहतर ड्राइंग तैयार करें, उन्होंने 2 लेन का रेलवे ओवरब्रिज की ड्राइंग पर बनाए जाने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिशाषी अभियंता सेतु निगम को सभी प्रक्रिया में तेजी लाते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने का निर्देश दिया। बताते चलें कि झारखंडी महादेव मंदिर रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण से रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी एवं बड़ी संख्या में शहरवासी एवं राहगीर लाभान्वित होंगे। इस दौरान एसडीएम बलरामपुर सदर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, निर्माण खंड अधिशासी अभियंता एनएच, अधिशासी अभियंता सेतु निगम, डीईएसटीओ व तहसीलदार सदर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# खनन माफिया मौके से फरार, अवैध खनन को लेकर प्रशासन की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। मथुरा/फरह

गोवर्धन व सदर तहसील के गांव तारसी में अवैध खनन का भंडाफोड़ हुआ है। खनन अधिकारी अक्षय कुमार ने रविवार सुबह चार बजे छापेमारी की। मौके से एक जेसीबी मशीन, दो ट्रैक्टर जब्त किए गए। सभी वाहनों को थाना परिसर में भेजा गया है।

खनन अधिकारी ने बताया कि गोवर्धन तहसील के अडींग ओर सदर तहसील के राल बांटी में लंबे समय से मिट्टी का अवैध खनन चल रहा था। शिकायत मिलने पर सुबह टीम के साथ मोके में दबिश दी गई। अडींग से एक जेसीबी दो ट्रेक्टर, राल बाटी से एक ट्रेक्टर ओर एक डम्फर मोके से पकड़े वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की गयी। इस दौरान खनन में शामिल माफिया मौके से भाग निकले।

अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। खनन की गई जमीन का घन मीटर के हिसाब से आकलन किया जाएगा। दोषियों से जुर्माना वसूला जाएगा। प्रशासन अवैध खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर कर कर्यवाई करेगा।




# शहीद वीर अब्दुल हमीद वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया जा रहा सर्व समाज शादी सम्मेलन




जन एक्सप्रेस। आगरा

शहीद वीर अब्दुल हमीद वेलफेयर सोसायटी की जानिव से शहीद वीर अब्दुल हमीद सर्व समाज शादी सम्मेलन व मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 21 व 22 मई 2025 को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में गरीब कन्याओं की शादी के साथ साथ कब्बाली और मेले का अभी आयोजन किया जा रहा है। सोयायटी द्वारा पिछले कई वर्षों से समाजहित में यह कार्यक्रम करती आ रही है। सोसायटी के मेला अध्यक्ष श्री शमशेर अब्बास का कहना है कि हमारी सोसायटी सर्व समाज के लिए हमेशा से कार्य करती आ रही है और आगे भी इसी प्रकार लोगों की भलाई का कार्य किया जाता रहेगा। सोसायटी में मुख्य रूप से शमशेर अब्बास मेला अध्यक्ष, पातीराम मेला उपाध्यक्ष, डॉ. यशपाल सिंह पार्षद, विक्रम सिंह जाटव, अकील अब्बास, मुनीष अल्वी, सददाम हुसैन, एडवोकेट यूनिश, आमिर, गुड्डु भाई मंसूरी, बाबे भाई, अंगद मोदी जी, मनोज यादव, संजू जाटव, शेर खां उस्मानी आदि मुख्य रूप से लोग जुड़े हुए हैं।

# गो-तस्करों से मुठभेड़ में शहीद हुआ हेड कांस्टेबल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले से शनिवार रात एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। चंदवक थाना क्षेत्र के खुज्जी मोड़ पर पुलिस और गो-तस्करों के बीच मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गए, जबकि एक महिला कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना ने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर कर रख दिया है।

### गाड़ी नहीं रोकी, पुलिस पर चढ़ा दी पिकअप

जानकारी के अनुसार, पुलिस को इनपुट मिला था कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति गोवंश से भरी पिकअप वैन में वाराणसी से आजमगढ़ की ओर जा रहे हैं।

सूचना पर चंदवक थाना क्षेत्र के खुज्जी मोड़ पर पुलिस ने नाकेबंदी की। जैसे ही संदिग्ध वाहन वहां पहुंचा, पुलिस के रोकने पर तस्करों ने गाड़ी की रफ्तार और तेज कर दी और सीधे पुलिस टीम पर चढ़ा दी। इस हमले में एक हेड कांस्टेबल की मौके पर ही शहादत हो गई, जबकि एक महिला कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एक महिला सिपाही गंभीर घायल



शहीद दुर्गेश कुमार सिंह

### 60 किलोमीटर तक चला पीछा, फाटक तोड़कर भागे तस्कर

पुलिस ने हमलावरों का पीछा करना शुरू किया जो लगभग 60 किलोमीटर तक चला।

तस्करों ने रेलवे फाटक तोड़ने से लेकर जानबूझकर कई बार पुलिस को चकमा देने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने अंततः पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली।

## 60 किलोमीटर तक चला पीछा, गोलीबारी में मुख्य आरोपी ढेर, दो गिरफ्तार




### बहादुरी को सलाम, लेकिन सवाल भी कायम

- एक ओर एक सिपाही ने देश और कर्तव्य के लिए अपनी जान न्योछावर की, वहीं दूसरी ओर यह सवाल फिर उठ खड़ा हुआ है –
- क्या गो-तस्करी अब केवल अवैध व्यापार नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए एक खुली चुनौती बन चुकी है?
- जब कानून के रक्षक ही निशाने पर हों, तो आम नागरिक की सुरक्षा की क्या गारंटी है?
- जन एक्सप्रेस इस वीर सिपाही को शत-शत नमन करता है और घायल महिला कांस्टेबल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।

### मुख्य आरोपी सलमान मारा गया, दो अन्य घायल गिरफ्तार

पुलिस ने जब तस्करों को आत्मसमर्पण करने को कहा, तो तस्करों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें मुख्य आरोपी सलमान ढेर हो गया, जबकि दो तस्कर – नरेंद्र और गोलू यादव – घायल अवस्था में गिरफ्तार किए गए हैं।

### तीन थानों की टीम और एसओजी रही शामिल

इस साहसी अभियान में चंदवक, चोलापुर और एसओजी की संयुक्त टीमें शामिल थीं। पुलिस अब गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क की तह तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है।

## शहीद दुर्गेश कुमार सिंह को उनके पैतृक गांव चंदौली में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शहीद मु0आ0 दुर्गेश कुमार सिंह को उनके पैतृक गांव ग्राम उकनी थाना सकलडीहा जनपद चंदौली में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस को नमन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जौनपुर,
पुलिस अधीक्षक चन्दौली अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण व परिजन उपस्थित रहे।

### भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए



### रोते हुवे परिवार वाले



## अकादमिक रिसोर्स पर्सन(एआरपी) के लिए माइक्रो टीचिंग परीक्षा में 39 शिक्षक सफल




जन एक्सप्रेस। बस्ती

बेसिक शिक्षा विभाग में अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) के 75 पद के लिए गुरुवार व शुक्रवार को डायट के सभागार में माइक्रो टीचिंग परीक्षा आयोजित की गई थी। माइक्रो टीचिंग परीक्षा में सफल शिक्षकों का परिणाम रविवार घोषित हुआ। जिसमें 140 आवेदन के सापेक्ष कल 94 शिक्षकों ने एआरपी परीक्षा के लिए प्रतिभाग किया। जिसमें पहले चरण की परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले 94 शिक्षकों में 65 ने सफलता पाई, वही दूसरे चरण के माइक्रो टीचिंग परीक्षा में 65 में 58 शिक्षकों ने परीक्षा दिया जिसमें 39 ही शिक्षक माइक्रो टीचिंग परीक्षा पास कर सके। अब एआरपी पद के लिए इच्छुक शिक्षकों का इंटरव्यू के बाद में फाइनल रिजल्ट जारी होगा। एआरपी पद के लिए परीक्षा में बैठने वाले शिक्षक माइक्रो टीचिंग परीक्षा में केवल 39 ही उत्तीर्ण सके है। इसमें हिंदी विषय में मात्र 4, सामाजिक विषय में 9, अंग्रेजी विषय में महज 4, गणित में सबसे ज्यादा 14 और विज्ञान विषय के 9 शिक्षक ही माइक्रो टीचिंग परीक्षा उत्तीर्ण कर सके। माइक्रो टीचिंग परीक्षा डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल, बीएसए अनूप कुमार, बीईओ विनोद त्रिपाठी आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। डायट प्रवक्ता अलीउद्दीन खान, शशिदर्शन त्रिपाठी, डीसी स्वप्निल श्रीवास्तव आदि ने सहयोग किया।

### जिले में 1 अप्रैल से खाली है अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) का पद

बस्ती जिले में एआरपी के पद पर तैनात शिक्षकों का कार्यकाल 31 मार्च 2025 को समाप्त होने के बाद वह अपने मूल विद्यालय में एक अप्रैल 2025 से अपने मूल पद पर काम करने लगे थे। एआरपी की नवीन चयन प्रक्रिया के तहत नगर और जिले के 14 ब्लॉकों में पांच-पांच एआरपी की तैनाती होनी है।

### अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) ऐसे करते हैं काम,3 वर्ष के लिए होता है कार्यकाल

अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) प्रत्येक ब्लॉक में परिषदीय स्कूलों में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों के शिक्षण कार्य की सपोर्ट के लिए एक ब्लॉक में पांच एआरपी की तैनाती की जाती है। जिनका 3 साल के लिए कार्यकाल होता है। हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान विज्ञान, गणित इन पांच विषयों के लिए एआरपी विषय विशेषज्ञ के रूप में हर विकासखंड में तैनात होते हैं। जिनका कार्य प्रतिदिन अधिकतम दो विद्यालयों में जाकर आदर्श पाठ्य प्रस्तुतीकरण द्वारा अध्यापकों की सपोर्ट करने के लिए होता है।

## अविवाहित अधिवक्ता ने आखिर क्यों लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जंघई। जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के अमाई गांव निवासी इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक अधिवक्ता ने वीडियो कॉल कर फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। जिसकी जानकारी होते ही गांव में तरह तरह की चर्चाएं दूसरे दिन होती रही। इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक युवा अधिवक्ता ने अपने डॉक्टर भाई को वीडियो कॉल किया । उसके बाद लाइव रहते हुए फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी इस हरकत से भाई के होश उड़ गए। सूचना पर पहुची प्रयागराज पुलिस अधिवक्ता का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। किन्तु ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चाएं दिनभर होती रही। अमाई गांव निवासी करीब 27 वर्षीय मिथिलेश राज गौतम इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत करते थे। शिवकुटी में उनकी बहन का मकान है। उसी मकान में वह रहते थे। बहन परिवार के साथ बाहर रहती हैं। आसपास के लोगो ने बताया कि शनिवार शाम को करीब चार बजे मिथिलेश हाईकोर्ट से अपने कमरे पर लौटे थे। और किसी बात से परेशान होकर अपने भाई डॉक्टर शरद कुमार को वीडियो कॉल किया। बातचीत के दौरान अधिवक्ता ने कहा कि वह फांसी लगाकर जान देने जा रहा है। इससे पहले कि डॉक्टर शरद कुछ कर पाते, विमलेश ने कमरे में फांसी का फंदा बनाना शुरू किया। इस दौरान उसने मोबाइल को डिस्कनेक्ट नहीं किया था। फांसी की बात सुनकर उसे समझाता हुआ भाई विवश हो उसे फंदे पर झूलता देख चीख पड़ा। घबराकर उसने वकील के दोस्तों व रिश्तेदारों से संपर्क कर मामले को बताया। इसके साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। कुछ देर बाद ही आसपास के परिचित लोग वहां पहुंच गए। लेकिन अधिवक्ता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था।

## शादी की खुशियाँ बनी मातम: मुठभेड़ में ढेर हुआ दूल्हे का बड़ा भाई, चार करोड़ की लूट और हत्या का था आरोपी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खेतासराय। जहां घर में शादी के जश्न की तैयारियां चल रही थीं, वहीं एक मुठभेड़ की खबर ने पूरे परिवार की जिंदगी बदल दी। खेतासराय क्षेत्र के पोरईकलां गांव निवासी संतोष उर्फ राजू, जो चार करोड़ की कापर वायर लूट और ट्रक चालक की हत्या का आरोपी था, कोखराज (कौशाम्बी) में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।

मारे गए आरोपी के घर से सोमवार को उसके छोटे भाई सरोज की बारात जानी थी।

शादी के मंडप की जगह बिछ गया मातम का सन्नाटा घर में ढोल-नगाड़े बजने थे, रिश्तेदार जुटने थे, मिठाई बंटनी थी, लेकिन अब वहां सन्नाटा है, मातम है, और हर आंख नम है। सरोज के लिए शादी की रात जिंदगी की सबसे बड़ी खुशियों में से एक होनी थी, लेकिन अब वह अपने बड़े भाई की अर्थी को देख शून्य में खोया खड़ा है।

### कुख्यात था बदमाश संतोष उर्फ राजू

पुलिस के मुताबिक, संतोष लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था। उसके खिलाफ कई मामले पहले से दर्ज थे। हाल ही में उसने अपने गैंग के साथ मिलकर एक चार करोड़ की कापर वायर लूट को अंजाम दिया था और ड्राइवर साबरमल मीणा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। शव को झाड़ियों में फेंकने के बाद ट्रेलर को प्रतापगढ़ की सीमा में खड़ा किया गया था।

### मुठभेड़ में हुआ अंत

शनिवार रात कोखराज पुलिस ने जब संतोष को गिरफ्तार किया, तो पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल किया। हथियार बरामद करने के लिए जब पुलिस उसे घटनास्थल पर लेकर गई, वहां उसने झाड़ियों में छिपाई लोडेड पिस्टल निकालकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में संतोष के सीने में छह गोलियां लगीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस की बुलेटप्रूफ जैकेट बनी जान की ढाल

एसपी राजेश कुमार के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान एसएचओ चंद्रभूषण मौर्य और एक दरोगा की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोलियां लगीं, जिससे उनकी जान बच सकी।

### परिवार बोला—बहुत समझाया, लेकिन वो अपराध से बाहर नहीं आया

परिजनों का कहना है कि उन्होंने कई बार संतोष को अपराध का रास्ता छोड़ने की सलाह दी, लेकिन वह नहीं माना। अब पूरे परिवार को उसकी मौत के साथ अपराध की कीमत चुकानी पड़ी है।

## धोखाधड़ी की शिकार महिला की विषाक्त पदार्थ खाने से मौत, महिला अस्पताल में थी तैनाती

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बस्ती जिले के महिला अस्पताल में कार्यरत 37 वर्षीय शांति यादव ने शनिवार की शाम विषाक्त पदार्थ खाने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शांति यादव एक सेवा प्रदाता कंपनी के माध्यम से अस्पताल में काम कर रही थीं। कुछ लोगों ने उनसे स्थायी नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपए ले लिए थे। इस धोखाधड़ी के बाद से वह लगातार अवसाद में थीं। शांति शहर के ओरी जोत वार्ड में किराए के मकान में अपने दो बच्चों के साथ रहती थीं। वह संत कबीर नगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र की बेलमा की रहने वाली थीं। रविवार को दिन में लगभग 1 बजे मृतका के भाई भोलू यादव ने बताया कि वह 12 मई को बहन से मिलने आए थे। तब परिवार में सब कुछ ठीक था। शांति के पति देवशरण यादव हैदराबाद में मजदूरी करते हैं। 17 मई की शाम को जहर खाने के बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। ओपेक चिकित्सालय में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना से उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## जौनपुर के साथ पूर्वांचल भर में आज भी बेखौफ़ तरीके से चल रहा है पशु तस्करी का धंधा

### गैंगस्टर हिस्ट्रीशीट के मुकदमों से भी अपराधियों का नहीं टूटा हौसला

### जौनपुर के 28 थानों में सक्रिय हैं 4 हजार कुख्यात पशु तस्कर

- सगे भाई, भतीजा, तीन बेटे, साले और रिश्तेदार तक शामिल हैं पशु तस्करी के धंधे मे
- जौनपुर से पश्चिम बंगाल तक फैला है पशु तस्करों का ललनेटवर्क
- `प्रदेश की पुलिस के लिए वांटेड है जौनपुर के रानीमऊ, लेदरही, अरंद, पट्टीनरेंद्रपुर दर्जन भर पशु तस्कर
- करोड़ों की बनाई संपत्ति, दो दर्जन पिकअप, आधा दर्जन ट्रक समेत अवैध असलहों की मौजूद है पूरी खेप
- तस्करी के दौरान पुलिस पर गाड़ियां चढ़ाना, फायर करना, गोली मारना इनकी आदत में शुमार है

जन एक्सप्रेस। इंद्रजीत सिंह मौर्य

जौनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त आदेश है कि पशु तस्करों पर पुलिस कहर बन कर टूटे। गैंगस्टर, रासुका, हिस्ट्रीशीट समेत अन्य सभी गंभीर धाराएं लगाई जाय, उनकी संपत्ति जप्त की जाए। बावजूद इसके जौनपुर समेत पूरे पूर्वांचल में पशु तस्करों का धंधा बेखौफ तरीके से बदस्तूर आज भी जारी है। यूं कहे कि जौनपुर से ही पूर्वी यूपी में पशु तस्करों के बड़े नेटवर्क का संचालन हो रहा है। पशु तस्करी के इस धंधे में सगे भाई, भतीजा, तीन से चार बेटे, साले बहनोई से लेकर पूरा कुनबा शामिल हैं। इनके पास 50 से अधिक पिकअप, दर्जनों ट्रक, करोंडे की संपत्तियां और तस्करी में प्रयुक्त होने वाले खूनी खंजर, छुरी, चाकू के साथ, देसी विदेशी तमंचा, कारतूस समेत अवैध असलहों की पूरी खेप मौजूद है। जिले की खेतासराय पुलिस के रिकॉर्ड के मुताबिक खेतासराय थाना क्षेत्र के रानीमऊ ग्राम निवासी अब्दुल सलाम उर्फ बिल्ला और उसका सगा छोटा भाई दिलशाद पुत्र गण मुस्लिम के खिलाफ पशु तस्करी के आरोप में गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीट, समेत मिनी गुंडा एक्ट की सभी कार्रवाई की जा चुकी है। अब्दुल सलाम उर्फ बिल्ला अकेले सिर्फ जौनपुर ही नहीं पूर्वांचल का कुख्यात पशु तस्कर माफिया माना जाता है। वह इस धंधे में इतना क्रूर, मनबढ़, बेखौफ और शातिर है कि उसे पूर्वांचल के अन्य पशु तस्कर बिल्ला नाम से ही जानते हैं। फिल्मी दुनिया के खलनायक बिल्ला के नाम से ही गो तस्करी, पशु पालकों के दरवाजों से भैंस, गाय खोलने के दौरान उनके ऊपर नुकीले पत्थर मारने, तमंचे से फायर करने में यह इतना मास्टर माइंड माना जाता है। उसके इस जुर्म और अपराध करने के तरीकों को देखते हुए उसे बिल्ला माफिया की टाइटल दिया है। अब्दुल सलाम उर्फ बिल्ला के इस धंधे में उसके सगे तीनों बेटे मोहम्मद नदीम, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद वसीम खुद पुलिस रिकॉर्ड में शामिल है। अब्दुल सलाम का सगा साला मोहम्मद बबलू जिसे अन्य कई उप नाम से भी जाना जाता है के खिलाफ भी पशु तस्करी के कई मुकदमे दर्ज हैं। अब्दुल सलाम उर्फ बिल्ला ने दो दर्जन पिकअप, कई ट्रक और करोड़ों की संपत्ति बनाई है। पूर्व में जौनपुर के पुलिस अधीक्षक रहे राजकरन नैयर और शाहगंज के डिप्टी एसपी रहे अंकित कुमार के कार्यकाल में अब्दुल सलाम उर्फ बिल्ला की 78 लाख रुपए की संपत्ति को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कुर्क किया हैं। कई पिकअप और ट्रैकों को चीज कर दिया लेकिन बिल्ला इतना शातिर अपराधी निकला कि उसने अन्य सभी संपत्तियों और वाहनों को अपने रिश्तेदारों के नाम ट्रांसफर कर दिया है। आज भी उसके कई वाहन राजनीतिक संरक्षण में गिट्टी मोरंग लाने ले जाने के काम में लगे हुए हैं। पुलिस ने मकान को कुर्क करके उस पर ताला जड़ दिया है लेकिन गांव के लोगों का कहना है बिल्ला और उसके बेटे आज भी रात के अंधेरे में अपने गांव में बखूबी आते और जाते हैं। जब पुलिस के सायरन, हूटर बजाते आती है तो वह भूमिगत हो जाते हैं।

### राजनीतिक संरक्षण के चलते खूब फल फूल रहा है पशु तस्करों का बड़ा संजाल



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पुलिस चेकिंग के दौरान थानेदार, कांस्टेबल के टार्च जलाते ही उन पर फायर झोकाना, पिकअप चढ़ाना, और खूंटे में बंधी लाखों रुपए कीमत की दुधारू भैंस, गाय बछड़ा को खोलने के दौरान पशुपालकों पर नुकीले ईट पत्थर बरसाना एंव कुख्यात पशु तस्करों की आदत में शुमार है। पशुओं की तस्करी के दौरान ये तस्कर इतने क्रूर और कुख्यात हो जाते हैं कि सामने आने वाले के प्रति उनके दिल में जरा से भी रहम नहीं होता। यही कारण था की बीती रात जौनपुर के एक होनहार कांस्टेबल दुर्गेश सिंह इन पशु तस्करों को रोकने के चक्कर में शहीद हो गया। वह अलग बात है कि जिले की एसओजी पुलिस टीम तुरंत अलर्ट मूड में हुई और एक कुख्यात तस्कर सलमान पुत्र मुसाफिर निवासी ग्राम मथुरापुर कोटवा थाना जलालपुर जौनपुर को घेराबंदी कर मौत की नींद सुला दिया। लेकिन सवाल या उठता है कि आखिर जिलेभर में इतनी भारी भरकम पुलिस फोर्स, स्थानीय अभी सूचना इकाई एलआइयू व की टीम और जिले में करीब 3500 से चार हजार के करीब पशु तस्कर पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं। फिर भी जिले के 28 थानों की पुलिस इनके अवैध कारोबार पर न तो अंकुश लगा पा रही है। न ही उन्हें सही ठिकाने पर भेज पा रही है। इससे साफ जाहिर है कि इन्हें कहीं न कहीं सत्ता शासन का राजनीतिक संरक्षण और कुछ चंद खाकी वर्दी धारी लोगों कि इस धंधे में संलिप्त संलिप्तता यह बताती है की दाल में जरूर कुछ काला है। उदाहरण के तौर पर खेतासरॉय थाना क्षेत्र में 84 पशु तस्कर पुलिस रिकॉर्ड में पंजीकृत है। इनमें दर्जन भर को पहले जेल भेजा जा चुका है। बाकी 13 तस्करों को दो दिन दिन पहले ही पुलिस ने उनके ठिकाने से छापेमारी कर गिरफ्तार किया और चालान न्यायालय जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय से बताते हैं की रानीमऊ के कुख्यात सगे भाई अब्दुल सलाम उर्फ बिल्ला, दिलशाद अहमद पुत्रगण मोहम्मद मुस्लिम व उनके तीन बेटों, रिश्तेदारों के खिलाफ गैंगस्टर समेत सभी गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जा चुकी है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है अगर एक थाने के रिकॉर्ड में में 84 पशु तस्कर पंजीकृत हैं तो जिले की छह तहसील के 28 थानों में इनकी संख्या कितनी हो सकती है।

### विदेश भाग गया है एक पशु तस्कर

जौनपुर। पूर्वांचल के कुख्यात पशु तस्कर एक दर्जन पुलिस थानों के लिए वांटेड बने खेतासराय थाना क्षेत्र के रानीमऊ ग्राम निवासी अब्दुल सलाम उर्फ बिल्ला पुत्र मोहम्मद मुस्लिम का एक सगा रिश्तेदार जो पशु तस्करी के उसके पूरे नेटवर्क को संचालित करता था। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूसरी बार सरकार बनते ही शासन ने जब पशु तस्करों पर शिकंजा कसा तो यह अपराधी विदेश कतर भाग गया। खेतासराय, खुटहन पुलिस के रिकॉर्ड में उसके खिलाफ पशु तस्करी का मुकदमा आज भी दर्ज है। ऐसे में सबसे अहम सवाल उठता है कि जब अभियुक्त विदेश है तो उसके मुकदमे की पैरवी और कोर्ट में पड़ने वाली नियत तारीख पर उसके हस्ताक्षर कौन करता है।

## भैंस के बच्चे के गले से निकला 700 ग्राम का ट्यूमर, सफल सर्जरी के बाद सब हुए हैरान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**शाहगंज।** भुसौड़ी गांव में रविवार को एक अनोखी और साहसिक पशु चिकित्सा सर्जरी ने सभी को चौंका दिया। स्थानीय पशुपालक विनय सिंह की भैंस के बच्चे (पड़िया) के गले से करीब 700 ग्राम वजनी ट्यूमर सफल सर्जरी के बाद निकाला गया। यह ट्यूमर पिछले सात महीनों से जानवर की सेहत पर भारी पड़ रहा था। शुरुआती दौर में विनय सिंह ने घरेलू और स्थानीय उपचार से समस्या का समाधान करने की कोशिश की, लेकिन ट्यूमर लगातार बढ़ता गया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि बच्चा ठीक से भोजन भी नहीं निगल पा रहा था, और दिन-ब-दिन कमजोर होता चला गया। थक-हार कर विनय सिंह ने पशु चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित डॉ. आलोक सिंह पालीवाल से संपर्क किया। रविवार को डॉ. पालीवाल ने सूझबूझ और कुशल तकनीक से सर्जरी कर ट्यूमर को सफलतापूर्वक बाहर निकाला। सर्जरी पूरी होते ही पशुपालक और मौजूद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जब ऑपरेशन के बाद ट्यूमर बाहर निकाला गया तो उसका आकार और वजन देखकर सभी हैरान रह गए।

## अकेले साहिल व दानिश पर 5 जिलों में दर्ज है 27 मुकदमें

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक बड़े गौ तस्करों गिरोह के दो कुख्यात अपराधियों को अभी कुछ दिनों पूर्व मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था।

जफराबाद व लाइन बाजार पुलिस की संयुक्त मुठभेड़ में खेतासराय थाना क्षेत्र निवासी कुख्यात पशु तस्कर साहिल और दानिश के खिलाफ प्रदेश के पांच जिलों में 27 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। ये सभी गौ तस्करी और पुलिस टीम पर पथराव करने से जुड़े हैं। इन्हें आज भी गैर जिलों की पुलिस टीम तलाश रही है। जौनपुर पुलिस से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए गए इन तस्करों के पास से कई असलहे के साथ चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई थी।

जफराबाद थाना क्षेत्र के बैजाबाद गांव के मोड़ पर दोनो पशु तस्कर एक मोटरसाइकिल से दूसरा पैदल जा रहा था। पुलिस ने एक टीम बनाकर उनको तीन तरफ से घेर लिया। इसमें मौका पाकर पैदल चलने वाले बदमाश को फरार हो गए, लेकिन बाइक सवार पशु तस्करों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा चली गोली से दोनों पशु तस्करों के पैर में गोली लगी। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान लाइन बाजार थाना के प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह भी फायरिंग में बाल बाल बचे।

### दोनों तस्करों पर दर्ज हैं कई मुकदमे

जौनपुर। पुलिस के अनुसार दोनों पशु तस्करों में साहिल निवासी नगर पंचायत खेतासराय मोहल्ला सरवरपुर थाना खेतासराय पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 9 मुकदमे गंभीर धाराओं में दर्ज है। दूसरे कुख्यात पशु तस्कर मो. दानिश निवासी भुड़कुड़हा थाना खेतासराय पर प्रदेश के विभिन्न थानों में कुल 18 मुकदमे दर्ज हैं। सीओ सिटी देवेश सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में दो पशु तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों के पैर में गोली लगी है। इनके पास से 315 बोर के 2 तमंचे, 2 खोखा, 2 जिंदा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल सहित 12 हजार रुपये बरामद किए गए।

## मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**गौराबादशाहपुर।** मुफ्तीगंज क्षेत्र के ग्राम सभा हनुआडीह में एडवोकेट नमः नाथ शर्मा के बरामदे में रविवार को मेधावी छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें उस गांव के होनहार छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ज्येष्ठ उप ब्लॉकप्रमुख ए एच अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को गुरुजन इल्म की रोशनी से नहलाएं और उन्हें एक अच्छा इंसान बनाएं जिससे वह बालक अपनी प्रतिभा से गांव ,जिला एवं देश का नाम रौशन करेगा उसे संस्कारित शिक्षा से मानवता का पाठ पढ़ाएं जिससे वह आगे चलकर आईएएस ,आईपीएस, बनकर देश की सेवा करे। इसी क्रम में संतोष कुमार शर्मा अध्यापक ने कहा कि अभी मंजिल से आगेबढ़कर मंजिल तलाशना होगा बच्चों को अहंकार से दूर रहकर आकाश की बुलंदियों तक जाने हेतु अपने को ऐसा बनाएं कि इससे भी बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

## सड़क पर ट्रक खड़ी करने को चालको ने की मारपीट,तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद। क्षेत्र के बाईपास के समीप शाहबडेपुर गांव के पास रविवार को सड़क पर ट्रक खड़ी करने को लेकर दो मारपीट हो गयी।पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ऊक्त स्थान पर सड़क पर एक ट्रक बेतरतीब ढंग से खड़ा था।उसी समय एक टाटा टेम्पो वहां पहुंच गया।उसने ट्रक चालक विजय बहादुर यादव पुत्र मेवालाल यादव निवासी कटहरी बेलाव केराकत तथा उसके साथ मौजूद शिवप्रसाद यादव पुत्र कल्लर यादव निवासी रेहारी जलालपुर से बहस होने लगी।जिसपर दोनो टेम्पो चालक सन्तोष सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी तिघरा थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ से उलझ गए।

# चकबंदी अधिकारियों की मनमानी ग्रामीणों ने भाजपा कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



तहसील फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम बहरौली के ग्राम प्रधान की अगुवाई में सैकड़ो ग्रामीणों ने चकबंदी अधिकारी के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। चकबंदी के दौरान अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से चक काटने के विरोध में रविवार को सैकड़ो की संख्या में भाजपाईयों ने भाजपा जिला कार्यालय पर आ करके प्रदर्षन किया और कार्यालय में मौजूद जिला प्रभारी एमएलसी अवनीष सिंह पटेल व अन्य दिग्गजों को एक ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार, तहसील फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहरौली में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। क्षेत्रीय चकबंदी अधिकारी व अन्य कर्मचारी मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं। जिसका विरोध ग्राम प्रधान से लेकर सैकड़ो ग्रामीणों ने किया। ग्रामवासी दीपक कुमार, लवकुष, अतुल कुमार, राजाराम, बेचू कष्यप, मोहित मौर्य से लेकर आदि लोगों ने आरोप लगाया है कि धारा-20 के प्रकाषन के पूर्व जोत चकबंदी आकार पत्र 11 एवं जोत चकबंदी आकार पत्र 23 मूल रुप से तैयार किया जाता है। उक्त प्रपत्र तैयार करते समय वह चक सृजन करते समय चकबंदी कर्मचारियों द्वारा काफी त्रुटि की गयी है। अधिकतर किसानों के चक कर्मचारियों द्वारा दो से अधिक संख्या में बनाये गये हैं। जिस कारण किसानों को कोई लाभ नही मिल पा रहा है। छोटे छोटे चक बनने के कारण किसानों को कई तरह की परेषानियां उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने आगे आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग के अधिकारियों द्वारा न तो आकार पत्र 23 दिया गया है जिसके कारण किसान अपनी आपत्ति सक्षम न्यायालय में भी नही दर्ज करा पा रहे हैं। ग्रामीणों का आगे आरोप है कि आपसी बंटवारा भी बिना चकबंदी समिति की सहमति और किसानों के सहमति के बगैर ही अधिकारियों द्वारा मनमाफिक तरीके से कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि चकबंदी अधिकारी पूरे मनमानी पर उतारु हैं। इन्ही सब मुद्दों को लेकर रविवार को अयोध्या फैजाबाद हाइवे पर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सैकड़ो की संख्या में पीड़ित ग्रामीण और किसान पहुंच गये और जमकर प्रदर्षन किया। ग्रामीणों का कहना था कि हम में से कोई भाजपा का सेक्टर प्रभारी है तो ग्राम पंचायत अध्यक्ष है तो कोई पन्ना प्रमुख है। लेकिन भाजपा राज में ही चकबंदी अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी कतई बर्दाष्त नही की जायेगी। ग्रामीणों ने भाजपा कार्यालय में मौजूद जिला प्रभारी व एमएलसी अवनीष सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्या, भाजपा एमएलसी अंगद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत और पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। भाजपा के सभी दिग्गजों ने आक्रोषित ग्रामीणों को आष्वासन दिया कि आप लोग परेषान न हों चकबंदी अधिकारियों और जिलाधिकारी से बात करके चकबंदी प्रक्रिया का कार्य पूरी ईमानदारी से कराया जायेगा।

# एसआरपी लिटिल स्टार स्कूल में मातृ दिवस पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



शुक्लागंज उन्नाव राजधानी मार्ग स्थित एसआरपी लिटिल स्टार स्कूल में मातृ दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने विभिन्न प्रकार की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। प्रमुख रूप से बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग झांकियां और डांस देख कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया तालियों की गड़गड़ाहट से स्कूल परिसर गूंज उठा इसी के साथ माताओ के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं खेल आदि का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अवसर पर बड़े पैमाने पर माताओ ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अधिक रैंक पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया मातृ दिवस कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानाचार्य स्वपना बसाक प्रबंधिका वर्षा शुक्ला ने मातृ दिवस पर सभी माताओ को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मातृ दिवस का महत्व समझाया गया साथ ही सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बधाई दी गई। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से रीना,रागनी,सारिका,पूनम, दीपिका, वैशाली, स्वाति, मिताली, सुमित्रा, यशस्वी, अंजलि, मधु, निशा, जागृति आदि अध्यापिकाएं उपस्थिति रही।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दो तालाबों की पैमाइश कर हुई हदबंदी

**जन एक्सप्रेस। मसौली, बाराबंकी।** राजस्व टीम ने ब्लॉक मसौली के ग्राम पंचायत रहरामऊ में दो तालाबों की पैमाइश कर हदबंदी की। भीषण गर्मी के मद्देनजर पशु पक्षियों व जानवरों को पानी के लिए जोखिम न उठाना पड़े और ग्राम पंचायत का भू जलस्तर बना रहे इसके लिए ग्राम पंचायत रहरामऊ की प्रधान ने सराहनीय कदम उठाते हुए ग्राम के दो तालाबों की पैमाइश करवाई। जिससे ग्रामीणों को मनरेगा योजना के तहत गांव में ही रोजगार के भी उपलब्ध रहेगा, उनको गांव के बाहर भी नही जाना पड़ेगा। राजस्व लेखपाल राजेश कुमार तिवारी ने गाटा संख्या 2473 के रकबा 7.52 एवं गाटा संख्या 2318 रकबा 2.50 गड़रिया पुरवा चौराहा का तालाब की पैमाइश कर हद बंदी कर दी। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार वर्मा सहित अन्य ग्राम वासी मौजूद रहे।

### कर्मचारियों को दिलवाया जायेगा एसीपी लाभ: सुधीर मौर्य

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** नगर के बड़ेल कस्बे में स्थित बीआरसी कार्यालय पर सुधीर कुमार मौर्य की अध्यक्षता में रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेतर कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सुधीर कुमार मौर्य ने बताया कि 10, 16 और 26 वर्ष पर मिलने वाले एसीपी लाभ को समय से कर्मचारियों को दिलाया जाएगा। किसी भी कर्मचारी को इसके लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है व कर्मचारियों की जो अन्य समस्याएं है। उसे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखकर उसका निराकरण कराया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष जुबेर अहमद ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारियों के पदोन्नति से संबंधित कार्यवाही से अवगत कराया गया व यह भी आश्वासन दिया गया कि किसी भी कर्मचारी का शोषण किसी भी स्तर पे नहीं होने दिया जाएगा। प्रदेश महासचिव पंकज वाजपेई ने कहा कि यह लड़ाई हम सबकी है हम सबको एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़ना है व अपने संगठन का साथ देना है। बैठक में मुख्य रूप से पॉवेल राज भट्ट, सफीर अहमद, राजेश कुमार, नीरज सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र वर्मा, जितेंद्र दीक्षित एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने वापस कराये 29 हजार रुपए

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** बीते दिन साइबर ठगी मामले में मोहम्मद गुफरान पुत्र उस्मान निवासी सेखनपुरवा थाना बदोसराय के साथ साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी की। वह खुद को गुफरान का रिश्तेदार बताकर उनसे 29,129 रुपये ऐंठ लिए थे। पीड़ित ने साइबर सेल बाराबंकी में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। मामले में क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के निर्देशन में साइबर क्राइम सेल ने कार्रवाई की। टीम ने संबंधित बैंक और मर्चेंट से संपर्क कर खाता होल्ड करवाया। रविवार को साइबर क्राइम सेल की कार्रवाई के चलते ठगी का शिकार हुए व्यक्ति को उसकी पूरी रकम वापस मिली। गई। जिससे 29,129 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करवा दिए।

### 6 माह के लिए जिला बदर हुआ अरविंद

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** सतरिख पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त क्षेत्र के नगरौरा निवासी अरविन्द पुत्र नोखईलाल कोच्चे मां के लिए जिला बदर किया है। थाना प्रभारी सतरिख अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि आरोपी अरविन्द पर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और अवैध शराब रखने के आरोप हैं। पुलिस ने इन मामलों में उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए थे। साथ ही उसकी आपराधिक गतिविधियों की बीट सूचना भी दर्ज की गई थी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अदालत में चल रहे वाद में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3/4 के तहत कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी बाराबंकी के आदेश पर अरविन्द को 18 मई 2025 से अगले 6 महीने तक जिले की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### 4 दंपतियों में हुआ सुलह समझौता, रहेंगे एक साथ

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश में वैवाहिक विवादों के समाधान में रविवार को महिला थाना और महिला परामर्श केंद्र में चार पति-पत्नी के मामलों की सुनवाई हुई। महिला थाना प्रभारी और काउंसलरों ने दोनों पक्षों की समस्याओं को सुना। फिर चारों मामलों में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से सुलह कर लिया। पति-पत्नी ने एक-दूसरे को विश्वास दिलाया। वे नए सिरे से जीवन की शुरुआत करेंगे। काउंसलरों ने दंपतियों को सलाह दी कि वे बीती बातों को भूलकर प्यार से रहेंगे। 15 दिन बाद फॉलो-अप काउंसलिंग के लिए उन्हें फिर बुलाया गया है।

### तस्कर गिरफ्तार, 10 किलो पोस्ते का छिलका बरामद

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** सतरिख पुलिस ने रविवार को एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 10 किलो 200 ग्राम पोस्ता छिलका व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता आशाराम उर्फ बब्लू पुत्र राजबहादुर यादव निवासी ग्राम असदामऊ थाना कोठी जनपद बाराबंकी होना बताया। जिसे सतरिख पुलिस ने क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 10 किलो 200 ग्राम पोस्ता छिलका मिला। घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार भी बरामद है। उसके के विरूद्ध थाना सतरिख पर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

### लगा आरोग्य मेला, 85 मरीजों का हुआ उपचार

**जन एक्सप्रेस। सूरतगंज बाराबंकी।** तहसील फतेहपुर इलाके के नगर पंचायत बेलहरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। मेले में सबसे अधिक मरीज बुखार और स्क्रीन से संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि इस वक्त भीषण गर्मी के चलते स्क्रीन की ज्यादा



समस्याएं से लोग परेशान हैं। जिसके साथ ही बच्चे बूढ़े बाहर मैदान में सोते हैं जिस वजह से बुखार की भी समस्या बढ़ गई है। अस्पताल में टीवी और स्वांस के मरीजों की भी जांचकर उन्हें दवा दी गई। आरोग्य मेले के दौरान डॉक्टरों की टीम ने मरीजो को बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए।

# लापता विवाहिता की पोखन्नी रेगुलेटर के पास मिली लाश



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र में दो दिन पूर्व शुक्रवार को पति-पत्नी में हुए विवाद में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव रविवार को दोपहर के समय कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के पोखन्नी रेगुलेटर शारदा नहर में महिला का शव पानी में उतरता मिला। सूचना पर पहुंची बड्डूपुर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल कर पंचनामा भर के पीएम के लिए मुख्यालय भिजवाया। मृतका के भाई शुभम् ने पति मुंशी लाल सहित चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर बहन को मारकर पानी में फेंक देने का आरोप लगाया है। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर मंज़रे कतुरी कलां गांव निवासी अनुपमा यादव उम्र करीब 26 वर्ष पत्नी मुंशीलाल दो दिन पूर्व शुक्रवार को पति-पत्नी में किसी बात को लेकर हुए विवाद हुआ था। जिससे महिला संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी।महिला के पति मुंशी लाल ने बड्डूपुर कोतवाली में गुमशुदी दर्ज कराई थी बड्डूपुर पुलिस महिला को खोज रही थी तभी रविवार दोपहर के समय कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के पोखन्नी रेगुलेटर शारदा नहर में महिला का एक शव ग्रामीणों ने देखा सूचना पर बड्डूपुर कुर्सी पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकला महिला का शव देखकर पति मुंशीलाल ने अपनी पत्नी अनुपम यादव के रूप में पहचान की बड्डूपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मृतका के पति की तरह से गुमशुदगी दी गई थी। गुमशुदगी के आधार पर महिला के शव को पानी से बाहर निकाल कर पंचनामा भर के पीएम के लिए भेजा गया है। मिस्टर के भाई की तरफ से तहरीर मिली है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मृतका के भाई ने लगाया हत्या का आरोप

मृतका के भाई शुभम यादव राममिलन निवासी ग्राम डुडवा मजरे बिलौली कोतवाली फतेहपुर ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि प्रार्थी अपनी बहन अनुपम की शादी 6 वर्ष गौसपुर निवासी मुंशीलाल के साथ की थी शादी के बाद से ही दहेज के लिए आए गए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे जिसकी वजह से प्रार्थी की बहन मानसिक काफी परेशान रहती थी रविवार को पोखन्नी रेगुलेटर इंदिरा नहर में मेरी बहन का शव मिला है प्रार्थी को पूर्ण विश्वास है की बहन की हत्या करके नहर में फेंका गया है मृतका के भाई ने पति-मुंशीलाल देवर संजय कुमार ससुर राम प्रकाश तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग क है।

# तिर्वा में भी निकाली गई तिरंगा शौर्य यात्रा

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत के नेतृत्व में तथा पूर्व सांसद सुब्रत पाठक और जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया की उपस्थिति में अवंती बाई लोधी प्रतिमा से डीएन इण्टर कालेज तक भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का प्रारंभ अवंती बाई लोधी प्रतिमा से किया गया। शहर के विभिन्न चौराहों से होते हुए तिरंगा यात्रा का डीएन इण्टर कालेज में समापन किया गया। तिरंगा यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के बच्चे व अतिसंख्य राष्ट्र भक्त शामिल हुए, जो अपने-अपने हाथों में तिरंगा झंडा व आपरेशन सिंदूर सफ़लता की तख्तियां लिए हुए थे। यात्रा वीर जवानों के शौर्य के गीतों से गूंज रही थी। मौजूद राष्ट्र भक्त भारत मता की जय, जय जवान, हिंदुस्तान जिंदाबाद व भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे, वही रास्ते में लोग यात्रा पर अपने अपने घरों से पुष्प वर्षा भी कर रहे थे । पूरा शहर राष्ट्रवाद के नारों से गूंज रहा था। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने कहा कि जवानों के सम्मान में,यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। यह तिरंगा भारत के आन, बान,शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गईं है।



# एक कुन्तल गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाना बाराबंकी की टीम ने शनिवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 100 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्कर को एक एक्टिवा स्कूटी और एक कार के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान ग्राम अकबरपुर, थाना जैदपुर निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी डॉक्टर बीनू सिंह ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी बेहद शातिर किस्म का है। एक हादसे में उसका एक हाथ कट गया था, लेकिन इसके बावजूद वह एक हाथ से ही ऑटोमैटिक बलैनो कार चलाता है। उसका ड्राइविंग लाइसेंस पहले ही बन चुका था, और हाथ कटने के बाद भी वह उसी लाइसेंस का इस्तेमाल करता रहा। पुलिस ने उसे सुनियोजित तरीके से घेराबंदी कर दबोचा। सीओ ऑपरेशन ने बताया कि आरोपी के कई मकानों की जांच की गई है, जिनमें से अधिकांश लग्जरी स्तर के हैं। उसके घरों में महंगी टाइल्स और सजावटी सामान लगे हुए हैं। अनुमान है कि उसके पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है, जो अवैध तरीकों से अर्जित की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी सोनू कुमार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। थाना गोसाईगंज और कुमारगंज (जनपद अयोध्या) में भी इसके खिलाफ मामले लंबित हैं। तस्कर की गिरफ्तारी में एएनटीएफ बाराबंकी के प्रभारी निरीक्षक अनुज दुबे के नेतृत्व में कुल 15 पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# मानीमऊ के व्यापारियों से साप्ताहिक बंदी, बिजली, पानी और रात्रि गश्त पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मानीमऊ संगठन के पदाधिकारियो एवं समस्त व्यापारियों के बीच सतीश कोल्ड स्टोरेज में आज बैठक हुई जिसमें सुरक्षा, सफाई, पेयजल के साथ- साथ साप्ताहिक बाजार बंदी के विषय पर सभी व्यापारियों एवं पदाधिकारियो ने अपनी-अपनी राय देकर अपनी बात जिलाध्यक्ष राज शर्मा एवं संरक्षक विनय दुबे को बताई। मीटिंग में जिला अध्यक्ष के पहुंचने पर संगठन के सभी सदस्यों ने फूलमालाओं से स्वागत किया एवं सभी ने मानीमऊ बाजार बंदी पर सहमति जताई। जिला अध्यक्ष द्वारा सदस्यों को भरोसा दिया गया कि कोई भी समस्या आने पर जिला कमेटी हमेशा तैयार रहेगी व्यापारियों के सुरक्षा से संबंधित सुझाव पर जिला अध्यक्ष द्वारा तत्काल मानीमऊ चौकी पर एस आई शेखर सैनी से मुलाकात कर रात्रि गश्त बढ़ाने के लिए कहा गया जिस पर तत्काल चौकी इंचार्ज शेखर सैनी के द्वारा अपने स्टाफ को दिशा निर्देश दिये गए, सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का प्रयास जिला अध्यक्ष राज शर्मा द्वारा प्रधान से करवाने की बात कही गई जिला संरक्षक विनय दुबे द्वारा सभी व्यापारियों को एकजुट रहने का आग्रह किया गया।



# महिला से चल रहे पुराने विवाद को लेकर महिला ने दोबारा अध्यक्ष प्रतिनिधि पर लगाए गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

शुक्लागंज उन्नाव गंगाघाट के नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे पर पिछले वर्ष महिला ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए महाराष्ट्र में मुकदमा दर्ज करवाया था जिस पर अभी तक कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन चल रहा है उसके बाद रविवार दोपहर अचानक महाराष्ट्र पुलिस द्वारा शुक्लागंज पहुंचकर संदीप पांडे को पकड़ कर कोतवाली गंगाघाट में पूछताछ की गई और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस महिला ने अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे पर मुकदमा दर्ज करवाया था उसने आरोप लगाते हुए महाराष्ट्र में तहरीर दी है कि संदीप पांडे द्वारा फेक आईडी बनाकर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था और महिला की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही थी और मुकदमा वापस लेने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था जिसके चलते महिला द्वारा महाराष्ट्र में एक बार फिर संदीप पांडे पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया गया इसके बाद रविवार को पुलिस ने पहुंचकर संदीप पांडे को अपने साथ महाराष्ट्र लेकर चली गई।

# युवाओं के अधिकार छीन रही है भाजपा सरकार: सुरेश

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

देश की सरकार अपने कॉरपोरेट शागिर्दों और सांप्रदायिक एजेंडे के दम पर असंवैधानिक कदम और निर्लज्ज तिकड़मों का सहारा लेकर देश की संपत्ति को बेचकर देश को निजीकरण की आग में झोंक युवाओं के अधिकार और रोजगार छीनने का काम कर रही है। उक्त बात रविवार को विकास खंड बंकी के ग्राम मदारपुर, कटरा, जरूआ, मछरिहा में विधायक निधि से बनी इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण करते हुए सदर विधायक सुरेश यादव ने कही। उन्होने आगे कहा कि सरकार का अंतिम उद्देश्य बाबा साहब के बनाए संविधान को नष्ट कर मनुविधान को थोपना है जो संविधान हमे समानता, बंधुत्व और अखंडता का अधिकार देता है सत्ता में बैठे लोग ऐसी संकल्पनाओं से नफरत करते है। श्री यादव ने आगे कहा कि जिस प्रकार ईस्ट इंडिया कंपनी ने देश को चलाया था उसी तर्ज पर आज देश की सरकार सार्वजनिक उपक्रमों को बेच रही है।

# खुले में मांस बिक्री पर स्थानीय प्रशासन की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



सार्वजनिक स्थलों पर खुले में मांस बिक्री पर रोक होने के बावजूद भी नवाबगंज कस्बे के राजमार्ग के किनारे कुछ लोग अवैध अतिक्रमण कर काफी समय से खुले में मांस बिक्री कर रहे थे। जहां मानकों को ताक पर रखकर करीब 8 अवैध दुकानों का संचालन किया जा रहा था। रविवार को नगर पंचायत कर्मियों के साथ अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचे पुलिस प्रशासन को देखकर इन दुकानदारों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने राजमार्ग पर नवाबगंज पुलिस चौकी के पास से बस स्टाप तक कार्यवाही करते हुए सभी अवैध रूप अतिक्रमण कर संचालित मांस की दुकानों को बंद कराया। प्रशासन ने अस्थाई अतिक्रमण को हटवा कर स्थायी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कब्जा हटाने के लिए सख्त हिदायत दी।नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे ने बताया कि राजमार्ग के किनारे अवैध अतिक्रमण कर खुले में मांस बिक्री कर रहे दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी गई है। वहीं करीब 4 अस्थाई अवैध अतिक्रमण कर संचालित दुकानों को हटावाया गया है।इस दौरान पुलिस बल में आरक्षी शिवम यादव, शुभम चौधरी व नगर पंचायत कर्मचारी संजय खान, बाबू प्रसाद, परमेश्वर दीन आदि मौजूद रहे।

# मकान में चल रहा था धर्म परिवर्तन का खेल

## विहिप कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा, मौके पर पहुंची एसडीएम पुलिस बल तैनात

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



ग्राम बांकीपुर गांव में बीमारी को ठीक करने के बहाने लोगों की भीड़ एकत्रित कर दलित बस्ती के एक मकान में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। इसकी सूचना बजरंग दल और विष्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं तक पहुंची। जिसके बाद बजरंग दल एवं विष्व हिन्दू परिषद के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर एसडीएम प्रीति सिंह व सीओ सहित भारी संख्या में पहुंची सफदरगंज पुलिस ने कार्यक्रम बंद कराकर एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर अपनी कार्रवाई शुरू कर दिया। पुलिस कार्रवाई के साथ ही गांव में हड़कंप मच गया। थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम बांकीपुर मजरे दुर्जनपुर की दलित बस्ती में राकेश उर्फ लाला मंगता के मकान में रविवार को जिले के कई ब्लॉकों से करीब एक सैकड़ा महिला पुरुष एकत्रित हुए थे । मकान की छत के ऊपर प्रार्थना सभा चल रही थी। इसी दौरान बजरंग दल व विष्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को इसकी भनक लग गई। इसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सूचना पर सफदरगंज थाना पुलिस भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस पहुंचते ही लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घर में घुसकर घंटों जांच पड़ताल करने के बाद लगभग डेढ़ दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। छंदवल निवासी राधेश्याम गौतम इस कार्यक्रम का मुख्य कर्ताधर्ता बताया जा रहा है जो राकेश के साथ मौके से भाग गया। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा गौतम बिरादरी के ही लोग मौजूद थे। मौके पर पुलिस को एक वेगनआर गाड़ी तथा दर्जनों मोटरसाइकिल खड़ी मिली। वैगन आर गाड़ी में क्रिश्चियन लॉकेट लटकता हुआ मिला इस कार्यक्रम में पत्नी और बहू के साथ शामिल होने आए ग्राम राम मंडई सूरतगंज निवासी श्रवण कुमार वर्मा, अवध राम गौतम जेयली सूरतगंज व विक्रम बहादुर गौतम आल्हेमऊ सूरतगंज ने बताया कि यहां प्रार्थना के माध्यम से बीमारी ठीक करने के बहाने बुलाया गया था। ढोलक बजाकर हिंदी में अपने प्रभु का ज्ञान दे रहे थे।वही ग्रामीणों के अनुसार इस घर में प्रत्येक रविवार को काफी समय से लोग आ रहे हैं और इसी प्रकार ढोलक बजाया करते थे। बजरंग दल के जिला संयोजक विनय सिंह राजपूत ने बताया कि हम लोगों को इसकी जानकारी पहले से थी कि यहां प्रत्येक रविवार को इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाता है। आज हम लोग पहले से सक्रिय थे जैसे ही यहां कार्यक्रम शुरू हुआ मैं मौके पर पहुंच गया और इसकी सूचना सफदरगंज पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुचे विष्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सिरौलीगौसपुर अजय पाल पटेल, व आयुष नाग आदि कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद मौके पर पर पहुंची पुलिस ने वेगन आर गाड़ी को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करते हुए करीब डेढ़ दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। वही मौके पर मौजूद मोटरसाइकिलों के नंबर नोट किया। पुलिस के पहुंचने पर तमाम महिला पुरुष चुपके से निकलकर भाग खड़े हुए। कार्यक्रम में लगभग एक सैकड़ा लोग मौजूद थे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष सफदरगंज अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि भीड़ एकत्रित कर प्रार्थना की जा रही थी। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं मौके पर एसडीएम प्रीति सिंह एवं सीओ सदर ने भी पहुंच कर मामले की पड़ताल किया है। एसडीएम प्रीति सिंह ने बताया कि जो आशंकाएं हैं उससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

# पानी-खून एक साथ नहीं बहेगाः शाह

■ पाकिस्तान ने आतंकवाद नहीं रोका तो सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी नहीं मिलेगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुजरात दौरे के दूसरे दिन अहमदाबाद पहुंचे। यहां साइंस सिटी में गुजरात स्टेट सहकारी संघ कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद अहमदाबाद में 1692 करोड़ की लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण व शुभारंभ किया। शाम 6.30 पर उन्होंने अहमदाबाद में पल्लव ब्रिज का लोकार्पण किया और कॉर्पोरेशन प्लॉट में जनसभा को संबोधित किया।



## सिंधु नदी से एक बूंद पानी नहीं मिलेगा

अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने देश को संबोधित किया तो उन्होंने साफ कहा था कि सिंधु नदी और खून एक साथ नहीं बहेगा। यदि आतंकवाद को नहीं रोका गया तो आपको सिंधु नदी से एक बूंद पानी भी नहीं मिलेगा। व्यापार और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। यदि आप आतंकवाद को पनाह देना चाहते हैं तो सारा व्यापार और कारोबार खत्म कर दीजिए। प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन अगर बात होगी तो वह पीओके को वापस लेने और आतंकवाद को खत्म करने के लिए होगी।

## हमारी ब्रह्मोस ने पाकिस्तानी एयरबेस को तबाह किया

गृहमंत्री ने आगे कहा- नरेंद्र मोदी ने 2047 तक हर क्षेत्र में नंबर 1 बनने का बीड़ा उठाया है। आज का युवा हमारी ब्रह्मोस मिसाइल के बारे में जान रहा है। हमारी ब्रह्मोस मिसाइल ने पाकिस्तानी एयरबेस को तबाह किया। आतंकी मसूद अजहर समेत आतंकियों के ठिकानों को खत्म कर दिया। गांधीनगर लोकसभा की ओर से मैं प्रधानमंत्री जी और सेना के जवानों को बधाई देता हूं। हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किमी अंदर घुसकर 9 स्थानों पर आतंकवादी कैंप नष्ट किए।

## 'सहकारी यूनिवर्सिटी के बारे में भी सोच रही सरकार'

उन्होंने आगे कहा- वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसकी शुरुआत भारत से हुई है। दिल्ली में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां प्रधानमंत्री ने सहयोग से समृद्धि का नारा दिया। आज गुजरात में एक सहकारी सम्मेलन आयोजित किया गया है। हमें सहयोग में परिवर्तन को नीचे तक ले जाना होगा। सहकारी समितियों के विकास के लिए केंद्र सरकार सहकारी यूनिवर्सिटी खोलने पर भी विचार कर रही है।

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देना होगा

गृहमंत्री ने आगे कहा कि यदि सहकारी समितियों को बढ़ावा देना है तो जागरूकता पैदा करनी होगी। इसमें सहकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देना होगा। मैं सभी सहकारी नेताओं से कहना चाहूंगा कि वे आखिरी स्तर तक के साथियों का सहयोग करें। प्रत्येक सदस्य, समिति एवं संगठन का जिला सहकारी बैंक में बैंक खाता होना चाहिए। गुजरात को सहकारी विश्वविद्यालयों के लिए अग्रणी बनने की आवश्यकता है। भाजपा सरकार सहकारी संगठनों के जरिए डेयरी के लिए आवश्यक सभी उपकरण उपलब्ध कराएगी। यह प्रयोग गुजरात से ही शुरू होगा। गृहमंत्री अब महेसाणा के लिए रवाना हो गए हैं। महेसाणा में दो कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम को अहमदाबाद लौटेंगे और में 1692 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का लोकार्पण-शुभारंभ करेंगे। इसके बाद शाम 6 बजे कॉर्पोरेशन प्लॉट में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले शनिवार को उन्होंने गांधीनगर में 1100 करोड़ रुपए की 78 परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

### 'पीएम मोदी ने हर हमले का करारा जवाब दिया'

शनिवार को गृहमंत्री ने गांधीनगर के कोलवाडा में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा- मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से तीन हमले हुए हैं और मोदीजी ने तीनों ही आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उरी को सर्जिकल स्ट्राइक से, पुलवामा को एयर स्ट्राइक से और अब ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तानी मुख्यालय को मिटा दिया गया है।

### 100 किमी अंदर घुसकर 100 से ज्यादा आतंकी मारे

हमारी सेना ने पाकिस्तान के अंदर 100 किमी तक घुसकर आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह किए। इसके अलावा 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा। पाकिस्तान ने कच्छ से कश्मीर तक हमले का दुस्साहस किया, लेकिन हमारी सेना ने हर हमले को विफल किया। एक भी मिसाइल भारत में नहीं गिरी। हमारी आर्मी ने पाक एयरबेस को भी तबाह कर दिया। हमारी सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालयों को उड़ाकर बदला लिया।

# नगर निगम के खिलाफ़ लामबंद हुई जनता, चार गुना टैक्स वृद्धि को लेकर बढ़ा आक्रोश

■ भाजपा पार्षद और आरडब्ल्यू विरोध में आंदोलन को लेकर चर्चा शुरू

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




नगर निगम द्वारा किए गए चार गुना हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में अब आम जनता खुलकर सामने आ गई है। नगरायुक्त और निगम प्रशासन शासन की मंशा के अनुरूप टैक्स वृद्धि के नीति को जनता के ऊपर भार बढ़ाकर पूरे करने की कवायद में लग गया है। कॉलोनीवासियों, आरडब्ल्यू सदस्यों और सामाजिक संगठनों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ़ मोर्चा खोल दिया है। जगह जगह भारतीय जनता पार्टी के ट्रिपल इंजन की सरकार के खिलाफ आम जनता और खुद भाजपा नेताओं ने आवाज़ बुलंद करना शुरू कर दिया है। इस मुद्दे पर भाजपा की महापौर सुनीता दयाल की चुप्पी ने मामले में प्रशासन और तीसरे इंजन के बीच सब कुछ ठीक नहीं होने के संकेत दे दिए हैं। हाउस टैक्स में चार गुना बढ़ोतरी के खिलाफ जनपद के कई क्षेत्रों में आरडब्ल्यू अब सक्रिय हुई है, जिनमें लोगों ने नगर निगम पर मनमानी का आरोप लगाया और आंदोलन की रूप रेखा तैयार करने का कार्य शुरू करने की बात कहनी शुरू कर दी है। कॉलोनी के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक को एकजुट करने निगम के फैसले के खिलाफ विरोध दर्ज कराने और टैक्स बढ़ोतरी रोकने की मांग को प्रमुखता से उठाने की बात शुरू हो गई है।

## निगम अधिकारियों के फरमान नहीं चलेंगे

चार गुना हाउस टैक्स बढ़ने के खिलाफ मोर्चा खोले भाजपा नेताओं में शामिल पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद पति मनोज गोयल ने कहा है कि अधिकारियों को एक तरफा नीति थोपने की आदत अब बदलनी पड़ेगी। निगम कार्यकारिणी में स्वीकृत प्रस्तावों पर ही कार्यवाही होगी। जनता के हितों पर कुठाराघात अब नहीं सहेंगे। निगम प्रशासन अपने राजस्व वसूली में असफल साबित होने के बाद जनता को निशाना बना रहा है। जिसका हम विरोध करते हैं। पार्षद कुसुम गोयल ने भी निगम के चार गुना टैक्स वृद्धि को जनता के हितों के अनुकूल बताते हुए इसका विरोध किया है।

### सुविधाएँ घटीं, लेकिन हाउस टैक्स चार गुना बढ़ा दिया गया, यह कैसा अन्याय?

सामाजिक कार्यकर्ता और मेट्रो विस्तार संघर्ष समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी अमित किशोर ने कहा कि हमारे क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से नागरिक सुविधाओं की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। दूषित पेयजल की आपूर्ति, आए दिन बहता सीवर, टूटी-फूटी और अंधेरे में डूबी सड़कें, और हर ओर पसरा अतिक्रमण यह आज हमारे मोहल्ले की सच्चाई है। एक ओर प्रशासन मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने में असफल साबित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर नागरिकों पर टैक्स का बोझ चार गुना बढ़ाकर डाल दिया गया है। सवाल यह है कि जब सुविधाएँ लगातार घट रही हैं, तो हाउस टैक्स में इतनी भारी वृद्धि किस आधार पर की गई? सड़कें जलमग्न, नालियाँ जाम, सार्वजनिक रोशनी गायब और चारों ओर गंदगी का आलम- इन हालातों में टैक्स वृद्धि जनता के साथ अन्याय है। प्रशासन को पहले जवाब देना चाहिए कि वह नागरिकों को क्या सुविधाएँ दे पा रहा है?

### सर्वाधिक राजस्व देने के बाद भी सेवाएं नहीं फिर चार गुना टैक्स क्यों?

आरडब्ल्यू के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र नाथ ने कहा है कि हम टैक्स चुकाने से पीछे नहीं हटते, लेकिन सेवाएं ना के बराबर हैं, फिर यह बोझ क्यों आम जनता पर डाला जा रहा है। कार्यालयों में बैठे अफसर कागजों पर विकास की रेखा खींच रहे हैं जबकि जमीनी हक़ीक़त इससे उलट है। जनता समस्याओं के निस्तारण के लिए परेशान है। नगर निगम की कार्यप्रणाली को लेकर पहले ही असंतोष था और अब टैक्स वृद्धि ने आग में घी डालने का काम किया है। आने वाले दिनों में नगर निगम कार्यालय का घेराव और शांतिपूर्ण प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

# देश के 16 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

■ बिहार के गया में दीवार गिरने से 2 की मौत, दिल्ली में रैपिड मेट्रो स्टेशन की छत उड़ी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



मौसम विभाग ने रविवार को 16 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। राजस्थान में शनिवार को 3 जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, चूरू समेत कई शहरों में पारा 43°C से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आज राज्य के 5 जिलों में हीटवेव और 14 में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश में शनिवार को दिन के बाद मौसम बदला, भोपाल में बूंदाबांदी और इंदौर में तेज बारिश हुई। ग्वालियर में आंधी चली। मौसम विभाग ने आज राज्य के 21 जिलों में आंधी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। बिहार के 38 जिलों में आज बारिश-आंधी और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट है। 26 जिलों के लिए ऑरेंज और 12 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को भी राज्य में आंधी-बारिश का दौर रहा। गया में दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर में शनिवार शाम तेज आंधी-बारिश हुई। आंधी के कारण अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन टीन शेड उखड़ गई और सड़क पर आ गिरी। इसके अलावा कई इलाकों में पेड़ भी उखड़ गए।

## मॉनसून की स्थिति

दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप समूह और अंडमान सागर के शेष भागों तथा पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भागों पर आगे बढ़ा है। मौसम के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों के दौरान दक्षिण अरब सागर, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी तथा उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भागों पर दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए सही स्थिति है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत में कुछ स्थानों पर तापमान 45°C तक बढ़ गया है।

### आज के मौसम का हाल

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी आंधी-बारिश और तूफान की स्थिति रहेगी। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल में तेज बारिश की संभावना है। तेज आंधी भी चल सकती है। अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय में आंधी-बारिश की चेतावनी है। गोवा, महाराष्ट्र में हल्की बारिश हो सकती है।

# 13 वर्षीय रेप विक्टिम ने बच्ची को जन्म दिया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। राजकोट

राजकोट में रविवार को दुष्कर्म पीड़ित 13 वर्षीय मासूम ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। खेलने-कूदने की उम्र में मां बनी इस बच्ची के साथ उसके ही चचेरे भाई और उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया था। बच्ची को 33 हफ्ते का गर्भ था। 12 मई को गुजरात हाईकोर्ट ने अबॉर्शन की इजाजत दी थी।

## मेडिकल कॉम्प्लीकेशन के चलते हुई डिलीवरी

गुजरात हाईकोर्ट ने गर्भपात की इजाजत दी थी, लेकिन मेडिकल कॉम्प्लीकेशन की वजह से डिलीवरी करानी पड़ी। बच्ची के पेट में पल रहे भ्रूण का वजन दो किलो था। इसके अलावा नाबालिग को एनीमिया था। ऐसे में लड़की को जान का खतरा था। ऐसे में डॉक्टर्स ने अबॉर्शन की जगह सिजेरियन (ऑपरेशन से डिलीवरी) को बेहतर समझा। यह देश का पहला मामला है, जब कोर्ट ने 33 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की अनुमति दी थी। इससे पहले 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने 32 हफ्ते के गर्भपात की अनुमति दी थी।

### बच्ची की मां ने की थी दूसरी शादी

महाराष्ट्र की एक महिला का 2022 में तलाक हो गया था। महिला के दो बच्चे भी थे। इसके बाद उसने राजकोट में रहने वाले एक युवक से दूसरी शादी कर ली थी। इसी दौरान महिला अपनी 13 साल की बेटी के साथ 27 अप्रैल 2025 को महाराष्ट्र में अपनी बहन के घर गई थी। यहां बेटी ने पेट दर्द की शिकायत की तो सरकारी अस्पताल में जांच कराई। इसमें पता चला कि बच्ची 20 से 22 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और महिला पुलिस की काउंसलर ने बच्ची से पूरी सच्चाई जानी। बच्ची ने उन्हें बताया कि राजकोट में उसके चचेरे भाई साहिल (बदला हुआ नाम) और उसके दोस्त ने कई बार उससे दुष्कर्म किया था।

## गृहकर में करीब 3 गुना वृद्धि पर नगर निगम पुनर विचार करे

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

कोरवा के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा की नगर निगम द्वारा प्रत्येक दो वर्ष के बाद दस प्रतिशत की वृद्धि होती रही है। अब अचानक गृहकर मे करीब कई गुना वृद्धि बिलकुल स्वीकार्य नहीं है उन्होंने कहा की गाजियाबाद नगर निगम के पास न तो पैसे की कमी है, न ही पैसा कमाने के साधनों की कमी है और ऊपर से जीतने संपत्तियों के पंजीकरण गाजियाबाद मे होते है उतने उत्तर प्रदेश के किसी और शहर मे नहीं होते। वर्तमान मे न तो पीने के पानी की मात्रा और गुणवत्ता मे सुधार हुआ है और न ही कूड़ा निस्तारण और अतिक्रमण हटाने मे 7 ऐसे मे गृहकर मे वृद्धि अनावश्यक और असहनीय है। कोरवा-यूपी के अध्यक्ष डा पवन कौशिक ने बताया की उत्तर प्रदेश में, गाजियाबाद नगर निगम में, करों की दर सबसे ज्यादा यानि रूपयें 4.00 प्रति वर्ग फुट है जब की अन्य शहरो मे 2.50 रुपए से भी कम है। उन्होंने कहा की नियमानुसार पूर्व करों में वृद्धि दुगने से अधिक नहीं हो सकती। कोरवा-यूपी के प्रशासनिक महासचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया की अगर कवर्ड ऐरिया का रेट एक रूपयें प्रति वर्ग फुट है तो कारपेट ऐरिया का रेट 0.80 पैसे प्रति वर्ग फुट होना चाहिए।

# साहिबाबाद विधानसभा में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का आयोजन



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत «भारत शौर्य तिरंगा यात्रा» का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा शालीमार गार्डन स्थित मंगल पांडेय चौक से आरंभ होकर भारत माता चौक तक गई, जिसमें देशभक्ति का अद्भुत उत्साह एवं जनसैलाब देखने को मिला। यात्रा मार्ग पर भारत माता की जयघोष और तिरंगा लहराते देशभक्तों की टोली ने पूरे क्षेत्र को अखंडता और देश के प्रति समर्पण का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। इस ऐतिहासिक यात्रा के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत शौर्य तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भारत माता के सम्मान और हमारी राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रत्यक्ष प्रमाण है। साहिबाबाद की धरती से निकली यह प्रेरणादायक यात्रा देश के कोने-कोने में राष्ट्र प्रेम की चेतना को और सशक्त करेगी। सभा को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि तिरंगे के साए में साहिबाबाद की जनता ने एकजुट होकर जो संकल्प और अनुशासन दिखाया है, वह गर्व का विषय है। मैं उन सभी कार्यकर्ताओं, पार्षदगण, संयोजकों व नागरिकों का आभार प्रकट करता हूं, जिनकी सहभागिता से यह यात्रा सफल व ऐतिहासिक बनी। यात्रा का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा किया गया, जिन्होंने साहिबाबाद की जनता एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट कर भारत माता के सम्मान में यह ऐतिहासिक आयोजन कराया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सचिन डेढ़ा महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष रहे। यात्रा में सम्मानित मंडल अध्यक्ष गण, पार्षद गण, मोर्चों प्रकोष्ठों, महानगर पदाधिकारियों के साथ देव तुल्य कार्यकर्ता गण एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक भी शामिल रहे, जिनकी अनुशासित भागीदारी ने आयोजन को भव्य और प्रेरणादायक बनाया।

# करण बिजारनियां ने रचा शैक्षणिक कीर्तिमान, 12वीं में 95.4 प्रतिशत और जेईई में 98.7 पर्सेंटाइल किया हासिल

जन एक्सप्रेस। देहरादून

■ सूचना विभाग के उपनिदेशक रवी बिजारनियां के पुत्र की बहुमुखी प्रतिभा की सर्वत्र सराहना

■ लघु समाचारपत्र एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों ने दी शुभकामनाएं



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक रवी बिजारनियां के सुपुत्र और एशियन स्कूल देहरादून के छात्र करण बिजारनियां ने 12वीं (विज्ञान-गणित संकाय) में 95.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय का नाम रोशन किया है। करण ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ जेईई मेन 2025 में भी 98.7 पर्सेंटाइल अर्जित कर अपनी शैक्षणिक मेधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वे वर्तमान में आईआईटी प्रवेश हेतु जेईई एडवांस परीक्षा दे चुके हैं। तकनीकी क्षेत्र में रुचि रखने वाले करण का सपना एक सफल इंजीनियर बनकर खुद का स्टार्टअप शुरू करना है। करण सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि संगीत में भी दक्ष हैं। उन्होंने गिटार वादन में प्रयाग संगीत समिति से सीनियर डिप्लोमा प्राप्त किया है, जो उनकी बहुआयामी प्रतिभा को दर्शाता है। उनके पिता रवी बिजारनियां उत्तराखंड सरकार में उपनिदेशक (सूचना) पद पर कार्यरत हैं और PRSI देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष भी हैं। उनकी माता श्रीमती रेणु दहिया बिजारनियां भी एक शिक्षित एवं सुसंस्कृत परिवार से हैं। मूल रूप से करण राजस्थान के चूरू जिले के सुजानगढ़ के निवासी हैं। करण की इस शानदार उपलब्धि पर परिवार, गुरुजनों, मित्रों और पत्रकार समुदाय ने उन्हें हार्दिक बधाइयाँ दी हैं। लघु समाचारपत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, महामंत्री बिजेन्द्र यादव, महिला विंग की अध्यक्ष रचना गर्ग, कोषाध्यक्ष रोहित गुप्ता समेत कई गणमान्य लोगों ने बिजारनियां परिवार को बधाई देते हुए करण के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जब तक शिक्षक असुरक्षित और उपेक्षित, विकसित भारत का सपना रहेगा अनिश्चित : शलाका तिवारी

जन एक्सप्रेस। नई दिल्ली

हम भारतीय विश्वगुरु का स्वप्न देख रहे हैं, उस स्वप्न की नींव में एक ही व्यक्ति का श्रम, समर्पण और तप समाहित है और वह है इस देश का शिक्षक। वह गुरु जो नन्हें- बाल कोमल मन में विचारों के दीप जलाता है, उन्हें प्रस्फुटित करता है। वह शून्य में संभावना ढूँढ़कर उसे प्रतिभा में बदल देता है। लेकिन विडंबना देखिए, वही शिक्षक आज स्वयं अंधकार एवं असुरक्षा में है। जब दीपक को ही तेल नहीं मिलेगा, तो वह प्रकाश की किरण चतुर्दिक कैसे फैलायेगा?



## भविष्य के भारत का मूक वास्तुकार है शिक्षक

गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढि गढि काढ़ै खोट। हम सब ने बचपन में पढ़ा है। जिस प्रकार कुम्हार माटी को आकार देकर उससे उपयोगी पात्र बनाता है, उसी प्रकार शिक्षक बालमन को आकार देता है, उन्हें भरता है, उसे चिंतनशील, कर्मशील और संवेदनशील नागरिक बनाता है। वह केवल पाठ्यक्रम ही नहीं पढ़ाता, वह राष्ट्र का चरित्र बनाता है। किंतु आज वही शिक्षक समाज का प्रबुद्ध नहीं, अदृश्य श्रमिक बन गया है, जिसके योगदान को न समाज पहचानता है, न ही शासन। बच्चों को बेहतर भविष्य देना है, तो पहले उस व्यक्ति का भविष्य सुरक्षित करना होगा जो उनके देश के वर्तमान एवं भविष्य को दिशा दे रहा है। जब तक शिक्षक स्वयं असुरक्षित रहेगा, तब तक वह विद्यार्थियों को सुरक्षा का पाठ कैसे पढ़ा सकता है।

### वेतन केवल धन का विषय नहीं है

यह आत्म-सम्मान का प्रमाण है। शिक्षक को जब उसकी योग्यता के अनुरूप वेतन नहीं मिलता, तो समाज को यह संकेत जाता है कि इस विकासशील भारत में ज्ञान का मूल्य नगण्य है। यह मानसिकता पूरे समाज को दूषित कर रही है। यदि एक इंजीनियर करोड़ों की परियोजना बनाता है, तो शिक्षक करोड़ों नागरिकों का भविष्य बनाता है, फिर वेतन एवं सम्मान में यह अंतर क्यों है ?



## समाधान की राह: शिक्षक संरक्षण प्राधिकरण

इस दिशा में भारत सरकार को चाहिए कि वह एक ऐसा सशक्त और संवेदनशील «शिक्षक संरक्षण एवं नियमन प्राधिकरण» गठित करे, जो निजी शिक्षकों की गरिमा और अधिकारों की वास्तविक रक्षा कर सके। प्राधिकरण यह सुनिश्चित करे कि महिला शिक्षकों को मातृत्व अवकाश मिले, शिक्षकों को उनका वेतन एक पारदर्शी प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन और समयबद्ध रूप में मिले, जिससे उनकी आर्थिक गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। इसके साथ ही, एक न्यूनतम वेतनमान निर्धारित किया जाए जो शिक्षक की शिक्षा, योग्यता और उत्तरदायित्व के अनुरूप हो। किसी भी शिक्षक को बिना ठोस और न्यायपूर्ण कारण के विद्यालय से हटाया न जाए, क्योंकि असुरक्षा के साए में न तो शिक्षण फलता है, न ही संस्कार पलते हैं। आज समय की मांग है कि निजी शिक्षकों को भी पीएफ, पेंशन और स्वास्थ्य बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिले, जिससे वे न केवल आज बल्कि अपने भविष्य को लेकर भी आश्वस्त हो सकें। यह प्राधिकरण न केवल शिक्षकों की रक्षा करेगा, बल्कि शिक्षा की लौ को उस अंधकार से भी बचाएगा, जो शोषण, अनदेखी और असुरक्षा के धुएं से बुझने की कगार पर है शिक्षकों का सम्मान हमारी सांस्कृतिक पहचान का एक अभिन्न अंग है। जब तक समाज यह नहीं समझेगा कि शिक्षक का सम्मान किसी सरकारी नीति से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा है, तब तक हम शिक्षकों को केवल सेवक मानते रहेंगे, राष्ट्र निर्माता नहीं। गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय,।बलिहारी गुरू अपने गोविन्द दियो बताय।।यह पंक्ति आज केवल पुस्तकों में है, जीवन में लगभग मृतप्राय हो गयी है।समाज से अपेक्षा है कि वह शिक्षक को वही स्थान दे जो किसी सैनिक, किसी डॉक्टर या किसी न्यायाधीश या प्रशासनिक अधिकारी को मिलता है,क्योंकि इन सभी के बनने की प्रक्रिया शिक्षक की कक्षा से ही शुरू होती है।

### प्राइवेट विद्यालयों में शिक्षक : एक बंधुआ विद्वान

सप्तम वेतन आयोग के बाद सरकारी विद्यालयों की स्थिति अपेक्षाकृत ठीक हुई है। सरकारी शिक्षक अब को न्यूनतम वेतन और स्थायित्व की अनुभूति तो मिलती है, लेकिन निजी विद्यालयों में, जो देश के अधिकांश शिक्षार्थियों की शिक्षा के केंद्र हैं, वहाँ शिक्षक की स्थिति त्रिशंकु जैसी है- न ऊपर है, न ज़मीन पर है। 90 प्रतिशत से अधिक निजी स्कूलों में शिक्षक 10,000-20,000 की सीमा में वेतन पाते हैं। कुछ बड़े शैक्षिक संस्थान वेतन बेहतर वेतन दे रहे हैं, परंतु इनमें से अधिकांश सप्तम वेतन आयोग आयोग के अनुरूप नहीं देते। इनका निश्चित वेतन नहीं है, कोई सेवाकाल सुरक्षा नहीं है और न ही कोई शिकायत सुनने वाला मंच है। मानो वे प्रबुद्ध शिक्षक नहीं, किसी फैक्टरी के संविदा कर्मचारी हों, जिन्हें कभी भी निकाल दिया जाने का डर सताता रहता है। इस भय और अल्प आर्थिक स्थिति में जीवन यापन कर रही प्रतिभा क्या शिक्षा की लौ जला सकती है?

### विकसित भारत की संकल्पना में शिक्षक की भूमिका

हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2047 में, जब भारत अपनी स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष मनाएगा, तब हम विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़े हों। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या श्रेष्ठ शिक्षित नागरिकों के बिना हम वहाँ तक पहुँच सकते है? विकसित राष्ट्र वही होते हैं जो अपने बच्चों को नहीं, उनके बचपन को शिक्षित एवं संस्कारित करते हैं और बचपन तक पहुँचने का एकमात्र पुल शिक्षक है। इसलिए यदि हम शिक्षक को ही उपेक्षित समझा जागा, तो यह पुल टूट जाएगा और उसके साथ टूटेगा विकसित भारत का सपना।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 ग्रेफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्पलेक्स, 82/68, गुरु गोविंद सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)